जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The Friend Called C...

Nina Mazuchelli just wanted to get closer to what she called the 'Indian Alps.' But her fellow traveller C had another agenda

The Battery Revolution Begins

Scoop Dreams

Irresistible Homemade Ice Cream recipes to beat the Summer Heat!

# विश्व सदमे में है, पहले अमेरिका द्वारा लगाये गये टैरिफ से और फिर टैरिफ प्रक्रिया को अचानक आगे खिसकाने से

## इस घटनाक्रम ने ट्रम्प की नीतियों की अनिश्चितता व अव्यवहारिकता पर से पर्दा हटा दिया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। ट्रंप के टैरिफ ने जब पूरी दुनिया और वित्तीय बाज़ारों को हिलाकर रख दिया है और ट्रंप ने इस नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाकर नेताओं से लेकर बाज़ार तक सभी को चौंका दिया है।

अब उतनी ही जल्दबाजी में उन्होंने रैसिप्रोकल टैरिफ का टाइम आगे खिसका दिया। उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया, जिससे बाज़ारों में थोड़ा उछाल आया। उन्होंने चीन को छोड़कर सभी देशों को टैरिफ में राहत दी।

इस पूरे घटनाक्रम ने ट्रंप प्रशासन की पूर्णतया अप्रत्याशित तथा अवास्तविक कार्यप्रणाली को उजागर कर दिया है। उनके करीबी अधिकारियों, जिसमें अमेरिका के वाणिज्य सचिव भी शामिल हैं, को भी इस बारे में जानकारी नहीं थी। ट्रंप प्रशासन की अनिश्चितता ने एक बार फिर बाज़ार को प्रभावित किया और बाज़ार का उछाल थम गया।

आखिर ऐसा क्या हुआ कि अपनी बहुचर्चित टैरिफ नीति को उन्होंने रोक दिया, क्योंकि यह साफ तौर पर पीछे हटना ही है।

- पर, ऐसा क्यों हुआ? अमेरिका के ट्रैज़री सैक्रेटरी स्कॉट बैसेंट ने ट्रम्प के निजी निवास पर जाकर, अमेरिका के ''बॉण्ड मार्केट'' की स्थिति से उन्हें अवगत कराया।
- जैसा कि विदित ही है, कोई भी सरकार अपने पुराने ऋण नहीं चुकाती, केवल नये ऋण लेकर, पुराने ऋण की प्रतीकात्मक अदायगी करती है। पर, अगर, सरकार के बॉण्ड्स मार्केट में ढीले पड़ जायें तो बाज़ार से नया ऋण उठाने का क्रम टूट सकता है।
- शायद स्कॉट बैसेंट ने यह स्थिति ट्रम्प के सामने उजागर की और इससे मंदी का दौर (डिप्रैशन) शुरु होने की आशंका जताई।
- 1930 के ''ग्रेट डिप्रैशन'' के दृश्यों को अमेरिका भूला नहीं है और ''डिप्रैशन'' बड़ा भयानक शब्द है अमेरिका वासियों के लिये।
- बैसेंट के संदेश व निष्कर्ष को अमेरिका के जाने-माने उद्योगपतियों व इकॉनमिस्टों ने ट्रम्प को सीधे लगातार फोन कर दोहराया और अन्त में ट्रम्प को अपने टैरिफ लगाने के प्लान को 90 दिन स्थगित करने का निर्णय लेना पड़ा।

ट्रंप ने जोर-शोर से दावा किया था कि उनकी ट्रेड वॉर नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। वे इस नीति को अवश्य ही लागू करेंगे। उन्होंने यह भी डींग मारी थी कि 75 से अधिक देशों ने उनसे विनती की है कि वे कोई समझौता करें और उनके बढ़े हुए टैरिफ से राहत दें।

उन्होंने हमेशा की तरह टैरिफ उपायों को लेकर शेखी बघारी। लेकिन, उनके आंतरिक सर्कल में सभी देशों पर एक साथ इतने कठोर उपाय लागू करने का आत्मविश्वास और भावना अब धीमी होती जा रही थी और अधिक व्यावहारिक सोच सामने आ रही थी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी ट्रेज़री सचिव स्कॉट बेसेंट, ट्रंप के निजी निवास पर पहुँचे, ताकि बाज़ार की स्थिति को लेकर उन्हें आगाह कर सकें। उन्होंने ज़ोर दिया कि अमेरिकी ट्रेज़री मार्केट में भारी गिरावट आई है और यही वह धुरी है, जिस पर संघीय सरकार की वित्तीय स्थिति घूमती है।

अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (सीएनएन) ने रिपोर्ट किया कि बुधवार को अमेरिकी संघीय सरकार के बॉन्ड ऑफर को वह प्रतिक्रिया नहीं मिली, जो सामान्यतः मिलती है।

टैरिफ से उत्पन्न उथल-पुथल के बाद, अमेरिका का सरकारी ऋण खरीदने वाले बड़े निवशकों में अब उतना उत्साह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल गांधी ने रणथम्भौर में टाइगर देखे

सवाई माधोपुर, 10 अप्रैल (निस)। लोकसभा विपक्ष के नेता व कांग्रेस नेता राहुल गांधी निजी यात्रा पर रणथम्भौर आए हुए हैं। उन्होंने आज सुबह और शाम की पारी में रणथम्भौर नेशनल पार्क में टाइगर सफारी कर बाघों की अठखेलियां देखीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से बुधवार को सीधे अहमदाबाद से फ्लाइट से जयपुर पहुंचे। जयपुर से सड़क मार्ग से देर रात करीब 10 बजे सवाई माधोपुर के रणथम्भौर पहुंचे। राहुल यहां रणथम्भौर के शेर बाग़ होटल में ठहरे हुए हैं।

राहुल गांधी ने पांच सितारा होटल शेरबाग़ में रात्रि विश्राम किया। गुरुवार सुबह और शाम की पारी में उन्होंने रणथम्भौर नेशनल पार्क का भ्रमण कर बाघों की अठखेलिया देखीं। इस दौरान राहुल गांधी ने बाघिन टी 84 एरोहेड व उसके शावकों की अठखेलियों को अपने कैमरे में भी कैद किया।

- राहुल ने सुबह और शाम दोनों पारी में जंगल का भ्रमण किया।

राहुल ने रणथंभौर के जोन नंबर दो में फिमेल टाइगर के दीदार किए। बाघिन व शावकों की अठखेलियां देख कर राहुल गांधी खुश हो गए। उल्लेखनीय है कि गांधी परिवार का रणथम्भौर से गहरा लगाव है। राहुल गांधी की बहन और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी अक्सर रणथम्भौर आती रहती हैं।

# अन्ततोगत्वा भारत को मिल ही गया तहव्वुर राणा

## 26/11 के मास्टर माइंड तहव्वुर को एन.आई.ए. ने पालम एयरपोर्ट से हिरासत में लिया

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। तहव्वुर राणा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड, को अमेरिका से भारत ला रहा विशेष विमान आज शाम दिल्ली में पालम एयरपोर्ट पर उतरा। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तहव्वुर हुसैन राणा को गुरूवार को यहां पहुंचने पर हिरासत में लिया और सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। अब उसे न्यायालय में पेश किया जायेगा। कई वर्षों की लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद यह दिन आया है।

तहव्वुर राणा की पहली तस्वीर भी सामने आ गई है। एनआईए ने उसकी तस्वीर जारी की है। वो बैक साइड से नज़र आ रहा है, उसका चेहरा नहीं दिख रहा है। उसके बाल पूरी तरह सफेद हो चुके हैं। राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतज़ाम कर लिए हैं। हालांकि, उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। एनआईए ने आज शाम को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उसने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार राणा के प्रत्यर्पण में सफलता हासिल कर ली है।

भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत शुरू की गई कार्यवाही के चलते राणा को अमेरिका में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। राणा ने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाए, पर उसे सफलता नहीं मिली, आखिरकार उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी हो गयी।

- तहव्वुर को भारत ला रहा विमान गुरुवार शाम नई दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा था।
- तहव्वुर को तिहाड़ जेल के हाई सिक्युरिटी सैल में रखा जाएगा। इसके लिए जरूरी तैयारी कर ली गई है।

वक्तव्य में कहा गया है कि कैलिफोर्निया के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने 16 मई 2023 को उसके प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। इसके बाद राणा ने नौवीं सर्किट कोर्ट ऑफ अपील में कई मुकदमे दायर किए, जिनमें से सभी को खारिज कर दिया गया। इसके बाद उसने एक रिट , दो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आपातकालीन आवेदन भी दायर किया, लेकिन उसे भी खारिज कर दिया गया। भारत द्वारा अंततः अमेरिकी सरकार से वांछित आतंकवादी के लिए आत्मसमर्पण वारंट प्राप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण कार्यवाही शुरू की गई।

एनआईए ने स्काई मार्शल, यूएसडीओजे की सक्रिय सहायता से प्रत्यर्पण प्रक्रिया पूरी की, इस दौरान, अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी का भी सहयोग लिया, जिसमें भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने मामले को अंजाम तक ले जाने के लिए अमेरिका में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ तालमेल किया।

राणा पर आरोप है कि उसने डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और नामित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (एचयूजेआई) के गुर्गों के साथ-साथ, पाकिस्तान स्थित अन्य षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर 2008 में मुंबई में हुए विनाशकारी आतंकवादी हमलों की साजिश रची थी। इन हमलों में कुल 166 लोग मारे गए और 238 से अधिक घायल हुए।

भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत, लश्कर ए तैयबा और एचयूजेआई दोनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है।

# गृह मंत्री चेन्नई पहुँचे

## उनकी यात्रा का मुख्य मकसद तमिलनाडु के नये प्रदेशाध्यक्ष का चयन है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। तमिलनाडु भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष अन्नामलाई द्वारा पद छोड़ने की इच्छा व्यक्त करने के बाद, राज्य में इस पद के लिए दौड़ तेज हो गई है। अब भाजपा की तमिलनाडु इकाई के इस सर्वोच्च पद पर कोई नया व्यक्ति ही आयेगा।

गुरुवार को भाजपा की राज्य एवं चेन्नई इकाइयाँ सक्रिय घटनाक्रम की साक्षी रहीं। दरअसल, केन्द्रीय गृहमंत्री तथा पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह राज्य के दौरे पर यहाँ आये थे। उन्होंने राज्य की राजनैतिक स्थिति का आकलन करन के लिये दिन पर राज्य के विभिन्न पार्टी नेताओं के साथ कई मीटिंग कीं। उन्होंने पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल सभी उम्मीदवारों से मुलाकात की।

पार्टी के इस अन्दरुनी मामले के अलावा, ऐसी आशा की जा रही है कि अमित शाह अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने के सिलसिले में भी बात करेंगे। ज्ञातव्य है कि अन्नाद्रमुक लोकसभा चुनावों से ठीक पहले गठबंधन से अलग हो गई थी, क्योंकि अन्नामलाई ने जयललिता सहित, अन्नाद्रमुक के शीर्षस्थ नेताओं पर निशाना साधते हुये, पार्टी की तीखी आलोचना की थी।

- अमित शाह ने दिन भर प्रदेश के भाजपा नेताओं से विचार-विमर्श किया, जिसका लक्ष्य राजनीतिक रणनीति तय करना था, अगले वर्ष तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिये।
- इसी क्रम में अमित शाह, अन्नाद्रमुक से चुनावी गठबंधन की योजना को संभवतः स्वीकृति भी देंगे।
- जैसा कि विदित ही है, तमिलनाडु में भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन टूट गया था, प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई द्वारा लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगाते रहने से। अन्नामलाई ने स्वर्गीय जयललिता को भी नहीं बख्शा था।
- दोबारा गठबंधन करने के लिए अन्नाद्रमुक की शर्त थी कि अन्नामलाई की जगह किसी नये व्यक्ति को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाये।

यद्यपि अन्नाद्रमुक ने फिर से गठजोड़ करने की इच्छा के संकेत दिये हैं, लेकिन समझा जाता है कि गठबंधन के लिये उसकी पूर्व शर्तों में से एक शर्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'बाल आयोग अध्यक्ष का कार्यभार आईएएस को क्यों सौंपा'

जयपुर, 10 अप्रेल। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य बाल आयोग के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार आईएएस अधिकारी को सौंपने पर मुख्य सचिव, संयुक्त बाल अधिकारिता सचिव, महिला एवं बाल विकास सचिव और आईएएस कुलदीप रांका को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने

- हाई कोर्ट ने आयोग की सदस्य संगीता गर्ग की याचिका पर नोटिस जारी किये।

यह आदेश आयोग की सदस्य संगीता गर्ग की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सत्यपाल चंदोलिया ने बताया कि संगीता बेनीवाल द्वारा इस्तीफा देने के कारण आयोग अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। राज्य सरकार ने गत 5 फरवरी को आदेश जारी कर इस पद का अतिरिक्त कार्यभार भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कुलदीप रांका को सौंप दिया। याचिका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या टैरिफ वॉर के कारण भारत को मजबूरन द्वितीय पीढ़ी के आर्थिक रिफॉर्म लागू करने पड़ेंगे?

## टैरिफ वॉर के कारण अमेरिका का मार्केट शायद भारत के उद्योगपतियों की पहुँच से बाहर हो जायेगा तथा भारत को विश्व में अन्यत्र मार्केट विकसित करने होंगे

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। माना जा रहा है कि अमेरिका की नई टैरिफ नीति, विशेष रुप से रैसिप्रोकल टैरिफ की 5 अप्रेल की घोषणा से भारत में सैकण्ड-जनरेशन रिफॉर्म्स (सुधारों) की शुरुआत हो सकती है। सुधारों की पहली बड़ी लहर तीन दशक पहले 1991 में आई थी। टैरिफ और ट्रेड पॉलिसीज़ से अक्सर राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक रणनीतियों में बदलाव आता है, और भारत के सामने, इस तरह के ग्लोबल परिवर्तन की प्रतिक्रिया में सुधारों को तेजी से बढ़ाने का अनोखा मौका है।

चूँकि, अमेरिकी टैरिफ का उद्देश्य घरेलू उद्योगों की रक्षा करना है, इसलिए भारत अपने घरेलू बाज़ार पर अधिक फोकस करने और अपने उद्योगों को मजबूत करने के लिए प्रेरित हो सकता है। इस परिदृश्य में भारत की सरकार, व्यापार करने की सुविधा को बढ़ाने, इन्फ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ करने और व्यवसायों के लिए रैगुलेटरी बोझ को कम करने की दृष्टि से सैकण्ड जनरेशन (दूसरी पीढ़ी के) सुधारों को आगे बढ़ा सकती है। ये प्रयास भारतीय कंपनियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करेंगे और विदेशी बाज़ारों पर निर्भरता को कम करेंगे। अमेरिका में प्रोटैक्शनिस्ट पॉलिसीज़ (संरक्षणवादी नीतियों) के बढ़ने से भारत अपने पारंपरिक पार्टनरों के अलावा और अन्य लोगों से ट्रेड पार्टनशिप कर सकता है। यदि अमेरिकी बाज़ारों पर निर्भरता अधिक महंगी हो जाती है तो भारत, एशिया, यूरोप और अफ्रीका के देशों के साथ ट्रेड एग्रीमैंट्स तेजी से आगे बढ़ा सकता है। यह बदलाव भारत को अधिक व्यापार -अनुकूल सुधार लागू करने के लिए प्रेरित कर सकता है। जैसे, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना और व्यापार में गैर - शुल्क बाधाओं को कम करना।

- इस नए मार्केट में सफल होने के लिए भारत को सैकण्ड जनरेशन रिफॉर्म्स लागू करने पड़ेंगे, जैसे, लेबर लॉज़ में लचीलापन, कृषि उत्पाद की श्रंखला को मजबूत करना और ''ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नैस'' को और मजबूत करना। जब तक यह नहीं करेंगे, भारतीय माल अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में जम नहीं पाएगा।
- ये रिफॉर्म्स शायद कालांतर में धीरे-धीरे भारत में आते, पर, टैरिफ वॉर से उत्पन्न स्थिति ने शायद भारत सरकार से धीरे-धीरे ''सैकण्ड जनरेशन रिफॉर्म्स'' लागू करने का विकल्प छीन लिया है, अब, तुरंत ही ये परिवर्तन करने होंगे।
- जैसा कि विदित ही है, ''फर्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स'' 1991 में, लगभग तीन दशक पहले लागू हुए थे।

बदलते ग्लोबल ट्रेड परिदृश्य के जवाब में भारत, इलैक्ट्रॉनिक्स, इस्पात और दवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को भी तेज कर सकता है।

इतना ही नहीं, भारत सरकार श्रम कानूनों, भूमि अधिग्रहण और टैक्सेशन में गहन सुधारों को आगे बढ़ा सकती है, ताकि भारतीय निर्माण क्षेत्र को अधिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भारत ने बांग्लादेश के ट्रक रोके

ढाका/नयी दिल्ली, 10 अप्रैल। भारत ने पश्चिम बंगाल सीमा से सटे बेनापोल लैंड पोर्ट चेक पोस्ट के रास्ते माल के साथ आ रहे बंगलादेश के चार ट्रकों को वापस भेज दिया है। यह कार्रवाई बंगलादेश को दूसरे देश में माल भेजने के लिए दी गयी ट्रांसशिपमेंट सुविधा रद्द किये जाने के एक दिन बाद

- ट्रांज़िट सुविधा वापस लेने का आदेश जारी होने के आगले दिन यह कार्यवाही की गई।

की गयी है। बंगलादेश के टीवी समाचार चैनल बीडी न्यूज 24 की रिपोर्ट के अनुसार, बंगलादेश के जेसोर जिले में बेनापोल पोर्ट के उप निदेशक रशीदुल साजिब नजीर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा मंगलवार को ट्रांसशिपमेंट सुविधा को रद्द करने के कारण पेट्रापोल कस्टम्स (भारतीय पक्ष) ने तीसरे देश के माल को अपने सीमा से ले जाने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

# 'मोदी सरकार बेवजह झूठी वाहवाही ले रही है तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिये'

## कांग्रेस नेता व पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम् ने दावा किया कि राणा को भारत लाने में मोदी सरकार की कोई भूमिका नहीं है, इस सफल ऑपरेशन का श्रेय, यूपीए सरकार द्वारा चुपचाप कूटनीतिक प्रयास जारी रखने को देना चाहिये

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। कांग्रेस ने 26/11 के आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय लेने की मोदी सरकार की कोशिशों की आलोचना की और कहा कि राणा को भारत लाने में एक लम्बी प्रक्रिया निहित है।

पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम् ने कहा, 10 अप्रैल 2025 को राणा का भारत में प्रत्यर्पण हो गया है। पर इसके पीछे की पूरी कहानी लोगों को बताई जानी चाहिए।

एक लिखित बयान में चिदंबरम् ने कहा, हालांकि मोदी सरकार राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय लेने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। पर, सच इससे भी कहीं बड़ा है। यह प्रत्यर्पण तकरीबन 15 साल के अथक कूटनीतिक, कानूनी व गुप्तचर प्रयासों का परिणाम है, जिसकी शुरुआत यू.पी.ए. सरकार ने की थी।

- चिदंबरम् ने कहा, क्योंकि मोदी सरकार राणा को भारत लाने के लिये बार-बार अपनी पीठ ठोक रही है, इस ऑपरेशन की सच्ची कहानी सार्वजनिक करना आवश्यक है।
- चिदंबरम् ने पूरी ''कहानी' सुनाते हुए बताया कि, तत्कालीन विदेश मंत्री, सलमान खुर्शीद, विदेश सचिव रंजन मथाई ने हैडली व राणा को भारत भेजने के लिए अमेरिका की विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन व अण्डर सैक्रेटरी वेण्डी शरमन से लगातार संपर्क व दबाव रखा था। जिसके कारण हैडली को 35 साल की सजा व राणा को भी अमेरिका में कैद रखने के आदेश निकले थे।
- इसके बाद भी कई अड़चनें आईं, पर, अमेरिका में भारत की राजदूत निरुपमा राव की भूमिका बहुत सराहनीय रही।
- अतः चिदंबरम् द्वारा प्रस्तुत कहानी के अनुसार, राणा को भारत लाने के श्रेय की असली हकदार यूपीए सरकार की कूटनीति है, न कि मोदी सरकार के प्रयास।

पूर्व गृह मंत्रीने कहा, प्रक्रिया की शुरुआत 11 नवम्बर 2009 को हुई थी, जब एन.आई.ए. ने दिल्ली में डेविड कोलमॅन हैडली (अमेरिकन नागरिक) और तहव्वुर राणा (मैनडियन नागरिक) व अन्य, जो 26/11 के षडयंत्र में शामिल थे, के खिलाफ केस दर्ज किया था।

उसी माह कैनडा के विदेश मंत्री ने भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग की पुष्टि की, जिसका श्रेय यूपीए सरकार की प्रभावशाली विदेश नीति को जाता है। चिदंबरम् ने बताया, एफ.बी.आई. ने 2 जून 2009 में तहव्वुर राणा को कोपनहैगेन में तैयबा की एक साजिश में सहयोग के आरोप में गिरफ्तार किया था। हालांकि राणा को कोर्ट ने जून 2011 में 26/11 में प्रत्यक्ष लिप्तता से बरी कर दिया था, पर अन्य आतंकी कृत्यों के लिए उसे आरोपी ठहराया गया और 14 साल की जेल हुई। यूपीए सरकार ने 26/11 की साजिश के आरोपों से उसे बरी किए जाने पर सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त की और कूटनीतिक दबाव बनाए रखा।

चिदंबरम् ने कहा, कानूनी झटके के बाद भी, यूपीए सरकार ने कूटनीति के कानूनी तंत्र के जरिए दबाव बनाए रखा। एक एलएटी के तहत परस्पर कानूनी सहयोग के फ्रेम वर्क के आधार पर एन.आई.ए. की तीन सदस्यीय टीम ने वर्ष 2011के अंत में तहव्वुर राणा से पूछताछ की थी। अमेरिका की सरकार ने भारत को महत्वपूर्ण सबूत दिए, जो दिसम्बर 2011 में प्रस्तुत एन.आई.ए. की चार्जशीट का अंग बन गए। यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## लाल किले और जामा मस्जिद पर बम की धमकी

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को पुलिस विभाग और सुरक्षा एजेंसियों के बीच हड़कंप मच गया। दरअसल, दिल्ली में स्थित ऐतिहासिक लाल किले और जामा मस्जिद को निशाना बनाकर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। इसके बाद

- पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया, जिसमें कुछ नहीं मिला। धमकी फर्जी साबित हुई।

सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत ही मौके पर पहुंच कर गहन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, जांच में कुछ भी नहीं मिला और ये धमकी फर्जी साबित हुई है। दिल्ली फायर सर्विस के एक अधिकारी ने गुरुवार को इस पूरी घटना के बारे में जानकारी दी है। अधिकारी ने कहा- ''हमने घटनास्थल पर दमकल का एक वाहन भेजा और वहां गहन तलाशी ली।

## विचार बिन्दु

''जीवन के अच्छे दिनों में कभी भी उन लोगों को ना भूले जो जीवन के बुरे दिनों में आपके साथ थे।'' - अरविन्द कटोच

# क्या गैर कानूनी सामग्री को अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार जैसा संवैधानिक संरक्षण है?

ब संविधान का विद्यार्थी यह भली भंति जानता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार भारत के प्रत्येक नागरिक को भारत के संविधान ने दिया है। कुछ ज्ञान प्राप्त करने के बाद उसकी समझ में यह भी आ जाता है कि अभिव्यक्ति का यह अधिकार निरंकुश नहीं हो सकता। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारन्टी दी जाने की व्यवस्था है। भारत के प्रथम प्राइम मिनिस्टर नेहरू निर्बाध अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरूद्ध थे। अत: संविधान का पहला संशोधन लाया गया, जिसके माध्यम से उचित प्रतिबंध जोड़कर, अभिव्यक्ति की निर्बाध स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया जो सार्वजनिक व्यवस्था के हेतु उचित माने गये तथा जो अपराध को भडकाने के बाबत हो। प्रथम संशोधन में मानहानि पर प्रतिबंध नहीं था, जब तक कथन से सार्वजनिक अव्यवस्था को खतरा न हो, अपराध को भडकाने की वजह न हो। किसी की मानहानि का अर्थ है उस व्यक्ति के यश को आघात पहुंचाना। व्यक्ति के लिये यश, सम्मान प्रोपर्टी का एक रूप है। व्यक्ति की प्रतिष्ठा उसकी सम्पत्ति के अधिकार जैसा है।

जिस शब्दावली के आधार पर वादी ने मानहानि का दावा किया है अथवा फौजदारी शिकायत याचिका दायर की है उसके हेतु उसे साबित करना होगा कि कथन झूठा है। मानहानि के दावे में कथन झूठा नहीं है, साबित करने का भार अभियुक्त पर है। यहां यह स्पष्ट करना भी आवश्यक है कि अपराध कारक शब्दों की सत्यता हर्जे के दावे के लिये अच्छा बचाव है, किन्तु आपराधिक कृत्य के हेतु नहीं है। व्यक्ति को साबित करना होगा कि कथन सत्य है, केवल अफवाह के आधार पर नहीं है, किन्तु यह कहना जरूरी है कि वह सार्वजनिक हित में है। यदि हम संविधान में कही गई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करें तो यह सही है कि यह स्वतंत्रता अक्षुण्ण नहीं है वह सार्वजनिक आर्डर, नीति के आधार, देश की अखण्ड़ता व स्वास्थ्य के नियमों के विरूद्ध नहीं हो। लोकहित के चरित्र हनन क्षम्य नहीं हो सकता। राजनेताओं पर मानहानि के केसेज बहुत होते हैं, किन्तु उनमें गम्भीरता नहीं है। जग दिखावा अधिक है। जेटली व केजरीवाल के केस अपनी अपनी परिस्थितियों के घेरे में सही हो सकते हैं। सार्वजनिक सभाओं, कार्यक्रमों में तथा चुनावी सभाओं में भाषणों के समय देखते हैं कि कैसी कैसी भद्दी गालियां बकी जाती हैं, इससे समाज के साधारण व्यक्ति पर असर पड़ता है, पीड़ा होती है कि हमारे स्तर में कितनी गिरावट आ गई है। क्या हम ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व में रहना चाहते हैं? सार्वजनिक हित, राष्ट्र की सुरक्षा आदि में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर हम कुछ अंकुश लगाना अवश्य ही चाहेंगे। समाज को सुधारना भी आवश्यक है। समाज भी सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। रेप में फांसी की सजा के उपरान्त भी रेप नहीं रूक रहे हैं। अत: सुधारने के नाम पर भी हम नये नये तरीके तलाश करने होंगे। लोक हित में चरित्र हनन क्षम्य नहीं हो सकता। व्यक्ति की गरिमा की रक्षा करना राज्य का धर्म है।

**यहां यह स्पष्ट करना भी आवश्यक है कि अपराध कारक शब्दों की सत्यता हर्जे के दावे के लिये अच्छा बचाव है, किन्तु आपराधिक कृत्य के हेतु नहीं है। व्यक्ति को साबित करना होगा कि कथन सत्य है, केवल अफवाह के आधार पर नहीं है, किन्तु यह कहना जरूरी है कि वह सार्वजनिक हित में है। यदि हम संविधान में कही गई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करें तो यह सही है कि यह स्वतंत्रता अक्षुण्ण नहीं है वह सार्वजनिक आर्डर, नीति के आधार, देश की अखण्ड़ता व स्वास्थ्य के नियमों के विरूद्ध नहीं हो। लोकहित के चरित्र हनन क्षम्य नहीं हो सकता।**

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1) में दिया है और अनुच्छेद 19(2) से (6) में उसे प्रतिबंधित किया है। अनुच्छेद 19(2) में राज्य को भारत की संप्रभुता तथा अखण्ड़ता, राज्य की सुरक्षा, विदेशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, लोक व्यवस्था, शिष्टाचार व सदाचार के हितों में या न्यायालय की अवमानना, मानहानि या अपराध उद्दीपन के संबंध में उचित कानून बनाकर इस अधिकार के प्रयोग पर युक्तियुक्त प्रतिबंध लगाने का अधिकार है।

भारतीय दण्ड़ संहिता की धारा 499 में मौखिक अभिव्यक्ति व लेख द्वारा अभिव्यक्ति में अन्तर नहीं है। यह फौजदारी कानून है। सिविल कानून के रूप में कोई कानून नहीं है। एक कानून है जो प्रेस पर लागू होता है। इसे प्रिवेन्शन ऑफ पब्लिकेशन ऑफ ऑब्जेकशनेवल मेटर एक्ट, 1976 के नाम से जाना जाता है।

लेखक ने अपने एक लेख में, जिसका शीर्षक ''क्या धारा 500 की मानहानि पर सजा अभिव्यक्ति के अधिकार का हनन करती है'' में लिखा था, ''धारा 500 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध का प्रावधान भारत गणतंत्र में संविधान के अनुच्छेद 19(क) के संदर्भ में मत अभिव्यक्त किया था वह संवैधानिक नहीं है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जब तक खण्ड़ (2) की भावना का अतिरेक नहीं करती तो उसे आपराधिक कृत्य मानना सर्वथा गलत है। आलोचना कितनी ही तीखी भी हो तो भी दण्ड़नीय नहीं हो सकती। मानहानि का अपराध तभी माना जावेगा जब शब्दावली ने स्थिति को भड़कीला बनाया हो। सर्वोच्च न्यायालय ने आरटीआई एक्ट की धारा 66(क) में जिसमें फेसबुक, ट्वीटर जैसे सोशल मिडिया पर कम्प्यूटर या मोबाईल फोन से आक्रामक व आपत्तिजनक झूठा या मानहानिकारक संदेश भेजना अपराध माना है, किन्तु सर्वोच्च न्यायालय ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अतिक्रमण माना है और अवैध करार दिया है। इससे स्पष्ट संकेत है कि धारा 500 भारतीय दण्ड संहिता का मानहानि का अपराध असंवैधानिक है। इसे चुनौती दी जा सकती है।

नये कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 356 में Defamation के अपराध के बाबत कहा गया है। परिभाषा के अनुसार उसमें 10 Explanation हैं उन्हें समझना आवश्यक है। पूर्व कानून में Defamation की परिभाषा धारा 499 में थी। 4 Explanation हैं और अपवाद हैं।

मिन्हाज मर्चेन्ट ने अपने एक लेख में जो दिनांक 03.04.2025 के अखबार दैनिक भास्कर में प्रकाशित हुआ, लिखा है कि ''बोलने की स्वतंत्रता तो है, लेकिन किस सीमा तक?'' में कुणाल कामरा ने एकनाथ सिंदे का नाम लिये बिना कहा है, कि उनके कथन को अनदेखी कर देना चाहिये। क्योंकि हमला जब तक स्पष्ट रूप से भडकाने वाला न हो उसे चर्चा का विषय नहीं बनाना चाहिये। कुणाल कामरा एक कॉमेडियन है उनका काम ही लोगों की मजाक उडाना है। मिन्हाज मर्चेन्ट का मानना है कि तथाकथित कथन किसी कानून का उल्लंघन नहीं करता।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सम्बन्ध में हमें संविधान के अनुच्छेद 105 की ओर भी ध्यान देना होगा। अनुच्छेद 105 संसद के सदनों, उनके सदस्यों तथा उनकी समितियों के अधिकारों, विशेषाधिकार आदि के बारे में उपबन्ध करता है। सांसदों को सदन में बोलने की आजादी है, उन्हें न्यायिक कार्यवाही से उन्मुक्ति है। सांसद के विरूद्ध न्यायिक कार्यवाही उनके विशेषाधिकार का उल्लंघन है। सर्चलाइट के मामले में सदस्यों को बोलने की पूर्ण स्वतंत्रता है। जहां साधारण नागरिकों के वाक् स्वातंत्रय पर अनुच्छेद 19(2) के अधीन बनाई गई विधि द्वारा अंकुश लगाया जा सकता है किन्तु सांसदों को न्यायालय की कार्यवाही से उन्मुक्ति है।

अमेरिका के अरबपति एलन मस्क की सोशल मीडिया साइट एक्स की ओर से भारत में सेंसरशिप के आरोपों के साथ दायर शिकायत पर केन्द्र सरकार ने हाईकोर्ट की कार्यवाही में यह जबाव दिया है कि गैर कानूनी सामग्री को अभिव्यक्ति की आजादी के मूल मौलिक अधिकार के बराबर संवैधानिक प्रोटेक्शन (संरक्षण) नहीं दिया जा सकता। डिजिटल अधिकारों और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये यह समय पर हस्तक्षेप करना निर्वाचित सरकार के हेतु आवश्यक है।

समय बदल रहा है, साइबर स्पेस में डिजिटल बदलाव के साथ साइबर संकट तेजी से बढ़ रहे हैं। हानिकारक जानकारी, नागरिकों पर विपरीत प्रभाव डाल रही है, इन्हें रोकना जरूरी है। सभी उपभोगकर्ताओं के डिजिटल अधिकारों की रक्षा आवश्यक है।

कई प्रकार के विवाद न्यायालयों में बढ़ेंगे। इन सब स्थितियों पर गम्भीरता से विचार करना है और ध्यान रखना है कि ''गैर कानूनी सामग्री को अभिव्यक्ति की आजादी का संरक्षण नहीं है।'' सुप्रीम कोर्ट में मामला लम्बित है जहां इस विषय में अन्तिम निर्णय होगा। पाठकों के समक्ष एक दृष्टिकोण रखा गया है। आशा है कानून नये रूप में नया सवेरा लेकर आयेगा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हमारा मौलिक अधिकार अक्षुण्ण रहेगा।

**सबको सन्मति दे भगवान!**

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश,**
**राजस्थान हाईकोर्ट**

# महिलाओं की शिक्षा के प्रेरणा पुंज ''ज्योतिबा फुले''



प्रो. मनोज कुमार बहरवाल

**विद्या बिना मति गयी, मति बिना नीति गयी**
**नीति बिना गति गयी, गति बिना वित्त गया**
**वित्त बिना शूद्र गये, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किये!**

ज्योतिबा फुले का यह ध्येय वाक्य मानव जाति के सांगोपांग विकास का मन्त्र है। व्यक्ति हो अथवा समाज या राष्ट्र अथवा विश्व सभी के सर्वंगीण विकास में ज्योतिबा फुले के यह विचार आज भी प्रासंगिक हैं। 11 अप्रेल 1827 को पुणे में एक व्यक्ति का जन्म हुआ जिसे महात्मा ज्योतिबा कहा गया। फुले नाम इस कारण पड़ा कि उनका परिवार फूल माली का काम करता था। वे सतारा से पूना आकर बसे थे। बाल्यकाल में ही आपकी माता जी का निधन हो गया। आपका पालन-पोषण एक बाई ने किया। आपने प्रारम्भिक शिक्षा मराठी माध्यम से की। कुछ विकट परिस्थितियों के कारण अध्ययन बीच में ही छोड़ना पड़ा। शिक्षा की लगन और महत्व के कारण 21 वर्ष की आयु में ज्योतिबा ने कुछ समय पहले तक मराठी में अध्ययन किया, बीच में पढाई छूट गई और बाद में 21 वर्ष की आयु में अंग्रेजी माध्यम से 7 कक्षा की पढाई पूरी की। इनका विवाह 1840 में सावित्री बाई से हुआ, जो बाद में स्व्यं एक प्रसिद्ध समाजसेवी बनीं। दलित और स्त्री शिक्षा के क्षेत्र फुले दम्पति ने बहुत काम किया और कर्मठता से समाज की सेवा की।

**विधवा महिलाओं का कल्याण :-** महात्मा जी ने मिलकर विधवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए अथक कार्य किया। इसके साथ ही किसानों की दयनीय दशा सुधारने और उनके कल्याण के लिए भी अथक प्रयास किये।

**महिला शिक्षा :-** स्त्रियों की शैक्षिणक दशा सुधारने और महिला शिक्षा उन्नयन के लिए फुले ने 1848 में एक पाठशाला का शुभारम्भ किया। यह भारत की प्रथम बालिका पाठशाला थी। तत्कालीन समाज इतना जड़ बुद्धि था कि इन लड़कियों को पढ़ाने के लिए अध्यापिका नहीं मिली तो उन्होंने कुछ दिन स्वयं यह काम करके अपनी पत्नी सावित्री फुले को इस योग्य बना दिया। कुछ लोगों ने आरम्भ से ही उनके काम में बाधा डालने की चेष्टा की, किंतु जब फुले आगे बढ़ते ही गए। तत्कालीन पुरातनपंथी समाज के लोगों ने उनके पिता पर दबाब डालकर पति-पत्नी को घर से निष्काषित करवा दिया। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत ! इस वाक्य का प्रतिबिम्ब रहे महात्मा फुले। थोड़े समय के लिए बालिका शिक्षा का कार्य अवरुद्ध रहा। परन्तु फुले ने हिम्मत नहीं हारी अपने अथक प्रयासों से उन्होंने शीघ्र ही उन्होंने एक के बाद एक बालिकाओं के तीन स्कूल ओर प्रारम्भ किये।

**भारतीय सन्त परम्परा के पक्षधर :-** भारत के सभी संतों की व्यक्तित्व और कृतित्व का गहन अध्ययन ज्योति बा ने किया और उन सभी ज्ञानात्मक पक्ष को सभी के सामने प्रस्तुत किया। संतों के दार्शनिक अध्ययन के बाद आपको यह तात्विक ज्ञान मिला कि जब ईश्वर के सामने सब नर-नारी समान हैं तो उनमें ऊँच-नीच का भेद क्यों होना चाहिए ?

निर्धन तथा निर्बल वर्ग को न्याय दिलाने के लिए ज्योतिबा ने 1873 में सत्य शोधक समाज की स्थापना की। आपकी निर्धनों के प्रति और निर्बलों के प्रति समाज सेवा की सच्ची भावना को देखकर 1888 में मुम्बई में एक सभा में आपको महात्मा की उपाधि से सम्मानित किया गया।

**पाखण्ड के विरोधी :-** ज्योति बा ने पुरोहित पंथी का विरोध किया ब्राहमणवाद का विरोध किया और इनके बिना ही शादी ब्याह करवाए और उनके इस कार्य को मुम्बई उच्च न्यायालय ने मान्यता प्रदान की। आपने बड़ी ही बुलन्द आवाज से बाल विवाह का विरोध किया और विधवा विवाह का समर्थन भी किया। आपने अनेक पुस्तकों जैसे कि गुलामगिरी, तृतीय रत्न, छत्रपति शिवाजी, राजा भोसला का पखड़ा, किसान का कोड़ा, अछूतों की कैफियत आदि-आदि। आपने किसानों के हित में संघर्ष किया और आपके अथक प्रयासों के कारण ही तत्कालीन सरकार ने 'एग्रीकल्चर एक्ट' पारित किया। धर्म, समाज और आडम्बरों के सत्य को वे समाज के सामने लेकर आए। फुले के शैक्षिणक संघर्ष और उनकी महिलाओं के प्रति दूरगामी दृष्टि को देखकर तत्कालीन ब्रिटिश भारत सरकार ने 1883 में आपको 'स्त्री शिक्षण के आद्यजनक' समान सूचक शब्दों से उनका सम्मान किया और उनके गौरव में वृद्धि की।

वर्तमान में भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर राजनैतिक और शैक्षिणक क्षेत्रों में महिलाएं जो नेतृत्व कर रहीं हैं यह सभी की प्रेरणा के पुन्ज महात्मा ज्योति बा फुले ही हैं। आइए आज के इस पावन जन्म जयंति के अवसर पर हम सभी महात्मा फुले से प्रेरणा लेते हुए महिला / बालिका शिक्षा और उनके सर्वंगीण विकास और कल्याण के लिए पूरे मनोयोग से संकल्प लें और सदैव महिलाओं के विकास और कल्याण के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक प्रयास करें। यही है हमारी और हम सभी की भारतीय संस्कृति। यही हमारी और आपकी तथा हम सभी की पहचान और शक्ति बने यही भाव हम सभी में जाग्रत हो। आप सभी को महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंति पर आप सभी को मंगलकामनाएं।

**प्रो. ( डॉ. ) मनोज कुमार बहरवाल**
**प्राचार्य, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर।**

# इंदिरा गांधी नहर में 20 अप्रैल के बाद कभी भी पूर्ण नहरबंदी

## बीकानेर संभाग के चारों जिलों के साथ ही जैसलमेर, बाड़मेर, नागौर, जोधपुर को भी इंदिरा गांधी नहर से पानी नहीं मिलेगा

**बीकानेर,** (निसं)। पश्चिमी राजस्थान के दर्जनभर जिलों की प्यास बुझाने वाली इंदिरा गांधी नहर में 20 अप्रैल के बाद कभी भी पूर्ण नहरबंदी हो सकती है। फरवरी महीने से नहर में सिर्फ पीने का पानी मिल रहा है, लेकिन अब ये पानी आना भी बंद हो जाएगा। इससे बीकानेर संभाग के चारों जिलों के साथ ही जैसलमेर, बाड़मेर, नागौर, जोधपुर को भी इंदिरा गांधी नहर से पानी नहीं मिलेगा। पूर्ण नहरबंदी से पहले जलदाय विभाग एक महीने तक जल आपूर्ति करने के लिए अपने जलाशय लबालब कर चुका है।

इंदिरा गांधी नहर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (प्रशासन) विवेक गोयल ने बताया कि 6 फरवरी से नहर में सिर्फ पीने का पानी दिया जा रहा है। आंशिक नहर बंदी के चलते सभी जिलों में पीने का पानी दिया जा रहा है। सिंचाई के लिए फिलहाल पानी नहीं दिया जा रहा है। किसान सिंचाई के लिए पानी का संग्रहण भी नहीं कर सकते। पूर्ण नहरबंदी 20 अप्रैल के बाद कभी भी हो सकती है। ऐसे में 30 दिन तक नहर में पानी नहीं आएगा। वर्तमान में सभी जिलों को पानी का संग्रहण करने के निर्देश हैं। सभी जिलों में जलदाय विभाग ने आवश्यक पानी का संग्रहण कर लिया है। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर, फलौदी, सीकर, झुंझुनूं में नहरबंदी का असर दिखाई देगा। इन जिलों को पीने का पानी इंदिरा गांधी नहर से मिलता है। श्रीगंगानगर को अधिकांश पानी भाखड़ा नहर से मिलता है। ऐसे में श्रीगंगानगर में संकट कम होगा। शेष जिलों में एक महीने में जल संकट आएगा। गर्मी के दिनों में ही किसानों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत नहीं होती। इस समय अधिकांश फसलों में पानी की जरूरत नहीं है। ऐसे में नहर बंदी अप्रैल-मई के बीच ही होती है। इस बार भी इसी अवधि में होगी।

- **पूर्ण नहरबंदी से पहले जलदाय विभाग एक महीने तक जल आपूर्ति करने के लिए अपने जलाशय लबालब कर चुका है**

पोंगडेम से आने वाला पानी पंजाब होते हुए राजस्थान आता है। दोनों ही राज्य अप्रैल और मई में नहर की मरम्मत का काम करते हैं। पूरे साल में जहां भी टूट-फूट होती है, वहां इसी अवधि में मरम्मत होती है। इसके अलावा पानी में जमा सिल्ट को भी इसी दौरान बाहर निकाला जाता है। आमतौर पर सभी जिलों में नहरबंदी के दौरान प्रशासन प्रति व्यक्ति पानी में कटौती करता है। अगर एक महीने का पानी संग्रहित है तो उसे डेढ़ महीने तक वितरित करने के हिसाब से पानी की कटौती होती है। ये कटौती ही जल संकट और आम लोगों में आक्रोश का कारण बनती है। जलदाय विभाग ये सोचकर कम पानी देता है कि नहर बंदी की अवधि बढ़ गई तो जनता की प्यास बुझाने के लिए पानी की आवश्यकता होगी।

बीकानेर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया ने उपभोक्ताओं से पानी की बचत और जल संरक्षण में योगदान की अपील की है। पेयजल से संबंधित समस्या के निदान के लिए कंट्रोल रूम 24 घण्टे लगातार कार्य करेगा।

विभाग की ओर से अवैध जल संबंध हटाने का अभियान 22 मार्च से आरम्भ है। अभियान के अंतर्गत अब तक 439 अवैध जल संबंध विच्छेद किए हैं। अभियान के अंतर्गत सभी सहायक अभियंता अपने क्षेत्र में नियमित रूप से अवैध जल संबंधों को चिह्नित कर रहे हैं। विभागीय निर्देशों की अनुपालना में अवैध जल संबंध पाये जाने पर एफआईआर कर दी जाएगी, जिसमें विभागीय संपत्ति को नुकसान करना तथा जल चोरी की मात्रा के आंकलन अनुसार शास्ती आरोपित की जाएगी।

# टोल को लेकर किसानों का प्रशासन से टकराव

## नजदीकी गांवों को टोल फ्री करने की मांग, 28 सितंबर 2025 के बाद टोल नहीं चलने देने की चेतावनी दी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के पदमपुर कस्बे में गुरुवार को पदमपुर-गंगानगर मार्ग पर स्थित 18 बीबी टोल नाका को लेकर स्थानीय किसानों और प्रशासन के बीच गतिरोध जारी है। नजदीकी गांवों को टोल मुक्त करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी अजीत गोदारा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में टोल एजेंसी, टोल संघर्ष समिति और पीडब्लूयूडी विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद थे। टोल संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि 28 सितंबर 2025 को टोल वसूली की अवधि समाप्त होने के बाद टोल को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि टोल शुल्क नियमों के अनुरूप लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अवधि पूरी होने के बाद सड़क का व्यापक सुधार कर राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार बेहतर सुविधाओं के साथ एक नया टोल नाका स्थापित किया जा सकता है। किसान नेता सुखबीर सिंह फौजी, लखविंदर सिंह, रामकुमार और दिलबाग सिंह ने टोल एजेंसी और पीडब्लूयूडी विभाग की कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि नियम-कायदों की अनदेखी की जा रही है। किसान नेताओं ने पदमपुर से जैतसर मार्ग की निर्माणाधीन सड़क और पदमपुर-गजसिंहपुर सड़क की खराब स्थिति का भी मुद्दा उठाया। एसडीएम अजीत कुमार गोदारा ने आश्वासन दिया है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुएकलेक्टर को रिपोर्ट भेज दी गई है। बैठक में थाना प्रभारी सुरेंद्र राणा, तहसीलदार दर्शन देवी, अति. प्रशासनिक अधिकारी सुखदेव सिंह, किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अनूपगढ़ में पारा 40 डिग्री पार पहुंचा


## चार दिन हीट वेव की चेतावनी

**अनूपगढ,** (निसं)। यहां गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले दो दिनों से दोपहर तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है। गर्मी के कारण मुख्य बाजार और गलियों में लोगों की आवाजाही कम हो गई है। स्थानीय मौसम विभाग ने अगले 3-4 दिनों में तापमान में और वृद्धि की चेतावनी दी है। विभाग ने हीट वेव को लेकर अलर्ट भी जारी किया है। मई-जून में इस क्षेत्र का तापमान 47-48 डिग्री तक पहुंच जाता है।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुरलीधर कुमावत के अनुसार, लगातार बढ़ती गर्मी और लू से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना, त्वचा का गर्म और सूखा होना हीट स्ट्रोक के लक्षण हैं।

ऐसी स्थिति में तुरंत छाया में जाकर शरीर को ठंडा करें और डॉक्टर से संपर्क करें। गर्मी से बचाव के लिए दोपहर 12 से 3 बजे तक बाहर न निकलें। हल्के सूती कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें। पर्याप्त मात्रा में पानी और ओआरएस का सेवन करें। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। बाहर का बासी या अधिक तला-भुना भोजन न खाएं। अस्पताल में पहले से ही गर्मी से प्रभावित पेट दर्द और दस्त के मरीज आने शुरू हो गए हैं।

## राशिफल शुक्रवार 11 अप्रैल, 2025



पंडित अनिल शर्मा

चैत्रमास शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, शुक्रवार विक्रम सम्वत 2082, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र दिन 3.10 तक, धुव्र योग सायं 7.45 तक, गरकरण दिन 2.11 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-मीन, गुरु-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।

आज रवियोग दिन 3.10 तक है। भद्रा रात्रि 3.22 से आरम्भ होगी। आज महात्मा ज्योतिबा फूले जयन्ती है। शिव दमनोत्सव चतुरदशी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7.45 तक, लाभ-अमृत 7.45 से 10.54 तक, शुभ 12.28 से 2.02 तक, चर 5.11 से सूर्यास्त तक


**राहूकाल:** - 10.30 से 12.00 तक सूर्योदय 6.11 सूर्यास्त 6.45

### मेष




स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### वृष



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मिथुन




घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधायें बडेगी। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा सम्भव है।

### सिंह




आर्थिक-वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अनुबन्ध प्राप्त होंगे।

### कन्या



व्यावसायिक सम्पर्क बनेगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा सम्भव है।

### तुला




व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों को भाग-दौड रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है

### वृश्चिक




आर्थिक-वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच विचार हो सकता है।

### धनु




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता-सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अथितियों का आगमन रहेगा।

### मकर




व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर परिवार में धार्मिक सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं।

### कुंभ



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### मीन



परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मनोरंजन मौजमस्ती के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# जयपुर मेट्रो फ़ेज़-2 की डी.पी.आर. भविष्य की जरूरत देखते हुए बनाई जाये : भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को मेट्रो कॉरिडोर फेज-2 की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी सहित जयपुर मेट्रो से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- मुख्यमंत्री ने जयपुर मेट्रो-फेज 2 की बैठक में कहा, ''आमजन की सुगमता को देखते हुए निर्धारित करें मेट्रो का रूट''
- 'मेट्रो विस्तार से जयपुर में यातायात प्रबंधन को मिलेगी मजबूती'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो फेज-2 की डीपीआर में प्रस्तावित सीतापुरा से अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर तक भविष्य की आवश्यकता तथा आमजन की सुगमता को देखते हुए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएं।

उन्होंने कहा कि जयपुर एक ऐतिहासिक और तेजी से बढ़ता शहर है और मेट्रो का विस्तार यहां की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुरवासियों के लिए सुगम एवं अत्याधुनिक परिवहन तंत्र विकसित किया जाए जिससे जयपुर स्मार्ट सिटी की दिशा में देशभर में मॉडल शहर बने। शर्मा ने कहा कि मेट्रो फेज-2 के तहत प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आकलन किया जाये ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मेट्रो की डीपीआर में प्रस्तावित रूट, अनुमानित लागत, परियोजना की व्यवहार्यता तथा वित्तीय मॉडल की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना में आमजन की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए रूट का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि मेट्रो स्टेशन ऐसे स्थानों पर बनाए जाएं जो आम लोगों की पहुंच में हों, और इसके साथ-साथ रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के नजदीक मेट्रो स्टेशन बनाया जाना सुनिश्चित करें जिससे मेट्रो की उपयोगिता अधिकतम हो। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी सहित जयपुर मेट्रो से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भरतपुर में खननकर्ताओं पर 180 करोड़ रु. का जुर्माना

- अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 339 कार्रवाई में 168 वाहन मशीनरी जब्त
- उदयपुर, जोधपुर, जयपुर, भीलवाड़ा सहित अन्य स्थानों के साथ ही भरतपुर जिलें में की कार्रवाई

**जयपुर।** राज्य के माइन्स विभाग द्वारा राज्यभर में कार्रवाई जारी है। उदयपुर, जोधपुर, जयपुर, भीलवाड़ा सहित अन्य स्थानों के साथ ही भरतपुर जिलें में पहाड़ी तहसील के खनन क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक स्थानों/खानों पर औचक कार्रवाई कर खननकर्ताओं पर 180 करोड़ रुपए का जुर्माना लगया है। माइन्स विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान खननकर्ताओं द्वारा रवन्नाओं के दुरुपयोग, बिना रवन्ना के खनिजों का अवैध निगर्मन, अवैध खनन व गैप एरिया में अवैध खनन करना पाया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा समय समय पर विभागीय समीक्षा बैठकों के दौरान और गत 2 अप्रेल को आयोजित खान विभाग की समीक्षा बैठक में अवैध खनन गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के निर्देश देते रहे हैं। विभाग द्वारा 2 अप्रेल से 9 अप्रेल के दौरान में अवैध खनन, खनिज परिवहन और खनिज भण्डारण के विरुद्ध 339 कार्रवाई करते हुए 168 वाहन मशीनरी जब्त की है।

इस दौरान समूचे प्रदेश में 24 हजार 950 टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया है वहीं अलग अलग पुलिस थानों में 43 एफआईआर दर्ज कराई गई है और 26 गिरफ्तारी हुई है। एक करोड़ 97 लाख रुपए का जुर्माना वसूल कर राजकोष में जमा कराया गया है।

निदेशक माइन्स दीपक तंवर ने बताया कि विभाग की विशेष टीम ने भरतपुर जिले की पहाड़ी तहसील के छपरा, घौलेट और नांगल आदि गांवों की एक दर्जन से अधिक खानों के मुआयना के दौरान व्यापक स्तर पर अनियमितता पाये जाने पर अवैध खनन का आकलन कर 180 करोड़ रुपए से अधिक की शास्ति लगाई गई है। इनमें पहाड़ी के छपरा गांव में 3 स्थानों, ग्राम धौलेट में 5 स्थानों और नांगल ग्राम के 6 स्थानों पर खानधारकों द्वारा रवन्नाओं के दुरुपयोग, बिना रवन्ना के खनिज निगर्मन और गेप एरिया में अवैध खनन के मामलें सामने आये हैं। विभाग द्वारा अवैध खनन का अलग अलग आकलन कर सब पर अलग अलग कुल मिलाकर 180 करोड़ रु. की शास्ति लगाई है।

# केन्द्र सरकार की प्रदेश को विशेष सौगातें, मुख्यमंत्री ने आभार जताया

- राष्ट्रीय राजमार्ग-458 के रायपुर-जस्सा खेड़ा खंड से सड़क निर्माण के लिए 394.03 करोड़ रुपये स्वीकृत
- रामदेवरा से पोकरण के बीच भैरव गुफा एवं कैलाश टेकरी होकर नई रेल लाइन स्वीकृत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में सड़क एवं रेल कनेक्टिविटी को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा दी गई स्वीकृतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है। केन्द्र सरकार द्वारा दी गई इन विशेष सौगातों से प्रदेश में रेल एवं सड़क तंत्र सुदृढ होगा तथा आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने राजस्थान में 394.03 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-458 के रायपुर-जस्सा खेड़ा (लंबाई 7.95 किमी, पैकेज-2) खंड से पेव्ड शोल्डर एलिवेटेड संरचना के साथ 2-लेन के निर्माण की स्वीकृति दी है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-58 के जंक्शन से लाडनू में शुरू होकर जस्सा खेड़ा तक जाता है। इस खंड के विकास के बाद भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की यात्रा 38 किमी कम हो जाएगी तथा इससे बर और पिपलिया कलां औद्योगिक पार्क से कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इस परियोजना में टॉडगढ़-रावली वन्यजीव अभयारण्य में आने वाले 7.95 किमी खंड पर एलिवेटेड संरचना का निर्माण भी किया जाएगा। वहीं, केन्द्र सरकार की ओर से प्रदेश में रामदेवरा से पोकरण के बीच भैरव गुफा एवं कैलाश टेकरी होकर नई रेल लाइन की स्वीकृति मिली है। इससे बीकानेर और जोधपुर से जैसलमेर की रेल यात्रा में लगभग 45 मिनट की बचत होगी।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर शुभकामनाएं

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती (11 अप्रेल) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने गरीब, पिछड़े, दलित एवं शोषित वर्ग के उत्थान तथा सामाजिक जड़ताओं व कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने महिलाओं के कल्याण व महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में भी अहम योगदान दिया। समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष के प्रति समर्पण के कारण उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई।

# वक्फ संशोधनों के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का आंदोलन




तहफ्फुज-ए-औकाफ राजस्थान की अगुवाई में ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले जयपुर स्थित मुस्लिम मुसाफ़िरख़ाने में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

**जयपुर।** संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक के ख़िलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। बोर्ड ने इन संशोधनों को इस्लामी परंपराओं, धार्मिक स्वतंत्रता, सामाजिक सौहार्द और भारतीय संविधान के विरुद्ध बताया है। बोर्ड का कहना है कि वक्फ संपत्तियों पर सरकार द्वारा किए गए हालिया संशोधन मुस्लिम समुदाय के अधिकारों और धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर सीधा हमला हैं। राजस्थान में इस आंदोलन की अगुवाई तहफ्फुज-ए-औकाफ राजस्थान द्वारा की जा रही है। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले राजधानी जयपुर स्थित मुस्लिम मुसाफ़िरख़ाने में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि जिस तरह किसानों के खिलाफ लाए गए कृषि कानूनों को व्यापक विरोध के बाद सरकार को वापस लेना पड़ा था, उसी प्रकार वक्फ संशोधनों के खिलाफ भी व्यापक और लोकतांत्रिक विरोध किया जाएगा। वक्ताओं ने वक्फ संशोधनों को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि इसे बिना संवाद और विचार-विमर्श के पारित किया गया है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

राजस्थान में आंदोलन के कन्वीनर और जमात-ए-इस्लामी हिंद राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद नाज़िमुद्दीन ने बताया कि 10 अप्रैल से 7 जुलाई तक 'वक्फ बचाओ' अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान गली-मोहल्लों से लेकर जिला मुख्यालयों तक विरोध प्रदर्शन, जनजागरूकता सभाएं, पदयात्राएं और सोशल मीडिया अभियानों का आयोजन किया जाएगा।

# सेवा में नियमित मानते हुए पेंशन परिलाभ देने के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने करीब 35 साल की सेवा में बाद दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के तौर पर पांच साल पहले रिटायर हुए कर्मचारी को 10 अप्रैल, 2006 की कट ऑफ डेट से नियमित मानते हुए उसे समस्त पेंशन परिलाभ देने के आदेश दिए हैं। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश डीके शर्मा की ओर से 20 साल पहले दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि अन्य कर्मचारियों की तरह याचिकाकर्ता को साल 2006 में ही नियमित कर दिया जाना चाहिए था।

याचिका में अधिवक्ता हितेश बागड़ी ने बताया कि याचिकाकर्ता चिकित्सा विभाग, कोटा में साल 1985 में एलडीसी पद पर दैनिक वेतनभोगी के तौर पर लगा था। तय प्रोजेक्ट पूरा होने पर उसे उसी साल हटा दिया गया। वहीं बाद में लेबर कोर्ट के आदेश पर उसे पुनः सेवा में लिया गया। याचिकाकर्ता ने विभाग में प्रार्थना पत्र पेश कर उसे नियमित करने की गुहार की, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया। वहीं याचिका के लंबित रहने के दौरान राज्य सरकार ने 27 फरवरी, 2009 को अधिसूचना जारी कर प्रावधान किया कि 10 अप्रैल, 2006 तक दस साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों नियमित किया जाएगा। इसके बावजूद भी उसे नियमित नहीं किया गया। जबकि वह सीएमएचओ की ओर से जारी सूची में भी शामिल था। वहीं साल 2020 में वह दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के तौर पर ही रिटायर हो गया।

इसका विरोध करते हुए विभाग के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को प्रोजेक्ट विशेष के लिए लिया गया था और प्रोजेक्ट पूरा होने पर उसे हटाया गया। वहीं उसे कोर्ट की दखल के बाद वापस सेवा में लिया गया। सीएमएचओ ने भी गलत व्याख्या कर उसे सूची में शामिल किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को कट ऑफ डेट से नियमित मानते हुए पेंशन परिलाभ देने को कहा है।

# शादी का झांसा देकर देह शोषण करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर, द्वितीय ने युवती को शादी का झांसा देकर उसका दो साल तक देह शोषण करने वाले अभियुक्त सुनील कुमार को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पीठासीन अधिकारी राजवीर सिंह ने अभियुक्त पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरुण जाटावत ने बताया कि घटना को लेकर पीडिता ने 16 जनवरी, 2019 को करणी विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा कि शहर के पुस्तकालय में उसकी पहचान अभियुक्त से हुई थी। इस दौरान अभियुक्त ने उसे अविवाहित बताते हुए शादी का झांसा दिया। अभियुक्त ने उसे होटल ले जाकर संबंध बनाए। वहीं बाद में गर्भवती होने पर उसका गर्भपात भी कर दिया। इसके बाद कुछ माह पहले अभियुक्त ने उसे एक फ्लैट में रखकर आए दिन देह शोषण किया। इस दौरान उसे पता चला कि अभियुक्त विवाहित है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि पीडिता उसकी मां के फ्लैट में रह रही है। जब उसने फ्लैट खाली कराने के लिए कहा तो पीडिता ने उसे हड़पने की नीयत से झूठा मामला दर्ज करा दिया। पीडिता अभी भी उसी फ्लैट में रह रही है और उनका किराया अधिकरण कोर्ट में मुकदमा भी लंबित है।

# पी.डब्ल्यू.डी. का इंजीनियर निकला करोड़ों रुपये की संपत्ति का मालिक

-कार्यालय संवाददाता-




आरोपी हरिप्रसाद मीणा के घर मिली ऑडी कार।



आरोपी हरिप्रसाद मीणा

- एक्सईएन हरिप्रसाद मीणा के जयपुर और दौसा सहित 5 ठिकानों पर एसीबी ने छापेमारी की

प्रारंभिक जांच में कई बेनामी संपत्तियां, कई लग्जरी गाड़ियां, यूनिक एम्पोरिया और यूनिक न्यू टाउन अपार्टमेंट्स में तीन महंगे फ्लैट, दौसा के बगड़ी गांव में फार्म हाउस, विदेश यात्राओं और लग्जरी होटलों में ठहरने का ब्यौरा मिला है।

इसके अलावा 19 बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिनमें करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है। ए.सी.बी. टीम ने मौके से दस्तावेज, पासबुक, प्रॉपर्टी डील, डिजिटल डेटा आदि जब्त किया

अधिशाषी अभियंता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की मिली थी शिकायत, पूछताछ में और भी कई खुलासे होने की आशंका है।

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) हरिप्रसाद मीणा के जयपुर और दौसा सहित पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। एसीबी के मुताबिक मीणा पर आय से लगभग 200 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। टीम ने कई दस्तावेज, पासबुक, प्रॉपर्टी डील, डिजिटल डेटा आदि को जब्त किया है।

पुलिस महानिदेशक एसीबी रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड दूदू जिला जयपुर में पोस्टेड एक्सईएन हरिप्रसाद मीणा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। जिस पर गुरूवार की सुबह एक्सईएन के 5-6 ठिकानों सर्च किया जा रहा है। इनमें दूदू के गांव बगड़ी और जगतपुरा में उसके घर सहित ऑफिस में भी एसीबी के अधिकारी सर्च कर रहे है। एसीबी की प्रारंभिक जांच में हरिप्रसाद मीणा के पास कई बेनामी संपत्तियां और लग्जरी सुविधाएं सामने आई हैं। दो ऑडी कारें, एक स्कॉर्पियो, फोर्ड एंडेवर एसयूपी और रॉयल एनफील्ड बाइक, यूनिक एम्पोरिया और यूनिक न्यू टाउन अपार्टमेंट्स में तीन महंगे फ्लैट, दौसा के बगड़ी गांव में एक फार्म हाउस, विदेश यात्राओं और लग्जरी होटलों में ठहरने का भी ब्यौरा मिला है। इसके अलावा 19 बैंकों में खाते हैं। जिनमें करोड़ों के लेनदेन की जानकारी भी सामने आई है। साथ ही बैंकों से लिए भारी लोन को भी कम समय में चुकाने की जानकारी सामने आई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र कुमार ने बताया कि सर्च में एक्सईएन के यहां कई एग्रीकल्चर जमीनों के भी दस्तावेज भी मिले हैं। मीणा ने विदेश यात्राओं और महंगी होटलों में रुकने में करीब 45 लाख रुपए भी खर्च किए हैं। साथ ही एक्सईएन ने जयपुर के अलावा दौसा में भी जमीनों में इन्वेस्ट किया है। उसने लालसोट में एक लग्जरी फार्म हाउस भी बना रखा है। आरोपी और परिवारजनों के करीब 19 बैंकों में खाते हैं जिन से करोड़ों का लेनदेन हुआ है। एक्सईएन ने सरकारी नौकरी में आने से अब तक करीब चार करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जमा की है। जो कि जो कि उनकी आय से करीब 200 प्रतिशत अधिक है। फिलहाल आरोपी एक्सईएन से उसके जगतपुरा स्थित घर पर पूछताछ की जा रही है और पूछताछ में और भी कई खुलासे हो सकते हैं।

कुमार ने बताया कि आरोपित हरिप्रसाद मीणा की आय, पद और उनके द्वारा अर्जित संपत्तियों के बीच बड़ा असंतुलन है। सभी दस्तावेजों की जांच जारी है। बहुत जल्द आय से अधिक संपत्ति का पूरा मूल्यांकन कर केस दर्ज किया जाएगा। यदि जांच में संपत्तियों की पुष्टि होती है और स्त्रोतों का संतोषजनक जवाब नहीं मिलता तो एसीबी जल्द ही मीणा की गिरफ्तारी कर सकती है।

## भारत निर्वाचन आयोग के प्रशिक्षण कार्यक्रम ने गति पकड़ी

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने देश भर में जमीनी स्तर तक चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने के व्यापक अभियान की शुरुआत कर दी है। इस क्रम में आयोग के प्रशिक्षण संस्थान इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली में पश्चिम बंगाल के 231 चुनाव अधिकारियों के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को आरम्भ हुआ। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने चुनावी प्रक्रिया में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी।

# कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती में बोनस अंक का लाभ नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने तकनीकी शिक्षा विभाग में कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती-2024 में अनुभव के आधार पर बोनस अंक का लाभ नहीं देने पर राज्य सरकार, तकनीकी शिक्षा विभाग और कर्मचारी चयन बोर्ड से जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश किशोर कुमावत व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रघुनंदन शर्मा ने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 11 मार्च, 2024 को तकनीकी शिक्षा के 13 ट्रेड के लिए 1821 पदों पर भर्ती निकाली। भर्ती में अनुभव के आधार पर बोनस अंक देने का प्रावधान ही नहीं रखा गया है। जबकि याचिकाकर्ता लंबे समय से तकनीकी शिक्षा विभाग में गेस्ट फैकल्टी और संविदा पर काम कर रहे हैं। याचिका में कहा गया कि चिकित्सा और शिक्षा सहित अन्य विभागों की भर्तियों में अनुभव के आधार पर बोनस अंक देने का प्रावधान है। इसके बावजूद इस भर्ती में याचिकाकर्ताओं को बोनस का लाभ नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में याचिकाकर्ताओं को बोनस अंकों का लाभ दिया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## अनुभव प्रमाण पत्र की जांच कर नियुक्ति देने के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चिकित्सा विभाग को कहा है कि वह नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में याचिकाकर्ताओं के अनुभव प्रमाण पत्र की जांच कर उन्हें समस्त परिलाभ सहित नियुक्ति दे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश धीरज शर्मा सहित करीब दो दर्जन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में आवेदन किया था। उनके पास विभाग की ओर से जारी अनुभव प्रमाण पत्र भी है। वहीं विभाग की ओर से जारी अंतरिम चयन सूची में याचिकाकर्ताओं को शामिल किया गया, लेकिन बाद में अंतिम मेरिट लिस्ट से उनका नाम हटा दिया गया।

# सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी का भाव ही भारत माता की सच्ची सेवा : निम्बाराम

- राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रदेश कार्यकारिणी बैठक जयपुर में संपन्न

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान जयपुर में संपन्न हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं मां भारती के चित्रों के समक्ष माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ।

संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि बैठक में तीन सत्र आयोजित हुए। प्रथम सत्र में संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की चर्चा, समीक्षा तथा आगामी सत्र के लिए निर्धारित पंचांग की जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम का पाथेय प्राप्त हुआ एवं तृतीय सत्र में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का उद्बोधन हुआ।

प्रथम सत्र में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने सभी कार्यकर्ताओं को नववर्ष 2082 की मंगलमय शुभकामनाओं के साथ पिछले वर्ष 225637 सदस्यता के कीर्तिमान स्थापित करने के लिए एवं पिछले सत्र के प्रधानाचार्य संवाद कार्यक्रम, महिला विचार गोष्ठियों में 10 हजार से अधिक महिला शिक्षकों की सहभागिता, अभ्यास वर्गों के आयोजन की अभूतपूर्व सफलता के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने 14 अप्रैल को समरसता दिवस एवं 18 जुलाई को गुरु वंदन कार्यक्रम पर प्रत्येक उप शाखा के प्रत्येक पीईईओ स्तर पर विचार गोष्ठी के आयोजन की बात रखी। उन्होंने सदस्यता अभियान के पूर्ण कार्यक्रम को विस्तार से कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा एवं इस बार सदस्यता 3 लाख पार करने की बात कही। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान 1 मई से 14 मई के मध्य चलेगा।

प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम ने कार्यकर्ताओं से समय का पालन करने और सदस्यता अभियान में संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हमें संगठन के कार्यों को पूर्ण करने के साथ-साथ शिक्षक के रूप में भी विद्यार्थियों और समाज के प्रति अपने दायित्व को शत प्रतिशत पूर्ण करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से अध्यापन के साथ-साथ विद्यार्थियों के पंचकोषीय मन, शरीर, आत्मा, बुद्धि और वृत्ति के विकास की बात कही।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि आज हमारे समाज के प्रत्येक कार्य में पुरुष एवं महिलाओं दोनों का समान योगदान है। अतः संगठन की प्रत्येक इकाई में महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं से सदैव सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी का भाव मन में रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय सबसे बड़ा ही नहीं बल्कि एक जीवंत और सतत संगठन है। अतः हमारी सोच सबको साथ लेकर चलने वाली होनी चाहिए। संगठन में प्रत्येक स्तर पर उचित सामाजिक प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

# पंचायत समिति की मांग को लेकर राजसमंद का कुंवारिया कस्बा दूसरे दिन भी बंद रहा

## तहसील कार्यालय पर ग्रामीणों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा

**राजसमन्द,** (निसं)। जिले में कुंवारिया कस्बे को पंचायत समिति का दर्जा दिलाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी ग्रामीणों और व्यापारियों ने बाजार पूरी तरह बंद रखे और तहसील कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों में स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी, युवा और महिला संगठनों के प्रतिनिधि के अलावा ग्रामीण शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार सुबह से ही तहसील कार्यालय परिसर में लोग बारी-बारी से धरने पर बैठते रहे और आंदोलन की अगली रणनीति तैयार करते रहे। व्यापारियों ने पूर्ण बाजार बंद रखकर समर्थन जताया। आवश्यक सेवाओं को भी सीमित समय के लिए खोला गया। कुंवारिया बाजार के पूरी तरह बंद रहने से आस-पास के गांवों से आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खरीदारी के लिए आए लोगों को न दवा की दुकानें मिलीं और न ही दैनिक उपयोग की वस्तुएं। शुक्रवार को भाजपा से पंचायत समिति सदस्य कुसुम तातेड सहित 1100 भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक इस्तीफा देने की तैयारी की



कुंवारिया कस्बे को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर बाजार बंद रहे।

जा रही है। कुंवारियां के हक की लड़ाई में सहयोग देते हुए गुरूवार को दूसरे दिन भी बंद का समर्थन किया। पंचायत समिति की मांग को लेकर व्यापारियों व आमजन ने किस प्रकार से कुंवारिया बंद का समर्थन किया उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुंवारिया में चाय की थड़ी, पान की दुकान से लेकर बड़े व्यापार प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे।

धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे पूर्व प्रधान भानू पालीवाल ने भी कुंवारिया के आमजन की मांग का समर्थन करते हुए मांग को जायज बताया। उन्होंने कहा कि दो दशक से स्थानीय लोगों की चली आ रहीं मांग को पूरा करना चाहिए। क्योंकि पंचायत समिति बनने के लिए तय मापदण्ड कुंवारिया कस्बे में उपलब्ध होने के बाद भी नंजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुंवारिया पंचायत समिति बनेगी तो क्षैत्र के काश्तकारों, ग्रामीणों व आमजन को काफी राहत मिलेगी। भाजपा मीरा मण्डल के

■ **भाजपा से पंचायत समिति सदस्य कुसुम तातेड़ सहित 1100 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक इस्तीफा देने की तैयारी की जा रही है**

प्रतिनिधि सदस्य कालुसिंह राठौड़ ने भी ग्रामीणों की वाजिब मांग का समर्थन किया।

धरना प्रदर्शन में कुंवारिया प्रशासक ललित श्रीमाली, उपसरपंच सुरेश जाट, फियावडी प्रशासक सुरेशचन्द्र चौधरी, पंसस कुसम तातेड, विजय गुर्जर, घाटी उपसरपंच विजय प्रकाश सनाढ्य, सर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष गिरिराज मूंदडा, महामंत्री यशवंत पीपाडा, पूर्व सरपंच दौलत सिंह शक्तावत, पूर्व पंसस मुकेश शर्मा, कालूराम जाट, डालचंद कुमावत, पूर्व उपसरपंच रमेश कीर, गोवर्धनदास वैष्णव, बद्रीलाल कीर आदि सहित दर्जनों लोगों ने विचार व्यक्त किए।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 56 लाख की धोखाधड़ी

## बड़ा रिर्टन दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी करते थे, सायबर टीम ने कार्रवाई की, दो गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। स्टॉक मार्केट में निवेश कर अच्छा रिर्टन का प्रलोभन देकर फरियादी से धोखाधड़ी के मामले में सायबर टीम ने कार्रवाई करते हुए 56 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 22 नवम्बर 2024 को परिवादी आशीष शर्मा ने रिपोर्ट दी कि अक्टूबर महीने में उन्हें वाट्सअप पर स्टॉक मार्केट ग्रेट रीच क्लब नाम के ग्रुप से जोड़ा गया। परिवादी ने रिपोर्ट में कहा कि उक्त ग्रुप में प्रक्षाल गंगवाल नामक एक प्रोफेसर और उसकी सहायक आरोही शर्मा है। परिवादी ने कहा कि ग्रुप में उन्होंने उन शेयरों के नाम बताये जो अपर सर्किट में है और गांरटी दी कि उनकी कंपनी के माध्यम से निवेश के छह माह के भीतर 200 प्रतिशत लाभ मिलेगा। उनके द्वारा मोबाइल एप्लिकेशन बल्क एफएस प्रो डाउनलोड करने का सुझाव दिया और निवेश करने के लिये कहा। परिवादी ने कहा कि बाद में एहसास हुआ कि उसके साथ 56,13,190 रूपये की धोखाधड़ी हुई है।

शहर एसपी ने कहा कि परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये विशेष टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि



ठगी के आरोपियों को सायबर टीम ने गिरफ्तार किया।

सायबर टीम ने मामले में कार्रवाई की तो मामले में सामने आया कि अज्ञात शतिर सायबर ठगों द्वारा फरियादी को स्टॉक मार्केट में निवेश कर अच्छा रिर्टन का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी की है। सायबर टीम ने बैंक खातों का रिकॉर्ड, मोबाइल नम्बरों का रिकार्ड व तकनीकी अनुसंधान करते हुए मामले में सामने आया कि जिला सूरत के जहांगीरपुरा निवासी रोहन हरिहर देसाई (40) एवं जिला सूरत निवासी अब्दुल रहमान हीरानी (27) द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सायबर ठगी की राशि को अपने खातों में डलवाकर यू.एस.डी.टी. में बदलकर विदेशों में भेजता था।

शहर एसपी ने बताया कि जिस पर सायबर टीम को सूरत भेजा गया और आरोपियों की तलाश कर सूरत से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी इतने शातिर थे, कि वारदात के बाद मोबाइल नंबरों को बंद कर लेते थे व वर्चुअल नंबरों के माध्यम से साथियों के साथ संपर्क किया करते थे। जिससे पुलिस को चकमा दिया जा सके। उक्त आरोपियों द्वारा सायबर ठगी की राशि को यू.एस.डी.टी. में बदलने वाले खातों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पकड़े गये आरोपियों के पास से दो फोन, 15 हजार रूपये नकद जब्त किये व टीम ने तीस लाख रूपये की राशि फरियादी को रिफंड करवाई। आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

# प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के गिरोह का पर्दाफाश



पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया।

**जमवारामगढ़,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप यादव और वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ के सुपरविजन में यह कार्रवाई थाना जमवारामगढ़ पुलिस द्वारा अंजाम दी गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एसएमएस अस्पताल के दवा वितरण केंद्र का संविदाकर्मी और न्यू शर्मा मेडिकल स्टोर (एसएमएस अस्पताल के पास) का संचालक भी शामिल है। यह कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज अजयपाल लांबा के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रजनीश पूनिया के नेतृत्व में "ऑपरेशन नॉकआउट" के तहत की गई। संयुक्त टीम डीएसटी जयपुर ग्रामीण और थाना आंधी पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी डिटेन किया, जो नशीली दवाओं की अवैध बिक्री में सक्रिय था।

# जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (निसं)। पुलिस ने एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। वार्ड नंबर 29 के रहने वाले सलीम (29) के पास से 12 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि आरोपी सलीम के खिलाफ पहले से सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें एनडीपीएस एक्ट और मारपीट के केस शामिल हैं। पुलिस लंबे समय से उस पर नजर रख रही थी। विशेष सूचना मिलने पर पुलिस ने 22 ए रोड पर नाका लगाया। एसआई सरदार सिंह के नेतृत्व में टीम ने सलीम को रोककर तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से कारतूस मिला। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस ये पता लगा रही है कि आरोपी ने कारतूस कहां से प्राप्त किया और इसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए करना चाहता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# बीकानेर में गर्मी के तेवर तेज, तापमान 40 डिग्री पहुंचा

**बीकानेर,** (निसं)। यहां एक बार फिर आसमान से अंगारे बरस रहे हैं। एक दिन हल्की रिमझिम बारिश के बाद गिरा तापमान चौबीस घंटे में ही अपना रोद्र रूप फिर से दिखाने लगा है। बीकानेर शहर में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जिसके आगामी दिनों में और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

गुरुवार दोपहर बीकानेर में बुधवार जैसा मौसम नहीं था। बुधवार शाम होते-होते बादलों ने पूरे शहर को धूप से राहत दिला दी थी लेकिन गुरुवार को ऐसा नहीं हुआ। तपती धूप में फिर से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। तापमान में हो ही बढ़ोतरी का ये सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में बीकानेर में पारा फिर से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। बीकानेर में एक बार फिर हीट वेव चलने

■ **आगामी दिनों में तापमान और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है**

की आशंका खुद मौसम विभाग ने जताई है। बीकानेर के निवासियों को मौसम विभाग ने बाकायदा एसएमएस करके अलर्ट दिया है कि गर्मी में बढ़ गई है। लू चलने की आशंका है। बीकानेर के अलावा भी कई जिलों में ऐसे ही अलर्ट एसएमएस के माध्यम से दिए गए हैं।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने लू और तापघात के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा कार्य स्थलों पर छाया, पानी और दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के लिए पानी की खेलियां भरवाने तथा पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का अभियान चलाने को कहा। जिला कलेक्टर ने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारी सभी गौशालाओं का निरीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि गौशालाओं में पेयजल छाया और चारे की कोई कमी नहीं हो। उन्होंने मोबाइल वेटरनरी वेन के टोल फ्री नंबर 1962 को प्रचारित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में बर्फ बनाने वाली फैक्टियों की सघन चेकिंग करते हुए बर्फ बनाने में काम लिए जाने वाले पानी के नमूने लेने के निर्देश दिए। वही कहा कि कैंपर से सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जाए। रोडवेज बस स्टैंड पर छाया पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# अवैध गांजा सहित कार जब्त, एक गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। मांण्डवाल थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजे से भरी कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में माण्डवा थानाधिकारी देवीलाल के नेतृत्व में गठित दल ने नाकाबंदी के दौरान बीकरनी की तरफ से आ रही एक जीप को रूकने का इशरा किया। इस पर चालक जीप लेकर भागा तो पुलिस दल ने पिछा करने पर चालक व साथी जीप छोड़ कर भाग गए। पिछा किया तो एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम लक्ष्मण पुत्र लाडुजी निवासी खादरा माण्डवा बताया। तलाशी ली तो गाड़ी में 5 किलो 550 ग्राम अवैध गांजा मिला। इस पर जीप मय गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# नकली सोने को असली बताकर गोल्ड लोन लिया

**बीकानेर,** (निसं)। नकली सोने को असली बताकर लाखों रुपए का गोल्ड लोन लेने का मामला सामने आया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इस संबंध में नौ लोगों के खिलाफ जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में मामला दर्ज कराया है। पिछले दिनों बैंक की ऑडिट के दौरान ये मामला सामने आया।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की खतुरिया कॉलोनी शाखा के प्रबंधक धीरज खंडेलवाल ने एफआईआर दर्ज कराते हुए आठ लोगों पर बैंक के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। एफआईआर में कहा गया है कि नौ ग्राहकों और तीन स्वर्णकारों ने मिलकर बैंक से लाखों रुपए का लोन उठाया है। बैंक ने सोने के असली होने की रिपोर्ट के आधार पर लोन दे दिया। पिछले दिनों एक ऑडिट टीम ने बैंक में इस गोल्ड को जांचा परखा, तो ये नकली पाया गया। दरअसल, जिन गहने के आधार पर लोन दिया गया था, उनमें सोना बहुत कम था, जबकि नकली हिस्सा ज्यादा था। खंडेलवाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने चेतन, हेमंत कुमार, प्रकाश निर्मल, राधा देवी, रमजान, सदाकत अली, सीताराम, सुरजाराम और यश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

इसी मामले में बारह जनों पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। पुलिस उन स्वर्णकारों की भी तलाश कर रही है, जिन्होंने नकली सोने को असली बताते हुए लोन दिलाने में सहायता की थी। ये पहला अवसर नहीं है, इससे पहले भी एसबीआई ने ही फर्जी रिपोर्ट का खुलासा किया था।

# जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर।** शहर के अंबामाता थाना क्षैत्र में सूने मकान से चोर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरनगर पुर्बिया कॉलोनी मल्लातलाई अम्बामाता निवासी अर्जुनलाल कुमावत पुत्र शंकरलाल के सूने मकान से चोर सोने की 2 अंगूठियां, इयरिंग, चांदी की पायल, बिछियां, अंगूठी तथा 15 हजार की नकदी चुरा ले गए। रात में मकान की छत के रास्ते नीचे उतर कर चोर वारदात कर फरार हो गए। पीड़ित के घर लौटने पर ताला टूटा व सामान कमरों में सामान बिखरा मिलने पर प्रकरण दर्ज करवाया। वहीं खेरोदा कस्बे के रोही खेड़ा गांव में स्थित तीन मकानों से नकबजनी कर चोर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए।9 अप्रेल रात में आए तोलीराम पुत्र निहाराम के मकान की खिड़की खोल अंदर घुसे चोर जेवर व नकदी चुरा ले गए।

# चरागाह भूमि से अवैध कोयला भट्टियां हटाई

**उदयपुर,** (निसं)। नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ की चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर लगाई गई अवैध कोयला भट्टियों को प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की टीम ने ध्वस्त कर दिया।

नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी छेल कुंवर ने बताया कि चारागाह भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर मावली उपखण्ड अधिकारी रमेश सीरवी पुनाड़िया के निर्देशन में अधिशासी अधिकारी मय टीम, तहसीलदार भंवरलाल मीना, फतहनगर नायब तहसीलदार सम्पत सिंह भाटी तथा थानाधिकारी चंद्रशेखर मय पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचे। मौके पर राजस्व विभाग द्वारा सीमा ज्ञान किया गया। इसके पश्चात जेसीबी की मदद से अवैध कोयला भट्टियों को ध्वस्त किया। नगर पालिका से कनिष्ठ अभियन्ता भगवती लाल खारीवाल, सीनीयर ड्राफ्ट मैन हेमन्त मालवीय एवं कार्यवाहक स्वच्छता निरीक्षक भगवत सिंह आदि भी मौजूद रहे। टीम ने संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी की। साथ ही संबंधित स्थान पर पालिका सम्पति के दो बोर्ड लगवाये। जले हुए कोयलों को सुरक्षित रखा गया एवं अग्निशमन वाहन से चारों तरफ पानी का छिड़काव कर लकड़ी को सुरक्षित रख दी गई। मौके पर कोई किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आस पड़ोस के लोगों को उक्त नगर पलिका सम्पति को खुर्द बुर्द नहीं करने बाबत व अन्य उपयोग में नही लेने बाबत पांबद किया गया।

अतिक्रमण हटाए जाने के पश्चात उपखण्ड अधिकारी के निर्देश पर एक नियमित टीम गठित की गई। इसमें संबंधित पटवारी, भू-अभिलेख निरीक्षक, नगरपालिका कार्मिक, पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी को शामिल किया। यह टीम प्रति सप्ताह एक ध्वस्त रिपोर्ट उपखण्ड मजिस्ट्रेट कार्यालय को पेश प्रस्तुत करेगी। इसमें उन सभी चिन्हित स्थानों पर पुनः भट्टियां नहीं लगे यह सुनिश्चित करते हुए जांच रिपोर्ट पेश प्रस्तुत की जाएगी।

साथ ही अधिशाषी अधिकारी फतहनगर को चारागाह भूमि का सीमांकन कर इसमें कोई नया निर्माण नहीं हो एवं चारागाह भूमि पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने की नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

# सैलून संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। जवाहर नगर थाना इलाके में एक सैलून संचालक ने दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता उस समय चला जब युवक के घर नहीं पहुंचने पर उसके परिवार वाले उसको ढूंढते हुए दुकान पर पहुंचे, जहां युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला, जिसे नीचे उतार कर उपचार के लिये कोटा के निजी चिकित्सालय ले गये, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

जवाहर नगर थाने के एएसआई किशोरीलाल ने बताया कि मृतक कंसुआ निवासी मनीष (35) है जिसकी तलवंडी इलाके में सैलून की दुकान है। एएसआई ने बताया कि युवक दुकान से शाम को सात बजे तक घर पर

■ **आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है, मामला दर्ज कर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है**

लौट जाता था लेकिन बुधवार रात्रि तक घर पर नही आने पर परिजन उसे ढूंढते हुए दुकान पर पहुंचे जहां युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। एएसआई ने बताया कि गुरूवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना सं. 01/2025 सहायक लोको पायलट (एएलपी) की भर्ती

**सांकेतिक सूचना**

नीचे तालिका में दिये गये अनुसार सहायक लोको पायलट के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से जमा किये जाने चाहिए।

**आवेदन खुलने की तिथि: 12 अप्रैल 2025**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 11 मई 2025 (23:59 बजे)**

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन लेवल | प्रारंभिक वेतन (रू) | शैक्षणिक एवं चिकित्सा मानक | 1.7.2025 को आयु | कुल रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| सहायक लोक पायलट (एएलपी) | 2 | 19,900/- | विस्तृत सीईएन का संलग्नक-ए | 18-30 वर्ष | 9970 |

उम्मीदवारों को निश्चित रूप से सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित करें ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में विशेष विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा और अतिरिक्त देरी से बचा जा सके। आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन प्राप्त करने के लिए आधार में नाम और जन्मतिथि को दसवीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम और जन्मतिथि के साथ 100 प्रतिशत मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी प्रकार ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो और नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आईरिस) के साथ अपडेट किया जाना चाहिए।

यह अधिसूचना पूर्ण रूप से सांकेतिक है। पूर्ण विवरण के लिए आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले विस्तृत सीईएन नं. 01/2025 (एएलपी) को भली-भांति पढ़ने की सलाह दी जाती है। उपरोक्त भर्ती के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र / परिशिष्ट / महत्वपूर्ण सूचना समय-समय पर नीचे वर्णित आरआरबी की वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

**सीईएन नं. 01/2025 में प्रतिभागी आरआरबी की वेबसाइट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | अजमेर www.rrbajmer.gov.in | भोपाल www.rrbbhopal.gov.in | भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in |
| बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in | चंडीगढ www.rrbcdg.gov.in | चेन्नई www.rrbchennai.gov.in | गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in |
| जम्मू श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in | मालदा www.rrbmalda.gov.in | मुंबई www.rrbmumbai.gov.in |
| मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in | प्रयागराज www.rrbald.gov.in | रांची www.rrbranchi.gov.in |
| सिकन्दराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in | सिलिगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in | तिरूवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in | गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in |

रेभबो/अज./एडीवीटी/01/2025
दिनांक: 11.04.2025

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें।


# बढ़ती महंगाई का विरोध, आनासागर झील में फेंके गैस सिलेंडर

**अजमेर,** (कासं)। देश सहित प्रदेश में बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर व पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में अजमेर में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आनासागर झील में गैस सिलेंडर फेंककर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आम जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया।

यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और वैशाली नगर रीजनल कॉलेज वाली चौपाटी पहुंचकर केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मल्होत्रा ने बताया कि केंद्र में भाजपा की सरकार को साल वर्ष पूरे हो चुके हैं, एक तरफ तो प्रधानमंत्री बड़े-बड़े वादे करते हैं, तो वहीं दूसरी ओर महंगाई को बढ़ाया जा रहा है।

वर्तमान में गैस के सिलेंडर हजार रुपए तक पहुंच चुका है, लेकिन कोई भी




आनासागर झील के किनारे यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

अपनी जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। केंद्र और राज्य में चुनाव आने पर गैस सिलेंडर के दाम कम कर दिए जाते हैं। जनता को पागल बनाने और भ्रमित करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। चुनाव जाने के बाद किसी न किसी बहाने से भाव बढ़ा दिए जाते हैं।

■ **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर आम जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया**

यूथ कांग्रेस के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज वैशाली नगर रीजनल कॉलेज चौपाटी के पास आनासागर झील में गैस सिलेंडर फेंककर विरोध प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं पदाधिकारियों का कहना रहा कि आए दिन गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे मध्यम वर्ग दाम बढ़ने से परेशान हो चुका है। रसोई का बजट बिगड़ चुका है। यूथ कांग्रेस केंद्र की भाजपा सरकार से मांग करती है कि गैस सिलेंडर, पेट्रोल व डीजल के दाम कर मध्यम वर्ग के लोगों को राहत प्रदान करें। अन्यथा यूथ कांग्रेस द्वारा जनआंदोलन किया जाएगा।

# किराए पर गाड़ियां लेकर नशा तस्करों को बेचने वाली गैंग के पांच बदमाश दबोचे

## आरोपियों के पास से किराए पर ली गई स्कॉर्पियो व थार जीप बरामद

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। करधनी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए किराए पर गाड़ियां लेकर नशा तस्करों के बेचने वाली गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से किराए पर ली गई स्कॉर्पियो व थार जीप बरामद की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित अजमेर जेल से योजना कर गाड़ियों की खरीद-फरोख्त करना सामने आया है। पुलिस पूछताछ कर गैंग के फरार साथियों की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस और (डीएसटी) जयपुर पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए किराए पर गाड़ियां लेकर नशा तस्करों के बेचने वाली गैंग के आरोपित मनीष यादव (24) निवासी बहरोड-कोटपूतली, रामलाल (60) निवासी सरदार शहर जिला चुरू, अंशु सिंह (26) निवासी मांण्डल जिला बहरोड-कोटपूतली, कर्मवीर सिंह उर्फ मोनू बन्ना (33) निवासी मांण्डल जिला बहरोड-कोटपूतली और विजय कुमार उर्फ बिज्जु साहवा (44) निवासी सावा जिला चूरू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विजय कुमार उर्फ बिज्जु साहवा के खिलाफ 11 और अंशु सिंह के खिलाफ 6 आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से किराए पर लेकर बेची गई स्कॉर्पियो व थार जीप बरामद की गई है।



करधनी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ( डीएसटी ) जयपुर पश्चिम ने संयुक्त कार्वाई करते हुए किराए पर गाड़ियां लेकर नशा तस्करों के बेचने वाली गैंग का पर्दाफाश किया।

■ अजमेर जेल से योजना कर गाड़ियों की खरीद-फरोख्त करना आया सामने

थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि थाने में 9 मार्च को राजेन्द्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया था कि उसका जानकार रवि गुर्जर किसी काम के लिए उससे स्कॉर्पियो लेकर गया था। रवि गुर्जर से उसका जानकार मोहित सोनी व संदीप यादव शादी में जाने की बोल कर स्कॉर्पियो सीकर लेकर गए थे।

जिन्होंने स्कॉर्पियो नहीं लौटाई और जीपीएस चेक करने पर बंद आ रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि मोहित सोनी ने स्कॉर्पियो व थार किराए पर मनीष यादव को दी है। उसकी आईडी फेक होने के साथ ही मोबाइल बंद आ रहा है।

पुलिस ने किराए पर कार लेने वाले मनीष यादव की तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी मनीष यादव को धर-दबोचा। जहां पूछताछ में मनीष यादव से सामने आया कि हत्या के मामले में अलवर जेल में बंद जयंत यादव उसका जानकार है। कुछ दिन पहले जेल में मुलाकात हो जाने पर जयंत यादव ने कहा था कि उसका कोई दोस्त आएगा। इसके साथ उसे यपुर से किराए की कार लेनी है। फेक आईडी की व्यवस्था में कर देगा। बस उसे उसके साथ जाकर दो गाड़ी लेने की व्यवस्था करनी है। इसके बाद जयपुर आकर मोहित से मिलकर थार और स्कॉर्पियो किराए पर लेने की बात की। अजमेर जेल में बंद जयंत की ओर से भिजवाई आईडी देकर थार और स्कॉर्पियो किराए पर ली।

जयंत के भेजे लड़के ने वॉट्सऐप कॉल पर बात की और उसके बाद वह दोनों गाड़ियां लेकर चला गया। जहां जयंत के कहने पर सीकर के पास दोनों गाड़ियां उसके साथी अंशु सिंह व कर्मवीर सिंह को देकर आ गया। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई कर अंशु सिंह व कर्मवीर सिंह की जानकारी जुटाई। पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपी अंशु सिंह व कर्मवीर सिंह को धर-दबोचा। पूछताछ में आरोपी अंशु सिंह से सामने आया कि एनडीपीएस के मामले में अलवर जेल में बंद होने के दौरान उसकी मुलाकात जयंत से हुई थी। जमानत व अन्य खर्चों के लिए रुपयों की व्यवस्था के लिए फेक आईडी से गाड़ी लेकर बेचने की योजना बनाई। कुछ दिन बाद उसकी जमानत हो गई। योजना के अनुसार साथी कर्मवीर सिंह, भैरव बन्ना उर्फ भुरू बन्ना व उसके दो दोस्त मिले। जयंत की ओर से भेजे लड़कों से स्कॉर्पियो और थार जीप ली। विजय साहवा को थार जीप 1.90 लाख और स्कॉर्पियो 2.90 लाख रुपए में दे दी। दोनों गाड़ियों को बेचने पर आए कुल 4.80 लाख रुपए में से 3.90 लाख रुपए जयंत के कहे अनुसार उसके भेजे लड़कों को दे दिए। पुलिस टीम ने विजय साहवा का नाम सामने आने पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया। आरोपी विजय साहवा के कब्जे से स्कॉर्पियो बरामद की गई, उसके ओर से रामलाल को बेची गई थार को भी बरामद कर लिया गया। आरोपी विजय साहवा किराए पर आई गाड़ियों को खरीदकर मोटे दाम में नशा तस्करों को डिलीवरी देता था। गाड़ियों को बेचने से आए पैसों को आपस में बाटा जाता। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को टक्कर मारी

**जयपुर**। जामडोली थाना इलाके में स्थित जयपुर-आगरा टनल के पास बुधवार देर रात को एक कार ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार कार सवार कार को मौके पर छोड भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एसएमएस ट्रोमा सेंटर पहुंचाया।,तीनों की हालत गम्भीर बताई जा रही है। फिलहाल इस मामले की जांच सडक दुर्घटना थाना पूर्व की ओर से की जा रही है।

दुर्घटना थाना पूर्व एएसआई ईस्वर सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात सूचना मिली थी की कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एसएमएस में भर्ती करवाया। पुलिस ने कार और दुर्घटना में क्षितग्रस्त हुई बाइक को जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार बाइक चला रहे युवक के सिर में गंभीर चोट है और वहीं पीछे बाइक पर बैठे दोनों युवक के हाथ और पैर में फैक्चर हुआ है।बाइक और कार की भिड़ंत के बाद कार चालक कार लेकर फरार होने का प्रयास कर रहा था, लेकिन कार जाम होने जाने के कारण चालक कार को मौके पर छोड कर भाग गया।

## कार्यशाला 28 से

**जयपुर**। जवाहर कला केंद्र में 28 अप्रैल से क्रोशिया व बुनाई कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 7 मई तक केंद्र की अलंकार दीर्घा में चलने वाली कार्यशाला में प्रशिक्षक सीमा शर्मा क्रोशिया व बुनाई का प्रशिक्षण देंगी। कार्यशाला में 10 वर्ष से अधिक उम्र वाले भाग ले सकते हैं। कार्यशाला में प्रवेश पहले आओ- पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

# पुलिस ने अवैध हथियार व कारतूसों की खेप पकड़ी

■ दो हिस्ट्रीशीटर सहित चार बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

■ चार देसी कट्टे सहित 17 जिंदा कारतूस जब्त किए

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) और सोडाला थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए हुए अवैध हथियार व कारतूसों की खेप जब्त कर दो हिस्ट्रीशीटरों सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चार देसी कट्टे सहित 17 जिंदा कारतूस बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कुंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी और सोडाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवतार उर्फ अजीत (30) निवासी मुस्तान जिला हाथरस (उत्तर प्रदेश) हाल महेश नगर जयपुर,विनोद उर्फ मनोज उर्फ मामापुरी(32) निवासी सोडाला जयपुर,सलीम उर्फ धौलू (32) निवासी सुलताना जिला झुंझुनू और सूरज सिंह रावत (25) निवासी सोडाला जयपुर को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चार देसी कट्टे सहित 17 जिंदा कारतूस जब्त किया है।

गिरफ्तार आरोपित विनोद उर्फ मनोज पुलिस थाना सोडाला और सलीम पुलिस थाना सुल्ताना जिला झुंझुनू का हिस्ट्रीशीटर है। राकेश उर्फ राका (एचएस ) व अर्जुन योगी पूर्व में शराब तस्करी में साझेदार थे।

शराब तस्करी के पैसों के लेनदेन में आपसी विवाद के चलते अर्जुन ने अपने साथियों के साथ मिलकर राकेश उर्फ राका की वर्ष 2021 में हत्या कर दी। जिससे बदला लेने के लिए विनोद उर्फ मनोज पुरी जो राका का बड़ा भाई ने हत्या की साजिश रची। आरोपित विनोद उर्फ मनोज पुरी आदतन अपराधी है।

जिसके खिलाफ लड़ाई झगड़े, चोरी, नकबजनी, अवैध शराब व हथियार रखने सहित 14 अपराधिक मुकदमें है। इसके अलावा साथी सलीम उर्फ धोला जो थाना सुल्ताना जिला झुंझुनू का एचएस है तथा थाना सुरजगढ़ जिला झुंझुनू से एनडीपीएस में वांटेड है जिसके खिलाफ अलग-अलग थानों में 8 मुकदमें दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## सार-समाचार

### बंधन एलीट प्लस सेविंग अकाउंट लॉन्च

**जयपुर**। बंधन बैंक ने प्रीमियम ग्राहकों के लिए एलीट प्लस सेविंग्स अकाउंट लॉन्च किया है, जो बैंकिंग को एक स्टेटस सिग्नेचर बनाने वाला खाता है। इसमें प्रीमियम डेबिट कार्ड, मुफ्त मूवी टिकट, एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस, गोल्फ सेशन्स और अनलिमिटेड ट्रांजैक्शन जैसे कई खास लाभ दिए गए हैं। लॉन्च के मौके पर बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, "हम चाहते हैं कि हमारे प्रीमियम ग्राहक सिर्फ बैंकिंग न करें, बल्कि एक ऐसा अनुभव भी पाएं, जो उनके व्यक्तित्व के अनुकूल हो। एलीट प्लस उनके लिए वही खासियत लेकर आया है।" पूर्व कप्तान सौरव गांगुली इस खाते के पहले ग्राहकों में शामिल हुए। लॉन्च के मौके पर बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता, ईडी-सीबीओ राजिंदर कुमार बब्बर और ईडी-सीओओ रतन कुमार केश मौजूद रहे। वहीं, बैंक ने अपने बंधन एलीट सेविंग्स अकाउंट को भी नए स्वरूप में पुनः लॉन्च किया है।

### ऑर्थोपेडिक सम्मेलन जयपुर में होगा



**जयपुर**। मध्य भारत के इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का अर्धवार्षिक सम्मेलन जयपुर में 12 व 13 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ . जयंत सेन ने बताया कि इस सम्मेलन में 100 से ज़्यादा वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। डॉ. सेन ने बताया कि इसने ऑर्थोपेडिक की नवीनतम उपचार प्रणाली के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी । आयोजन सचिव डॉ. राहुल कट्टा बताया कि यह सम्मेलन राजस्थान इंटरनैशनल सेंटर में आयोजित हो रहा है।

### मंजू खटोड़ टीम रघुकुल से प्रत्याशी



**जयपुर**। श्री माहेश्वरी समाज के आगामी चुनावी सत्र (2025 - 2028) में महिला परिषद से मंजू खटोड़ को चौकड़ी श्याम नगर जोन - 5 से प्रत्याशी बनाया गया है। गौरतलब है कि मंजू खटोड़ प्रसिद्ध चित्रकार चन्द्रप्रकाश गुप्ता ( खटोड़)की धर्मपत्नी हैं, इस अवसर पर समाज के गोपाल मालपानी, विपिन साबू, स्नेहलता साबू, देवेंद्र झंवर, बृजेश लड्ढा एम. डी.खटोड़, प्रकाश गट्टानी, राजेश नोवाल, ओमप्रकाश लड्ढा, शशि लखोटिया, प्रिंसी मंडोवरा, कविता सोमानी, आशा लड्ढा, ज्योति हुरकट, संजू मुदड़ा और आकांक्षा बिरला समेत कई लोग मौजूद थे।

### हैनीमन जयन्ती का आयोजन

**जयपुर**। भागवत ट्रस्ट द्वारा संचालित वडील निवास (वृद्धाश्रम), वानप्रस्थ मंदिर परिसर में राजस्थान होम्योपैथी एवं कल्याण संस्थान द्वारा हैनीमन जयन्ती का आयोजन किया गया। संस्थान सचिव डा. श्याम प्रकाशपारीक ने संत डा. सेमुअल हैनीमन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए होम्योपैथिक दवाओं की कार्य पद्धति व क्रियाशीलता के बारे में विस्तार से समझाया। डा. श्याम प्रकाश ने होम्योपैथी के बारे में फैली भ्रांतियों का निवारण करते हुए उनका समाधान भी किया। कार्यक्रम में जय श्री बेन, रक्षा बेन, प्रियकान्त भाई, प्रमोद भाई, जगदीश भाई, अविनाश भाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सुबी आरती बेन इत्यादि शिक्षा शास्त्री विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहयोग देकर लाभ उठाया। कार्यक्रम समाधान पर संस्थान के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट आर.पी. पारीक ने उपस्थित जन का आभार व्यक्त किया।

### ए.सी.एमई. ग्रुप ने तय किया लक्ष्य

**जयपुर**। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग क्षमता 2030 तक 125 गीगावॉट तक पहुंच सकती है, जिससे भारत वैश्विक सौर बाजार में एक बड़ा खिलाड़ी बनकर उभरेगा। इस अनुमान का समर्थन करते हुए और मेक इन इंडिया पहल को मजबूत करते हुए एसीएमई ग्रुप ने सोलर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्रवेश करते हुए 2030 तक 10,000 करोड़ रुपये की आय का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए कंपनी ने जयपुर, राजस्थान में 1.2 गीगावॉट की सालाना क्षमता वाला सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया है, जिसमें 230 करोड़ रुपये का निवेश और 700 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। कंपनी की नई इकाई, एसीएमई रिन्यूएबल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, अब सोलर सेल निर्माण की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है। इसके साथ ही कंपनी को एमएनआरई की अप्रूव्ड लिस्ट ऑफ मॉडल्स एंड मैन्युफैक्चरर्स (एएलएमएम) में शामिल किया गया है, जिससे सरकारी और निजी सोलर परियोजनाओं में इसकी भागीदारी सुनिश्चित हुई है।

# सात लाख रुपए लूट की झूठी सूचना देने वाले तीन गिरफ्तार

**जयपुर**। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 अप्रैल की रात को चाकू दिखा कर 70 लाख रुपये की लूट की झूठी सूचना देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

■ पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो मामला खुला, सख्ती से पूछने पर युवकों ने झूठी सूचना देने की बात कबूली

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 अप्रैल की रात को चाकू दिखा कर 70 लाख रुपये की लूट की झूठी सूचना देने वाले अभिषेक कुमावत (25) निवासी ज्योति नगर जयुपर, प्रकाश शर्मा (30) निवासी रामगढ़ जिला दौसा और अभिषेक राजपुत (25) निवासी कोलवा दौसा को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी उदय सिंह ने बताया कि घटना के तुरन्त बाद ही घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के रूट सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। साथ ही सूचनाकर्ता से पूछताछ की गयी । जिस पर सूचनाकर्ता बार-बार पुलिस को झूठी मनगढंत कहानी बनाकर गुमराह करता रहा। घटना के तथ्य झुठे होने के आशंका पर सूचना कर्ता से सख्ती से पूछताछ की तो उसने वारदात को झूठी होना बताया। सूचनाकर्ता अभिषेक कुमावत ट्रेडिंग का काम करता है। जिसने प्रकाश शर्मा को व्यापार करने के लिये आपसी रजामंदी से 2 लाख 11 हजार रुपये दिये। झूठी सूचना देकर अपने दोस्त प्रकाश शर्मा को फंसा कर मोटी रकम वसूलना चाहता था। आरोपी ने षड्यंत्र पूर्वक व्यापार के लिये रुपये देने के बाद 07 लाख रुपये की लूट होने की झूठी सूचना दी। रात भर पुलिस को छकाता रहा। सूचनाकर्ता व कथित आरोपी आपस में दोस्त है जो साथ मिलकर ट्रेडिंग का व्यापार करने के लिए लेनदेन करते रहते है। झूठी सूचना देने पर सूचनाकर्ता व उसके साथी के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार किया।



मुहाना थाना पुलिस ने 9 अप्रैल की रात को चाकू दिखा कर 70 लाख रुपये की लूट की झूठी सूचना देने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा।

## जेबीएल की ट्यून सीरीज 2 लॉन्च

**जयपुर**। हाई क्वालिटी म्यूजिक और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी चाहने वालों के लिए प्रमुख ऑडियो ब्रांड जेबीएल ने भारत में अपनी बहुप्रतीक्षित ट्यून सीरीज़ 2 लॉन्च कर दी है, जिसमें ट्ययून बड्स 2, ट्ययून बीम 2 और ट्ययून फ्लेक्स 2 शामिल हैं। इन टी डब्ल्यू एस ईयरबड्स को दमदार साउंड, लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और विभिन्न लाइफस्टाइल की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है। इन प्रोडक्ट्स में ब्लूटूथ 5.3 एलइ ऑडियो, एडाप्टिव नॉइस कैंसलिंग, 6 हाई-परफॉर्मेंस माइक्रोफोन्स, आईपी54 वॉटर व डस्ट रेजिस्टेंस, और गूगल फास्ट पेयर जैसे स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। यह जानकारी विक्रम खेर, वाइस प्रेसिडेंट- लाइफस्टाइल, हारमन इंडिया ने दी ।

## गांजे के 712 हरे पौधे जब्त किए

**जयपुर**। जयपुर ग्रामीण जिले की अमरसर थाना पुलिस ने ऑपरेशन नॉकआउट तहत कार्रवाई करते हुए काली माता रोड नाले में अवैध गांजा के 715 हरे पौधे (38) किलो जब्त किया है। जयपुर ग्रामीण जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि अमरसर पुलिस ने काली माता रोड नाले में अवैध गांजा के 715 हरे पौधे 38 किलो जब्त किया है।

# सी.बी.आई. अफसर बनकर करोड़ों रु. ठगने वाले पकड़े

■ नौकरी का झांसा देकर भोले भाले लोगों को जाल में फंसाते थे आरोपी

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने महेश नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए सीबीआई का अफसर बन कर नौकरी का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाली गैंग का मुख्य आरोपी को उसके तीन साथियों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नौकरी का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर मय दस्तावेज और फर्जी सीबीआई स्पेशल ऑफिसर का कार्ड भी बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवारिया ने बताया कि सीएसटी ने महेश नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए सीबीआई का अफसर बन कर नौकरी का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने मुख्य आरोपी रविंद्र शर्मा उर्फ रवि शर्मा (35) निवासी बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड़ हाल करणी विहार जयपुर सहित उसके साथी दिनेश कुमार ओला (37) निवासी किशनगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण,कुलदीप सिंह जाट (27) निवासी बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड़ हाल बिंदायका जयपुर और विकास यादव (21) निवासी बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड हाल करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी स्वयं की गैंग के साथ बेरोजगार युवाओं की तलाश कर उनको स्वयं के पास फर्जी सीबीआई स्पेशल ऑफिसर का कार्ड,वायरलैस सेट, लाल पट्टी की लग्जरी कार, रसूखदार व्यक्तियों के साथ स्वयं के फोटो व स्टेटस दिखाकर सचिवालय, देवस्थान विभाग, फायर स्टेशन एवं अन्य कई सरकारी विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व सहायक बाबू के पद पर अस्थायी व संविदा पर नौकरी लगवाने के लिये उनके दस्तावेज की नकल कॉफी लेकर सचिवालय के गेट व अन्य ऑफिसों के गेटों पर बुलाता है। जिससे बेरोजगार युवा प्रभावित होकर नकल दस्तावेज के साथ रुपये दे देते है। इसके अलावा आरोपी को पूर्व में सीएसटी ने थाना करणी विहार में फर्जी दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार करवाया गया था। आरोपी जेल से बाहर आने के बाद बार-बार जगह व ठिकाने बदल रहा था और हाल ही में सचिवालय के आसपास घूम फिर कर बेरोजगार युवाओं के साथ नौकरी के नाम पर अपनी गैंग के सदस्यों साथ मिलकर ठगी कर रहा था । पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# 'जे.डी.ए. ने लोगों का पक्ष सुने बिना तानाशाही से उजाड़ दिए आशियाने'

## खातीपुरा में तोड़फोड़ मामले में पूर्व विधायक डॉ. परम नवदीप सिंह, पूर्व डी.जी. नवदीप सिंह एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़ ने प्रैस कॉफ्रेंस की

**जयपुर**। राजस्थान की राजधानी जयपुर में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा झाड़खंड तिराहे से 200 फीट बाईपास के बीच सड़क को चौड़ा करने के लिए की गई कार्रवाई पर स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों ने सवाल खड़ा करते हुए इसे गलत एवं तानाशाहीपूर्ण की गई कार्रवाई बताया है।

इस मामले को लेकर गुरुवार को यहां पूर्व विधायक डॉ. परम नवदीप सिंह, पूर्व पुलिस अधिकारी नवदीप सिंह एवं व्यापार मंडल खातीपुरा के अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़ ने प्रेस कांफ्रेस में यह सवाल खड़ा करते हुए इस मामले में राज्य सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जेडीए की बिना नियम एवं बिना किसी पीड़ित पक्ष को सुने एकतरफा एवं तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही करते हुए लोगों के आसियाने उजाड़ दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश की पालना करने का हवाला दिया जा रहा है, जबकि क्या उच्च न्यायालय ने वास्तव में 160 फीट चौड़ी सड़क का आदेश दिया था। जेडीए द्वारा 4 अप्रैल 2025 को जारी प्रेस नोट में कहा गया कि 21 नवंबर 2024 के हाई कोर्ट आदेश के पालना में अधिसूचना जारी की गई थी, जबकि सच्चाई यह है कि 29 नवंबर 2024 को उच्च न्यायालय ने अपने पहले के आदेश को निरस्त कर दिया था। उस आदेश के खिलाफ कोई अपील भी नहीं की गई। इसके बावजूद जेडीए पुराने आदेश का हवाला देकर कार्रवाई करती रही, जिससे लोगों में भ्रम और आक्रोश है।

उन्होंने बताया कि जेडीए द्वारा सड़क के दोनों ओर पहले लाल निशान लगाये गये, जब विरोध हुआ तो रुक गये और बाद में फिर पीले निशान लगाए गए, जिनमें 15 से 20 फीट तक का अंतर पाया गया। स्थानीय निवासियों का सवाल है कि जब दोनों ही निशान जेडीए ने लगाए, तो इतना अंतर क्यों है। इससे स्पष्ट है कि जेडीए के पास सड़क का मध्य बिंदु निर्धारित करने का कोई ठोस मापदंड नहीं है। डॉ. परम नवदीप सिंह ने कहा कि सरकार का यह निर्णय असंवेदनशील और तानाशाहीपूर्ण है। जनता को बिना सुने, उनकी रोजी-रोटी छीन लेना अन्याय है। हम इस मुद्दे को विधानसभा तक उठाएंगे और पीड़ित लोगों न्याय दिलाएंगे।



पूर्व डी.जी. नवदीप सिंह और पूर्व विधायक डॉ. परम नवदीप सिंह गुरूवार को प्रेस से रूबरू हुए।

व्यापार मंडल खातीपुरा के अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारे व्यापार और परिवार उजड़ रहे हैं। सरकार ने हमारी पीड़ा नहीं सुनी। बिना मुआवजा दिए दुकानें और घर गिराए जा रहे हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है। नवदीप सिंह ने कहा कि स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि कानून का पालन करते हुए पीड़ित पक्षों को सुने और समाधान निकाले। पीड़ित एवं एडवोकेट सुरेश कुमार मिठारवाल ने कहा कि यदि हमारे पास स्वामित्व के दस्तावेज हैं और कोई अधिग्रहण नहीं हुआ है, तो हम अवैध कब्जेदार कैसे हो सकते हैं, जेडीए को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। जेडीए को लोगों का पक्ष सुनना चाहिए।

# '42 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले में आरोपी को पूरी तरह दोष मुक्त किया'

**जयपुर**। जयपुर महानगर प्रथम की विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा रानी ने 42 लाख रुपए के चेक बाउंस के मामले में आरोपी को पूरी तरह दोष मुक्त किया है। न्यायालय ने यह आदेश राकेश कुमार शर्मा बनाम नईम अख्तर खान के मामले पर सुनवाई करते हुए दिया। इस मामले में आरोपी की तरफ से पैरवी अधिवक्ता श्वेताभ सिंघल, सुमनेश जांगिड़ व गिर्राज शर्मा की ओर से की गई।

प्रकरण के तथ्यों के अनुसार परिवादी व अभियुक्त के मध्य एक उधारनामा वर्ष 2019 में निष्पादित किया गया तथा 42 लाख रुपए परिवादी द्वारा अभियुक्त को नकद अदा किए गए। तत्पश्चात वर्ष 2020 में उधार चुकाने के लिए अभियुक्त द्वारा एक चेक 42 लाख 1 हजार का परिवादी को दिया गया, जो कि परिवादी द्वारा बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया। अभियुक्त द्वारा उधारनामे की शर्तों की पालना नहीं की, इसलिए परिवादी ने एन आई एक्ट का मुकदमा दायर किया, जहां अभियुक्त को तलब किया गया। जब मामला अदालत में पहुंचा तो अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता श्वेताभ सिंघल द्वारा यह तर्क दिया गया कि हस्तगत संव्यवहार को साबित करने के लिए वर्ष 2019 का उधारनामा मुख्य साक्ष्य था, जिसे परिवादी द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही 42 लाख जैसी बड़ी धनराशि का नगद में लेनदेन करने के लिए परिवादी द्वारा स्वयं की वित्तीय क्षमता साबित करना अत्यंत अनिवार्य था। जबकि परिवादी इन सभी बिंदुओं को साबित करने में असफल रहा है।



एडवोकेट श्वेताभ सिंघल

परिणाम स्वरुप न्यायालय द्वारा अभियुक्त नईम अख्तर खान को धारा 138,एन आई एक्ट,1881 के अपराध के आरोप से संदेह का लाभ दिया जाकर दोष मुक्त किया गया एवं अपीलीय न्यायालय के समक्ष उपसंज्ञात होने बाबत धारा 437 ए, दंड प्रक्रिया संहिता के मुचलके लिए गए।

# पुलिस कमिश्नर ने सुनी जनसमस्याएं

■ मामलों को अटकाने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई

**जयपुर**। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को पुलिस थाना जामडोली में जनसुनवाई की। यहां पर फरियाद लेकर आए कई लोगों के मामलों की पुलिस कमिश्नर ने मौके पर ही निपटारा कर दिया।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्विनी गौतम, उत्तर राशि डूडी डोगरा एवं संबंधित अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थानाधिकारी और थाने के अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में जयसिंहपुरा खोर, गलतागेट, ट्रांसपोर्ट नगर, खो नागोरियान, जामडोली, कानोता, बस्सी थाना इलाके के बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर ने शिप्रापथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रताप नगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम), मुहाना (जयपुर दक्षिण), आमेर (जयपुर उत्तर) एवं महेश नगर (जयपुर दक्षिण) थाने में जनसुनवाई की।

ARBIT it happens here...

राष्ट्रदूत
FRIDAY
11 April 2025
A-B





## Spreading Awareness, Inspiring Hope

Observed on April 11, World Parkinson's Day aims to raise awareness about Parkinson's disease-a progressive neurological disorder affecting movement and coordination. Marking the birth anniversary of Dr. James Parkinson, who first described the condition in 1817, this day unites global communities to advocate for early diagnosis, better treatment, and stronger support systems. With symptoms like tremors, stiffness, and slow movement, Parkinson's affects millions worldwide. Red tulips, a symbol of hope, are often worn to show solidarity. Through awareness campaigns, medical research, and patient stories, World Parkinson's Day reminds us to stand by those fighting this lifelong battle.

#INNOVATION

# The Battery Revolution Begins

Coin-sized Nuclear Battery enters Mass Production in China.



Imagine a battery, no bigger than a coin, that can power your device non-stop for 50 years, no charging, no cables, no maintenance. It sounds like science fiction, but Chinese startup Betavolt is making it a reality. The company has just begun mass production of the BV100, a nuclear-powered battery that could redefine how we think about energy.

### What Is the BV100?

The BV100 is Betavolt's flagship innovation, a miniature nuclear battery that delivers 100 microwatts of power at 3 volts. While its energy output may be small for now, its potential is enormous. At its core is a radioactive isotope called nickel-63, encased in a layer of artificial diamond that converts decay energy into electricity. The result? A battery that can run continuously for five decades.

And no, this isn't the kind of nuclear that should raise alarms. Betavolt stresses that the BV100 is safe, stable, and non-flammable. The isotope used decays into non-toxic copper, leaving behind zero environmental waste. It's a clean, contained system with no risk of leaks, explosions, or fires.

### From Sci-Fi to Factory Floor

Having completed successful prototypes in 2023-24, Betavolt's move to industrial production in 2025 marks a huge leap from lab to reality. The company is initially targeting microelectronic devices such as sensors, pacemakers, and AI modules. But that's just the beginning. A more powerful 1-watt version is already in development and expected by late 2025. Future iterations could be stacked together to power larger devices like mobile phones, drones, and even space satellites.

### A Game-Changer in the Energy Race

With global interest in clean, long-lasting energy, Betavolt's nuclear battery could be a game-changer. Traditional lithium-ion batteries rely on finite resources, require frequent recharging, and pose disposal challenges. In contrast, the BV100 could dramatically reduce e-waste, eliminate charging infrastructure, and support remote or mission-critical systems where battery replacement is impossible.

"We are pioneering a new era where power is compact, sustainable, and incredibly long-lasting," Betavolt said in a statement. "Our batteries could operate in deep space, under the ocean, or inside the human body, anywhere reliable energy is needed."

### Hurdles Ahead?

Of course, challenges remain. Regulatory approvals, especially for nuclear technology, can be complex, particularly in export markets. Public perception of the word 'nuclear' may also pose branding issues, despite the battery's proven safety and eco-friendly credentials. Still, Betavolt is optimistic. The company is working with government bodies to ensure that all safety and quality standards are met. It's also in talks with potential partners in aerospace, healthcare, defense, and IoT sectors to roll out use cases that push the limits of battery innovation.

### The Future is (Nuclear) Electric

Whether powering smart sensors in remote locations or enabling a pacemaker to run for a lifetime without surgery, the applications for the BV100 are as vast as they are visionary.

In an era obsessed with charging speeds and battery cycles, Betavolt is offering something radically different: a battery you might never have to touch again. And if it delivers on its promise, the BV100 won't just power devices, it could power a whole new way of thinking about energy.





C is described in Mazuchelli's book as an important colonial official, a 'burra sahib.' She credits him for making all the plans for the journey and engaging the helpers. She says that he wanted the Mazuchellis to feel like his 'guests' and even carried a map of Sikkim 'deep in his portmanteau.' What she does not say explicitly but can be deduced from her words is that C was on a secret, quasi-official mission, to find a route to the Tibetan frontier via Sikkim.


# The Friend Called C...

● Anu Kumar

In November 1869, as the rains ended in Darjeeling, Nina Mazuchelli set out with her husband, a friend she called C and a team of nearly 90 coolies towards the eastern Himalayas, or as she called them, 'the Indian Alps.'

It was an arduous journey that took them through steep mountain crossings, narrow gorges and treacherous ravines. Uncertainty could stalk them anytime, anywhere. Halfway through the journey, at a camp close to Yangpoong, at a height of 14,500 feet, their promised food supplies did not turn up. In desperation, C dispatched messengers and began rationing the food they had. In the meantime, their guide, who, it turned out, had deliberately led them astray, disappeared. "Great and hourly increasing depression reigns in camp," said Mazuchelli. "The poor coolies have lost all their natural exuberance of spirits."

Left with few options, the group turned back in the face of a dense mist. Mazuchelli lived to tell the tale. The Englishwoman's account of the journey, *The Indian Alps and How We Crossed Them*, is written in a rapturous style and is illustrated with her sketches. The book was authored under the pseudonym, 'A Lady Pioneer.' Like most women writers of the time, she remained anonymous, but decades after her death, it secured Mazuchelli a place among pioneering women adventurers such as Fanny Workman and Alexandra David-Neel.

From its pages, it is evident that Mazuchelli had a deep fascination with the Himalayas. She says she felt a longing to get closer to the 'stupendous amphitheatre of snow-capped mountains' as soon as she moved to Darjeeling in 1868 with her army chaplain husband, Felix Francis. But once their friend C got involved, a new purpose got tacked on to the trip.

C is described in Mazuchelli's book as an important colonial official, a 'burra sahib.' She credits him for making all the plans for the journey and engaging the helpers. She says that he wanted the Mazuchellis to feel like his 'guests' and even carried a map of Sikkim 'deep in his portmanteau.' What she does not say explicitly but can be deduced from her words is that C was on a secret, quasi-official mission, to find a route to the Tibetan frontier via Sikkim.

So, who was this C, the influential companion and fixer? Why was he never named in the book? And did he have a larger role in the geopolitical games playing out in Sikkim, British India and Tibet at the time? I was so compelled by this mystery that I spent days digging through archival sources to ascertain C's identity. Cross-referencing Mazuchelli's book with administrative reports, accounts by peers and newspaper dispatches, I concluded with near certainty that C was Colonel John Colpoys Haughton, the Commissioner of Cooch Behar, who held the additional charge of steering British India's political relations with Sikkim and Bhutan from 1865 to 1873.



Nina Mazuchelli and her husband Felix Frances.



Nina Mazuchelli.




Map from Mazuchelli's book.




J. C. Haughton.

#HISTORY

## The Great Game

Haughton was a distinguished soldier. Before he came to Cooch Behar, he had served in the Chota Nagpur region, the Andamans, Burma, Assam and Afghanistan. In 1841, when he was a young 24-year-old officer in the Gurkha regiment, his forces were besieged by hostile Afghans at Charikar, 40 miles north of Kabul. Desperate, his soldiers parched for water. Haughton decided to move to Kabul, but was attacked by his own Afghan gunners. That he made it out alive was partly thanks to a fellow officer and a Gurkha soldier, although, he did suffer severe injuries to the neck and the arm, because of which his right hand had to be amputated. Mazuchelli describes C as six feet tall and mentions his military bearing. Other sources refer to Haughton's 'wiry and spare frame' and his 'great capacity for physical endurance.' Mazuchelli writes that he insisted on riding on a pony on their journey and hiked on foot when required. Meanwhile, she was carried by bearers on a 'Bareilly dandy,' an upright chair with poles, except on steep ascents, when she was carried on a helper's back.

This was the period of the Great Game, a time of intense rivalry between Britain and Czarist Russia for the control of Central Asia, Afghanistan, Persia and Tibet. Haughton had experienced this conflict first-hand during his service in Afghanistan, whose rulers and chieftains frequently sought to play the two big powers against each other. Two decades later, as a colonial official in India's east, Haughton was aware of British India's overtures to Tibet and its simultaneous moves to maintain influence in Nepal and Sikkim, which were independent kingdoms with historic links with Tibet.



In Sikkim, the British had achieved a degree of success. Sikkim aided them in the Anglo-Nepalese War of 1816 and its ruler, called the Chogyal, gave Darjeeling to them in 1835. This acquiescence rankled many in the Sikkim court who retained familial links with Tibet and resented British interference of any kind.

In 1849, the *diwan* of Sikkim, Tokhang Donyer Namgyal, triggered a face-off with the British when he imprisoned Darjeeling's medical superintendent and an English explorer. The British won that confrontation and wrested various concessions from Sikkim. A second standoff between them in 1861 went the same way, with the two sides signing the *Treaty of Tomlung* that gave the British even more advantages, including the permission to secure a route to Tibet via Sikkim. This was vital for the British since ongoing attempts to find a route to Tibet from Ladakh remained, at this stage, uncertain and perilous. Anyone suspected by Tibetans of spying was arrested or, worse, killed. The Treaty of Tomlung deepened the simmering resentment in Sikkim. The diwan went into exile in Tibet, even though, he continued to enjoy visible support, something the Mazuchellis and C witnessed during their journey.

## Mission Unaccomplished

To Haughton, the journey had one overarching purpose, to find a route to facilitate trade to Tibet through Sikkim, especially in tea. The very year he had taken charge in Cooch Behar, British India had won a battle against Bhutan, seizing territory and privileges related to trade and tea cultivation.

Haughton had shared his idea with his superiors, but they were circumspect, advising him instead to relay it to Tibet via the Chogyal of Sikkim and the British minister at Peking. Other administrators were wary that his plan might antagonise powerful people in Nepal, which had controlled Sikkim till 1816 and still wielded considerable influence there.

Knowing that his superiors would not give official permission for his mission, Haughton tagged along with the Mazuchellis. Their expedition was an ideal cover for him. It saved him from antagonising his bosses and, besides, he was deeply aware of Tibet's insistence on isolation and its suspicion of outsiders. An attempt by the explorer Thomas Thornville Cooper to seek a route to Tibet via Sadiya and Tawang had ignominiously failed after Cooper was turned back, soon after crossing into Tibet territory at Rima.


The initial weeks of C and Mazuchellis' journey were delightful. The travelling party crossed the Dumgongla Pass, camped in pine forests and dined in style. Soon enough, though, problems started arising.

On their journey, Mazuchelli could not help but notice the suspicious looks she got. Whenever she went on a sketching sojourn, some of her helpers assumed she was surveying the land for 'possible annexation.' As the large group moved northwards along the Singalila Range, and towards Kanglanamo Pass, the Kazi of Yamting reneged on his promise to deliver supplies and the guide led them off track, making the group go back. Mazuchelli suggests in her book that the Kazi was the exiled *diwan* himself, but it is more likely that he was a sympathiser of the diwan, just like the guide. Despite his aborted trip, Haughton continued his efforts to open up Sikkim, and to increase British influence in the kingdom. He retired in 1873 and spent his last years in Ramsgate, Kent. Of his four children, one was a tea planter in the Duars and another, his namesake John, served in Afghanistan.


The Mazuchellis returned to England in 1874. In the late 1870s, they made a journey to the Carpathian mountains in eastern Europe and Mazuchelli wrote about this visit in a book published in 1881. Bram Stoker, the writer of *Count Dracula*, is believed to have drawn on her work, among others, when creating the mysterious region of Transylvania. Mazuchelli justifiably won acclaim in later decades for her books. Peter Bishop, in *The Myth of Shangri-La* (1989), described her 'as the first western woman to have glimpsed Mt. Everest,' a mountain she wrote about evocatively, and that she preferred calling by its Tibetan name, *Deodunga, the Abode of God*.

"Beneath, at my very feet, lies a valley of desolation, hemmed in by a wall of micaceous and tempest-shattered peaks, and beetling crags, and above these an undulating sweep of crystal, the snowy range of Nepaul, looking marvellously near, and with that terrible beauty of death, like repose, which precedes sunrise, as it follows upon sunset. Whilst I stand alone amidst this infinitude of Nature, the sun, beginning to ascend on his triumphal car of crimson cloud, tips the highest pinnacle with an aerial glory. In an instant, it dawned upon me that I was at last gazing on Mount Everest, the highest mountain in the world. I could not be mistaken. There it stood, like a stupendous barrier, shutting out the west, with austere sublimity, till the glorious sun arises."


rajeshsharma1049@gmail.com

Indian Alps.



The Indian Alps and how we crossed them, Nina Mazuchelli.

#TRIED & TASTED

# Scoop Dreams



Irresistible Homemade Ice Cream recipes to beat the Summer Heat!



Shruti Kothari

There's something about summer that stirs up the sweetest cravings, mangoes, watermelon, chilled falooda, and most of all, ice cream. But not the kind you grab from the store freezer aisle. We're talking about the kind that drips down your fingers while you laugh with your cousins, made in your own kitchen with love, real ingredients, and just the right dash of nostalgia.

Yes, homemade ice cream is having a moment, and it's not just for the gourmet-inclined. So, pull out that blender, grab your kulfi moulds or mason jars, and prepare to churn up joy, one creamy scoop at a time.

### The No-Churn Revolution: Creamy Magic in a Bowl



Before we dive into flavour fantasies, let's get the basics straight. No-churn ice cream is the hero we didn't know we needed. All you need is:

1. 2 cups heavy cream (or fresh *malai* if you're going old school)
2. 1 can of condensed milk
3. A pinch of salt
4. Vanilla extract (optional)

Whip the cream until soft peaks form, fold in condensed milk, add your flavorings, and freeze overnight. That's it. No ice cream maker, no drama, no regrets.

### 1. Mango Lassi Ice Cream (The Desi Showstopper)

You knew this was coming, didn't you? Mango season without mango ice cream is basically summer sacrilege.

**Ingredients:**

- 1 cup Alphonso mango pulp
- 1/2 cup yogurt
- 1 tsp cardamom powder
- Basic no-churn base

**Preparation:**
Mix mango pulp, yogurt, and cardamom powder until smooth. Fold into the no-churn base, pour into a container, and freeze for 6-8 hours. Scoop and serve!



### 2. Filter Coffee Ice Cream (For the Caffeine Devotees)



Coffee lovers, meet your soulmate. This one's a tribute to south Indian filter coffee, intense, aromatic, and soul-stirring.

**Ingredients:**

1. 1/2 cup strong decoction or espresso
2. 1 tsp chicory powder (optional, for authenticity)
3. Basic no-churn base

**Preparation:**
Add the decoction and chicory to your cream mixture and fold in. Freeze it, and brace yourself for a bold, bittersweet kick that's perfect post-dinner. Bonus: add caramel swirls or chocolate chips if you're feeling fancy.

### 3. Rose Milk Falooda Ice Cream (Because Why Not?)

Inspired by Chennai's famous *Kalathi Rose Milk* and our collective love for *falooda*.

**Ingredients:**

1. 2 tbsp rose syrup (Rooh Afza works)
2. 1 tbsp soaked basil seeds (sabja)
3. Cooked vermicelli (optional but authentic)
4. Basic no-churn base

**Preparation:**
Add rose syrup and sabja seeds to the cream mixture. For drama, layer it with falooda sev and jelly before freezing. It's floral, crunchy, creamy.



### 4. Coconut Jaggery Vegan Ice Cream (No Moo, No Problem)



Dairy-free can still be delicious. This one's for the vegan crowd or the lactose-sensitive looking to chill guilt-free.

**Ingredients:**

1. 1 can coconut cream
2. 1/2 cup jaggery syrup
3. A pinch of sea salt
4. Toasted coconut flakes for garnish

**Preparation:**
Whisk everything together and freeze. The result? Rich, nutty, slightly caramel, a kulfi-meets-tropical-holiday kind of vibe.

### 5. Chai Biscuit Ice Cream (Evenings, Frozen)





Remember dunking Parle-G into chai until it almost dissolved? This flavour is a throwback to that beautiful mess.

**Ingredients:**

1. 1/2 cup strong masala chai (reduced)
2. Crushed Marie or Parle-G biscuits
3. Cinnamon and ginger powder
4. Basic no-churn base

**Preparation:**
Add reduced chai and spices to the mix, fold in biscuit bits and freeze. Every bite is creamy, spicy, and comfortingly familiar.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# प्रेम संबंधों में बाधा बन रहे पति की पत्नी ने अपने प्रेमी से हत्या करवाई थी

## मस्तान हत्याकांड का पर्दाफाश, मृतक की पत्नी व उसके विकलांग प्रेमी को गिरफ्तार किया



मस्तान हत्याकांड का पर्दाफास कर पुलिस ने महिला व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया।

- आरोपी दिव्यांग बशीर ने पहले मस्तान को शराब पिलाई और फिर छुरी से गला रेत डाला

**अजमेर,** (कासं)। अपनी ही प्रेम कहानी में बाधा बन रहे खुद के पति को पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या करने का षडयंत्र रचा। साजिश के तहत पत्नी के प्रेमी ने पहले तो मस्तान को शराब का सेवन करवाया और अधिक नशे में होने के बाद छुरी से मस्तान का गला रेत कर अपने घर चला गया। मस्तान नशे में धुत्त होने के कारण बशीर से संघर्ष भी नहीं कर पाया। इस मामले का गुरूवार को अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने खुलासा करते हुए बताया कि मृतक की पत्नी जनता व उसके प्रेमी बशीर को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने मस्तान हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए बताया कि 8 अप्रेल को नसीराबाद सदर पुलिस थाने पर सूचना मिली थी कि हाउसिंग बोर्ड से आगे राजोसी रोड़ पर एक डेड बॉडी पड़ी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की तो मृतक की पहचान मस्तान पुत्र दिलावर चीता निवासी नाडी का बाड़िया राजोसी के रूप में हुई, जहां मृतक के छोटे भाई घीसा ने चीर घर नसीराबाद पर ही एक रिपोर्ट जनता व जनता के प्रेमी बंशीर के खिलाफ प्रेम संबंधों के चलते मस्तान की हत्या करने की संभावना जता हुए दी, जहां एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी केकड़ी सोराजमल व डिप्टी जरनैल सिंह के निर्देशन में टीमों का गठन किया, जहां पुलिस टीम ने मृतक की पत्नी जनता व उसके प्रेमी बशीर को गिरफ्तार कर पूछताछ की जहां उन्होंने हत्या की वारदात को अंजाम देना कबूल किया।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि मृतक की पत्नी जनता व उसके प्रेमी बशीर से अलग-अलग व एक साथ की गयी पूछताछ से यह खुलासा हुआ कि मृतक मस्तान की पत्नी का जनता है, जिसका जनता का पिछले एक साल से बशीर पुत्र रामा चीता निवासी डूंगाजी का बाड़िया राजोसी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसके चलते बशीर अपनी प्रेमिका जनता से मिलने व उसके साथ रहने में मृतक मस्तान रोडा बन रहा था, जिस कारण से मृतक की पत्नी जनता व उसके प्रेमी बशीर ने मिलकर मस्तान की हत्या करने की योजना तैयार करने लगे। पूर्व में थाना नसीराबाद सदर, पर मृतक की पत्नी जनता ने स्वयं के साथ मैट रणजीत व अन्य द्वारा मारपीट करने के प्रकरण दर्ज करवा रखा था, जिस कारण से जनता के परिवार व रणजीत के बीच में रंजिश हो गई थी, तो बशीर व मृतक की पत्नी जनता ने यह तय किया कि रणजीत से जनता के परिवार को जान-माल का खतरा होने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेंगे और मस्तान की हत्या होती है तो सीधा सीधा शक रणजीत पर जायेगा तो अपने पर कोई आंच नहीं आएगी।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि इस प्रकार से अभियुक्त बशीर व मृतक की पत्नी जनता से षडयन्त्रपूर्वक योजना तैयार की, लेकिन अभियुक्त बशीर विकलांग होने से अकेले मारने में डर लग रहा था, जिस कारण से बशीर व मृतक की पत्नी जनता ने मृतक मस्तान की हत्या शराब पिलाकर नशे में होने के बाद हत्या करने की साजिश रची। मृतक की पत्नी जनता व बशीर ने साजिश के तहत 7 अप्रैल को मुताबिक योजना के मृतक मस्तान शाम के समय मजदूरी कर अपने घर आया तो मृतक की पत्नी जनता ने मृतक को बशीर के साथ शराब पार्टी करने व पैसों की जरूरत होने पर बशीर द्वारा देने की बात कहकर उसके साथ जाने के लिये तैयार कर दिया तथा जनता ने अपने पति मस्तान के घर पर आने व बशीर के साथ जाने के लिये रवाना करने की सूचना बशीर को दी। जिसके बाद मृतक मस्तान व बशीर दोनो आपस में मिले और घटना स्थल हाउसिंग बोर्ड के सामने खण्डर पडे एम एच क्वार्टर के पास आये, जहाँ पर बशीर ने योजना के अनुरूप मृतक से शराब का पव्वा व बीयर की बोतल मंगवायी और आमने-सामने बैठकर शराब पीने लगे, मृतक मस्तान के द्वारा देशी पव्वा पीने के बाद बशीर ने योजनाबद्ध तरीके से आधी बीयर पीकर शेष बीयर भी मस्तान को ही पिलाई। इसके बाद मस्तान नशे में होने के बाद मौका पाकर बशीर ने अपनी जेब से छुरी निकालकर गला रेत दिया और हत्या कर दी।

मृतक मस्तान शराब के नशे में होने से ज्यादा संघर्ष नहीं कर पाया, जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से अपनी चार पहियों की स्कूटी लेकर घर चला गया, जिस पर बशीर व जनता को 9 अप्रैल 2025 को पुलिस थाना नसीराबाद सदर जिला अजमेर द्वारा दस्तयाब किया और हत्या के मामले का खुलासा किया गया।

# तस्करी का आरोपी जमानत मिलने के बाद फरार

## तस्करी के आरोपी को जानते नहीं थे, दे दी जमानत, दोनों जमानतियों को सिविल कैद

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। न्यायालय के सामने एक अजीब तरह का मामला सामने आया है। मादक पदार्थ तस्करी का आरोपी जमानत मिलने के बाद फरार हो गया है। जिन्होंने जमानत दी, वे आरोपी को जानते तक नहीं लेकिन किसी के कहने पर एक-एक लाख रुपए की जमानत मुचलके देकर आरोपी को न्यायिक हिरासत से बाहर निकलवा दिया। जिस जमीन के जमानत के तौर पर कागज दिए गए, वह बैंक के पास रहन पड़ी है। इस कारण दोनों जमानतियों को एक-एक माह की सिविल जेल की सजा सुनाई गई है। यह मामला मादक पदार्थ तस्करी के मामलों की विशेष कोर्ट का है।

न्यायाधीश अजयकुमार भोजक ने चार बी बड़ी के वार्ड तीन निवासी बसंतसिंह पुत्र इंद्रसिंह रायसिख और एक सी बड़ी के वार्ड 7 निवासी ज्वालासिंह पुत्र मोहनसिंह रायसिख को सिविल कैद की सजा सुनाई है। न्यायालय के एसपीपी विजेंद्र घिंटाला ने बताया कि रविदास नाम के व्यक्ति को मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन दोनों व्यक्तियों ने रविदास की एक-एक लाख रुपए की जमानत के तौर पर अपनी जमीन के कागजात पेश किए थे। इस पर न्यायालय ने आरोपी रविदास को जमानत दे दी। जमानत मिलने के बाद से आरोपी रविदास फरार हो गया और तारीख पेशी पर अदालत में उपस्थित ही नहीं हुआ। इस पर न्यायालय ने दोनों जमानतियों को तलब किया लेकिन ये भी अदालत में पेश नहीं हो रहे थे।

अदालत के आदेश पर दोनों जमानतियों को हिंदुमलकोट थाने के कांस्टेबल खेतपाल ने डिटेन कर 5 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया। जमानतियों ने अदालत में स्वीकार किया कि वे आरोपी रविदास को जानते ही नहीं इसलिए उसको अदालत के सामने पेश नहीं कर सकते। उन्होंने किसी के कहने पर रविदास की जमानत दी थी। न्यायालय ने जमानतियों की जमीन की कुर्की कर एक-एक लाख रुपए की दी गई जमानत रकम जब्त करने को कागजात की जांच करवाई। तब सामने आया उक्त दोनों जमानतियों की जमानत के समय दिखाए गए कागजात वाली जमीन कालियां के एसबीआई बैंक के पास रहन पड़ी है। इस कारण न्यायालय उक्त जमीन की कुर्की नियमानुसार नहीं करवा सकता। इस पर दोनों जमानतियों को ही एक-एक माह के लिए सिविल कैद की सजा सुनाकर केंद्रीय कारागृह भिजवा दिया है।

# आग से छप्पर जलकर राख, एक लाख से अधिक का नुकसान

**नारायणपुर,** (निसं)। ग्राम पंचायत चांदपुरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजपुरा सिक्ख में गुरुवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक कच्चे छप्पर को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। घटना में लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

राजपुरा सिक्ख निवासी मनोहर बलाई पुत्र गणपत राम के कच्चे छप्पर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बिना देर किए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। महिला, पुरुष और बच्चों ने करीब दो घंटे तक लगातार पानी और रेत डालकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही हल्का पटवारी राजेश गुर्जर और स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पटवारी द्वारा तैयार की गई मौका रिपोर्ट के अनुसार आग से करीब 1 लाख 34 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

# तेजी से बढ़ती गर्मी के कारण बीमार पड़ रहे लोग

- सवाई मानसिंह अस्पताल में रोजाना 10 हजार मरीज पहुंच रहे
- अप्रेल माह में 40 डिग्री तापमान पहुंचा, बीमारियों के चलते ओपीडी में लंबी कतारें लग रही

**जयपुर,** (कासं)। राजधानी जयपुर में बढ़ती गर्मी के साथ ही सवाई मानसिंह अस्पताल में मरीजों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। मौसम में बदलाव के चलते मौसमी बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़ रही है। स्थिति ये है कि रोजाना 10 हजार से ज्यादा मरीज अस्पताल की ओपीडी में पहुंच रहे हैं। इनमें ज्यादातर मरीज स्किन व आंख में एलर्जी, डिहाइड्रेशन, सिरदर्द, बुखार, डायरिया, जुकाम समेत कई बीमारियों से ग्रस्त हैं।

एसएमएस अस्पताल की ओपीडी में अप्रैल के पहले सप्ताह में ये आंकडा 10 हजार पार पहुंच गया है। हालांकि पिछले साल अप्रेल की तुलना में ये कुछ कम ही है। इधर, लू-तापघात व मौसमी बीमारियों को लेकर चिकित्सा विभाग ने हाल ही बैठक लेकर अलर्ट जारी किया था। इस संबंध में स्वास्थ्य भवन में बैठक भी हुई थी। इसमें चिकित्सा संस्थानों में जांच, उपचार के साथ ही छाया-पानी के माकूल इंतजाम करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही पंखे, कूलर, एसी की जरूरत के अनुसार खरीद और मेंटीनेंस के भी निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद फिलहाल अभी इन संसाधनों के मेंटीनेंस का काम ही चल रहा है। अप्रैल माह के पहले सप्ताह से ही गर्मी के बढ़ते तापमान ने लोगों के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाला है। ओपीडी में सर्वाधिक केस मौसम के बदलाव से हुए वायरल, सिरदर्द, बुखार, डायरिया, जुकाम के आ रहे हैं। अप्रेल में पहले सप्ताह की बात करे तो ओपीडी में 1 अप्रेल को 7400, 2 अप्रेल को 8621, 3 अप्रेल को 9123, 4 अप्रेल को 9852 वहीं 5 अप्रेल को मरीजों का आंकडा 9026 रहा। इसके बाद 7,8 व 9 अप्रेल को यह आंकडा 10 हजार पार पहुंच गया। एसएमएस अस्पताल के स्कीन स्पेशलिस्ट डॉ. अंशुल माहेश्वरी ने बताया कि तापमान बढने के साथ ही शरीर में रुखेपन की समस्या बढना आम है। इन दिनों ऐसे मरीजों की संख्या में काफी बढोतरी देखी गई है।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी एवं चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 23 मार्च को हेमन्त गौड़ पुत्र जगदीश चन्द्र गौड़ ने पुलिस थाने मं रिपोर्ट दी कि मैं कंस्ट्रक्शन का काम करता हूं तथा मनवाखेड़ा में रामेश्वर अपार्टमेंट निर्माण का काम चल रहा है। चार वर्ष से प्रवीणसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह निवासी गुप्तेश्वर नगर सेक्टर 7 सविना सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहा है। दो वर्ष से स्वास्थ्य खराब होने से मैं अपनी साइड पर नहीं गया। इस दौरान आरोपी प्रवीणसिंह ने साथी किशन व मनीष के साथ मिल कर माल मटेरियल सहित करीब 40 लाख का माल चुरा ले गए।प्रकरण दर्ज होने पर हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने प्रवीणसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की।

# व्यक्ति का अश्लील वीडियो बना महिला ने ब्लैकमेल किया

- महिला ने दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी, मामला दर्ज

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के बज्जू में एक व्यक्ति के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर हनी ट्रैप का मामला सामने आया है। बज्जू में एक शख्स को धोखे से घर बुलाकर महिला ने उसके साथ अश्लील फोटो खींच ली और वीडियो बना लिया। इसे वायरल करने और दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर महिला ने उस व्यक्ति को हनी ट्रैप किया।

महिला ने उस शख्स को ब्लैकमेल किया और उससे रुपए ऐंठने का प्रयास करने लगी। परेशान होकर उस व्यक्ति ने बज्जू पुलिस थाने में केस दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वह अपने गांव में स्कूल का संचालन करता है। दूर-दराज से आने वाले छात्रों को ठहराने के लिए उसे मकान की आवश्यकता थी। उसने जुलाई, 2023 में 1.10 लाख रुपए प्रति सत्र एक मकान किराये पर लिया। एक मई, 2024 को मकान की चाबी वापस सौंप दी। उसके बाद मकान मालिक की पत्नी उससे मिली और शिकायत की कि छात्रों ने उसके मकान की खिड़की, दरवाजे और जालियां तोड़ दी। उसने कोटा में नीट की तैयारी कर रही बेटी को तनाव देने की धमकी दी और अपने घर बुलाया। डर के कारण वह अक्टूबर, 2024 में महिला के घर गया तो उसने अपने कपड़े उतार दिए और बलात्कार का आरोप लगाने की धमकी दी। उसने धमकाया और अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। जेब से 20 हजार रुपए भी निकाल लिए। बाद में महिला ब्लैकमेल करने लगी और घर में बाथरूम और फर्नीचर का काम करवाने का दबाव डालने लगी। वह बार-बार फोन कर टार्चर करने लगी। आरोप है कि पीड़ित की बेटी से मारपीट भी की। बज्जू थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है जिसकी जांच एएसआई प्रेमसिंह को सौंपी गई है। पीड़ित व्यक्ति की ओर से महिला का ऑडियो भी पुलिस को सौंपा गया है जिसमें वह धमकाकर बाथरूम और फर्नीचर का काम करवाने के लिए दबाव डाल रही है।

# सुरक्षा गार्ड ने आत्महत्या की

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में सुरक्षा गार्ड ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडली टाटगढ़ जिला ब्यावर हॉल रेबारियों का गुड़ा आपणी ढाणी निवासी दाउसिंह पुत्र वरदीसिंह ने अपने मकान में फांसी लगा ली। इसका पता चलने पर परिजन फंदे से नीचे उतार कर उसे चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर प्रतापनगर थाना एसआई अशोक कुमारसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

दाउसिंह निजी चिकित्सालय में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# फोटो प्रदर्शनी में दिखा जवाहर कला केन्द्र का 32 वर्ष का सफरनामा

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र के 32वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत तीन दिन से सुरेख व सुकृति कला दीर्घा में चल रही फोटो प्रदर्शनी में जेकेके के अब तक के सफर को दर्शाया गया। स्थापना के बाद से देश के कलाकारों ने केंद्र में विभिन्न कार्यक्रमो में शिरकत की है जिन्हें फोटो में देखकर लोगों ने अपनी यादें ताजा की। केंद्र में इतने सालों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों के फोटोज से केंद्र का गौरवशाली इतिहास जीवन्त हो उठा। केंद्र का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को सम्पन्न हुआ। तीन दिन में केंद्र परिसर ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पं.विश्वमोहन भट्ट, पद्मश्री से सम्मानित कलाकार अनवर खां मांगणियार, तंत्री सम्राट पं. सलिल भट्ट की प्रस्तुतियों के साथ ही 100 से लोक वाद्य वादन के कार्यक्रम में राजस्थानी संस्कृति के अद्भुत रंगों का साक्षी बना।

# दो अलग-अलग हादसों में एक की मौत, एक घायल

- अन्य मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हुआ, तलाश जारी

**निवाई,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर मूडिया मोड़ के पास गुरुवार को सुबह दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक जना गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई।

थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि गुरुवार सुबह गांव बलूंदा थाना घाड निवासी रामनिवास पुत्र हुकमचंद रैगर अपने पुत्र रवि के साथ मोटरसाइकिल से जयपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मूंडिया मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल की एक अन्य मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में वह गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर चौकी प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को थाना मोबाइल वाहन से राजकीय सामुदायिक अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी चिंताजनक हालत होने पर चिकित्सकों ने जयपुर रेफर कर दिया। जयपुर में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि अन्य मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार महावीर ढाबे के समीप दो मोटरसाईकिलों में भिडन्त हो गई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि नोरा की ढाणी तुर्किया निवासी रेवडमल पुत्र धन्नालाल मीणा मोटरसाइकिल से निवाई आ रहा था। इसी दौरान महावीर ढाबे के सामने एक मोटरसाइकिल चालक ने उसके टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उप जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जिसकी चिन्ताजनक स्थिति होने पर चिकित्सकों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत, छह घायल

- घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया

**टोंक,** (निसं)। दतवास थाना क्षेत्र के कौथून स्टेट हाइवे पर सड़क हादसे में कार में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, वहीं छह लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बजरी से भरे डंपर ने स्कॉर्पियो कार को टक्कर मार दी, उसके बाद ड्राइवर डंपर लेकर भाग छूटा, हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो तथ्य निकलकर सामने आएंगे, उसी अनुरूप आगे की कार्यवाही की जाएगी।

दतवास थाना प्रभारी कालूराम ने बताया कि दौसा जिले के लालसोट क्षेत्र के तलाव गांव के रहने वाले मुस्लिम परिवार के महिला-पुरुष बुधवार को स्कॉर्पियो कार से टोंक में रिश्तेदार के शादी समारोह में आए थे, शादी में शामिल होने के बाद बुधवार रात को गांव के लिए रवाना हो गए, इस दौरान करीब 11.30 बजे पुलिस को सूचना मिली, जहां पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को चाकसू अस्पताल पहुंचाया। हादसे के दौरान मुमताज बानो पत्नी छुट्टन मोहम्मद पिनारा व अफरोज पत्नी शाहरुख को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने इनके शव मॉर्च्युरी में रखवाए। वहीं छह घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया।

# ग्वार चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

## गैंग के साथ मिलकर ग्वार के 220 कट्टे चोरी किए थे



पुलिस ने ग्वार चोरी का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने पपुरना में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी गैंग के साथ मिलकर ग्वार के 220 कट्टे चोरी कर ले गए थे।

थानाधिकारी गोपाललाल जांगिड़ ने बताया कि 28 फरवरी को पपुरना निवासी रवि गुप्ता ने रिपोर्ट दी कि करमाडी से खेतड़ी जाने वाली सड़क पर सैनी धर्मशाला के पास उसका मकान है, जिससे 220 कट्टे ग्वार के रखे हुए थे। जब वह मकान को संभालने के लिए गया तो उसका ताला टूटा हुआ था। जब उसने अंदर जाकर देखा तो उसमें रखे ग्वार के कट्टे गायब मिले। इस दौरान आसपास के लोगों से पूछा तो कोई सूचना नहीं लग पाई। इस दौरान उसने अज्ञात लोगों के खिलाफ ताला तोड़कर ग्वार चोरी करने का मामला दर्ज करवाया। थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी शरद चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी गोपाल लाल के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस की टीमों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तथा वांछित अपराधियों से पूछताछ की गई। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की ग्वार चोरी के मामले में ढाणी नौलखा तन अजीतगढ़ निवासी दीपक मीणा उर्फ दीपू महाराज को हिरासत में लेकर पुछताछ की तो उसने गैंग के साथ मिलकर चोरी करने की वारदात को कबूल कर लिया। जिस पर पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए दीपक मीणा उर्फ दीपू महाराज पुत्र पुरणमल को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया गिरफ्तार आरोपी से वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी के खिलाफ अजीतगढ़, नवलगढ़, भांकरोटा, खेतड़ी थानों में मारपीट, आर्म्स एक्ट, चोरी के पांच मामले दर्ज हैं। इस दौरान टीम में थानाधिकारी गोपाल लाल, एचसी दिनेश कुमार, संदीप कुमार, कांस्टेबल बलवीर, भरतलाल, महेश कुमार, पंकज आदि शामिल थे।

# लूट की वारदात का राजफाश, पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया



लूट के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- हथियार की नोक पर फाइनेंस कंपनी में लूट की वारदात को अंजाम दिया था
- पुलिस ने आरोपियों पर 20 हजार रूपए का इनाम घोषित कर रखा था

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर एक निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में लूट की वारदात का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। वहीं वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों पर 20 हजार रूपए का इनाम घोषित कर रखा था।

शहर कोतवाल हरजिन्दर सिंह ने बताया कि पिछले महीने ही 25 मार्च को झुंझुनूं शहर के भारत फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में अज्ञात तीन बदमाश हथियार के साथ घुस गए थे, जिन्होंने कार्यालय में बैठे कर्मचारी को बंदूक दिखाई और उससे कार्यालय में रखी तिजोरी की चाबी मांगी, लेकिन चाबी नहीं मिली। जिसके बाद आरोपियों ने कंपनी के कर्मचारी के साथ ही लूट की वारदात कर डाली। उसके गले से सोने की चैन तोड़ ली और कार्यालय के बाहर खड़ी उसकी बाइक ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसके बाद ना केवल घटना स्थल, बल्कि झुंझुनूं शहर, फतेहपुर और सरदारशहर समेत गंगानगर तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। जिसके बाद आरोपियों की पहचान की गई।

पुलिस ने श्रीगंगानगर जिले के रावला थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर चक 10 डीओएल निवासी अमरसिंह जीत सिंह पुत्र करनैल सिंह, इसी थाना क्षेत्र के शेखड़ा निवासी मोहम्मद अली पुत्र नूर मोहम्मद तथा शेखड़ा निवासी अनिल पुत्र रामचंद्र विश्नोई को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वारदात करने के पीछे मास्टरमाइंड रावला थाना क्षेत्र का ही मंथन था, जो तीन-चार साल पहले इस फाइनेंस कंपनी में कर्मचारी था, जिसे इस कंपनी के कार्यालय के अलावा यहां की हर चीज की जानकारी थी। उसने ही अपने साथियों के साथ फाइनेंस कंपनी कार्यालय में लूट की योजना बनाई। हालांकि मंथन अभी पुलिस की पकड़ से दूर है, लेकिन पुलिस टीमें लगी हुई है। पुलिस ने अमरजीत सिंह तथा मोहम्मद अली को बापर्दा गिरफ्तार किया है। दोनों लूट की वारदात में शामिल थे। वहीं अनिल विश्नोई ने लूट की वारदात के लिए आरोपियों को हथियार उपलब्ध करवाया था। पुलिस ने इस मामले में लूटी गई बाइक बरामद कर ली है। वहीं हथियार बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मुख्य मास्टरमाइंड की भी तलाश की जा रही है। शहर कोतवाल हरजिन्दर सिंह ने बताया कि पुलिस ने तकनीक का उपयोग करते हुए आरोपियों को धर दबोचा है।

## संक्षिप्त

### निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**मनोहरपुर।** कस्बे के गांधी चौक बाजार में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में माली सैनी समाज द्वारा आज प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले की जयन्ती के उपलक्ष में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिनमें कई परामर्श शामिल है। इस दौरान राकेश कुमार सैनी ने बताया कि चिकित्सा में नैत्र, नाक, कान, गला, बच्चों का रोग आदि की निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। शिविर में निःशुल्क जांच व दवाइयां वितरण की जाएगी।यह शिविर आम जनता के लिए एक बड़ा अवसर है।जिसमें वे निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**श्रीमाधोपुर।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 46 वां शिविर 12 अप्रैल शनिवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम् रहने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। शिविर में आने वाले रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं।

### युवाओं ने सजाया अहिंसा सर्किल

**निवाई।** शहर में स्थित अहिंसा सर्किल पर की युवाओं द्वारा सामाजिक समरसता का उदाहरण देते हुए आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई करके अहिंसा सर्किल को फूल मालाओं व विद्युत उपकरणों से सजाया और सर्किल के आस पास गुलाल से रंगोली बनाई। जिसमे महेंद्र जैन, शोकेश टेलर, कार्तिक पारीक, विशाल सैनी, अंशुल जैन, संभव पाटनी, राहुल शर्मा, भानुप्रताप सिंह, चंद्रशेखर वर्मा, विपुल जांगिड, गौरव जांगिड, मोहित शर्मा, अतिशय बिलाला, आशु चौधरी, अनीश सोनी, कुणाल शर्मा, अमन शर्मा, प्रथम संघी व लक्ष्य शर्मा आदि युवा मौजूद थे।

### श्री महावीर के जयकारों से गूंजा शहर

**पीपलू।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को उपखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। अष्ट द्रव्यों से भगवान महावीर का संगीतमय विशेष पूजन, शांतिधारा, अभिषेक किया गया। शहर के चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर से भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ में विराजमान किया गया। इसके बाद बैंड बाजों के साथ संपूर्ण शहर के मुख्य बाजार होते हुए शोभायात्रा निकाली गई। रथ में विराजित भगवान महावीर की जगह-जगह समाजबंधुओं ने आरती की। यहां से शोभायात्रा वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

### क्रय-विक्रय सहकारी समिति में खरीद कार्य प्रारम्भ

**कोटपूतली।** राजमार्ग स्थित क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड में समर्थन मूल्य सरसों, चना खरीद 2025-26 के लिये खरीद कार्य गुरूवार 10 अप्रैल से प्रारम्भ कर दिया गया है। कृषक के पंजीयन, तौल की मात्रा व तारीख की सूचझा कृषक के मोबाईल पर आयेगी। कृषक के जिंस की खरीद गुणवत्ता (एफएक्यू) के आधार पर ही होगी। इस दौरान समिति महाप्रबन्धक सुरेश कुमार, अध्यक्ष हंसराज कसाना, कुलदीप सिंह व खरीद केन्द्र प्रभारी अशोक कुमार, विकास कुमार, अजित सिंह, नरेश कुमार, विष्णू शर्मा आदि मौजूद रहे।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# अन्नदाता किसान का सम्मान और आर्थिक सुरक्षा हमारा ध्येय : सांसद बोहरा

**पावटा ।** भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद रामचरण बोहरा व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड एवं भाजपा नेता अजय डांडिया की उपस्थिति में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों व चना खरीद केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। केंद्र प्रभारी रोहित यादव ने बताया कि पांवटा क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना खरीद केंद्र स्थापित किया गया है। जहां किसान अपनी फसल का समर्थन मूल्य सरसों 5950 प्रति क्विंटल एवं चना 5650 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिक्री सकते हैं।

किसानों को अपना जन आधार कार्ड,गिरदावरी और बैंक पासबुक और रजिस्ट्रेशन की कॉपी साथ में लाना होगा। वही पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने इस अवसर पर किसानों एवं व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानों की समस्याओं को दूर करते हुए उनकी समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। किसान की फसल के समर्थन मूल्य केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर बताएं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसपी बढ़ाकर किसानों को एक नई सौगात देने का काम लगातार करते आ रहे हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किस काम की शुरुआत की है। किसानों को समर्थन मूल्य पर चना, सरसों को मूल्य पर उचित तौल के साथ समय पर उसे पैसा मिल रहा है।



भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद रामचरण बोहरा व विधायक कुलदीप धनकड एवं भाजपा नेता अजय डांडिया की उपस्थिति में एमएसपी पर सरसों व चना खरीद केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया।

> 'सरकार किसानों की समस्याओं को दूर करते हुए उनकी समृद्धि के लिए कार्य कर रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसपी बढ़ाकर किसानों को एक नई सौगात देने का काम लगातार करते आ रहे हैं'

वही विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सानिध्य में किसानों को फसलों का उचित मूल्य मिले इसके लिए समर्थन मूल्य पर खरीद केंद्र का प्रारंभ किया गया है।

पूर्व सांसद रामचरण बोहरा की उपस्थिति में आज खरीद केंद्र का शुभारंभ किया गया है।

किसान ही हिंदुस्तान का असली रक्षक है उनकी उपज का पूरा मूल्य मिल सके उसके लिए यह केंद्र स्थापित किए गए हैं। किसानों को सभी प्रकार की यहां सुविधा उपलब्ध होगी। इस दौरान मौजूद स्थानीय किसानों ने कहा कि खरीद केंद्र के माध्यम से हमें उपज का पूरा मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर ही खरीद केंद्र के होने से अन्यत्र ले जाने की लागत बचेगी और उचित मूल्य पर सरकारी केंद्र पर हम फसल को बेच सकते हैं।

सरकार का हम धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर क्रय विक्रय केन्द्र पावटा अध्यक्ष भरता राम, क्रय विक्रय डाइरेक्टर एवं प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति चेयरमैन उपेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### विजेताओं को किया सम्मानित

**निवाई।** ग्राम पंचायत ललवाडी में भोमियाजी महाराज का मेला धूमधाम से मनाया। जिसमें कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।मानव दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम सुखराम गुर्जर गणेशपुरा व कविराज मीणा दहलोद, द्वितीय स्थान पर लेखराज गुर्जर गणेशपुरा रहे, घुड दौड़ में प्रथम स्थान हेमराज खटाना हरभावता व द्वितीय स्थान पर धर्मराज सांसी ललवाड़ी रहे, ऊंट दौड़ में प्रथम स्थान बनवारी लाल स्वामी ललवाड़ी, कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थानजम्मू सिंह व द्वितीय स्थान पर विक्रम सांसी ललवाड़ी रहे। कबड्डी में प्रथम स्थान पर भगत सिंह टीम व महाराणा प्रताप टीम ललवाड़ी रही व चंद्रशेखर आजाद एवं डायमंड क्लब टीम द्वितीय स्थान दहलोद रही। जिनको स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मंदिर पुजारी रामजीवन सैनी, धीरज सिंह, विष्णु सिंह, भेरुलाल जाट, भगवान, गिरिराज, प्रभु सिंह, सांवरा माली, पांचुराम लोढ़ा, गिरिराज जांगिड़, किशन सिंह, छोटू माली, अमर सिंह, रामकरण बैरवा, लक्ष्मण सिंह, रूप सेन, सत्यनारायणचौधरी, पप्पू माली सहित लोग मौजूद थे।

# 'समस्याओं के निराकरण में जनप्रतिनिधियों की नाकामी'

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर की महत्वपूर्ण ज्वलंत समस्याओं के निराकरण करवाने में पूरी तरह से विफल रहने पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष विनोद कुमार गट्टानी ने इसके लिए सीधे तोर पर जनप्रतिनिधियों को दोषी ठहराया है। सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट डालकर उन्होंने सभी को कटघरे में खड़ा करते हुए अपनी तरफ से आमजन के समर्थन में पक्ष रखा कि आपका भाई आपके साथ 24 घंटे साथ देने के लिए खड़ा है, दुख की बात है कि लेकिन इस गांव के नेताओं का होना नहीं होना एक प्रकार से बराबर है, क्योंकि जब इनको वोटो की जरूरत होती है तो अपने सांसद, एमएलए उम्मीदवारों के पक्ष में इस प्रकार से जनता को भ्रमित कर वोट मांग लेते हैं, लेकिन जैसे ही चुनाव जीत जाते हैं तो ऐसे गायब हो जाते हैं जैसे गधे के सिर से सींग। उन्होंने यह भी बताया कि अपना दोनों दलों के नेता स्वार्थ सिद्ध करते हैं और जनता की तरफ कोई किसी प्रकार का ध्यान नहीं देते हैं। नगरपालिका पार्षद

> 'स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल, ट्रेनों का अभाव विकट समस्या'

भी इस विषय में मौन बैठे हैं। आमजन के कोई भी कार्य करवाने में सक्षम नहीं है, यह तो आम जनता का शोषण कर रहे हैं। विनोद गट्टानी ने लोगों से अपील की कि, आप लोगों से मेरा विनम्र निवेदन है कि ऐसे तथाकथित दोगले नेताओं को व प्रशासनिक अधिकारियों को जवाब देने के लिए ज्ञापन काफी नहीं है, धरना प्रदर्शन करना ही पड़ेगा, अन्यथा इनकी कुंभकर्णी नींद कभी भी नहीं खुलेगी।

क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल की समस्या गहराई हुई है जलदाय विभाग को कई बार कह दिया लेकिन लाइन टूटने जैसे झूंठे बहाने बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। इसलिए हम सबको एकत्रित होकर ही इस लड़ाई को लड़ना पड़ेगा क्योंकि हमारे नेता लोग हमारे में फूट पटक कर धरना प्रदर्शन खत्म करवा देते हैं और प्रशासनिक अधिकारियों से अपनी वैल्यू बढ़ा लेते हैं। इसलिए मजबूत होकर हमको कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ रहकर इस लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार होना पड़ेगा। सरकार की तरफ से प्रमुख स्थानों पर ने 8 सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए भेजे लेकिन एक भी कैमरा नहीं लगाया। सांभर उप जिला अस्पताल नवीन भवन के लिए करोड रुपए का बजट आया हुआ है एक साल से अस्पताल प्रशासन को जमीन यहां के नेता नहीं दिलवा पा रहे है। कमजोर और भ्रष्ट नेताओं के कारण ही नवीन जिला से निर्माण के लिए 5 करोड़ से अधिक का बजट आने के बाद भी 2 साल से काम पेंडिंग चल रहा है यह शर्म की बात है। अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन आई तो राजनीतिक दबाव के कारण सोनोलॉजिस्ट का ट्रांसफर करवा दिया और बाहर जांच करने वालों के बल्ले बल्ले हो रही है। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का एक भी ठहराव नहीं हो रहा है।

### शोभायात्रा निकाली

**राजगढ़।** जैन समाज की ओर से गुरुवार को आराध्य देव 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती त्याग एवं समर्पण भाव के साथ मनाई गई। इस दौरान पालकी में सजी भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के साथ बैंड बाजे एवं भजन एवं मित्रों की गूंज के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली। पुरानी नगर पालिका गली स्थित मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा का प्रमुख बाजारों में धर्म प्रेमी लोगों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

शोभा यात्रा चौपड़ बाजार, गोल मार्केट, सराय बाजार, स्टेशन मार्ग होती हुई मेला चौराहा स्थित नसिया जी जैन मंदिर पहुंची। जैन मंदिर में विधि विधान के साथ कलश एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर राजेंद्र जैन , बाबू लाल जैन, मोती लाल जैन, सुशील जैन, संतोष जैन, दिलीप जैन शीतल जैन ओमप्रकाश जैन, जिनेश जैन, राजीव जैन, रामबाबू, सारिका जैन बीरबती जैन, रेणु जैन,विजय लक्ष्मी जैन, आयुषी जैन, पवन जैन, ज्योति जैन,राम जैन, दीपक जैन, एवं टिंन्नु जैन, एवं समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे।

## एक शाम महावीर के नाम जैन भजन संध्या में उमड़ा जन सैलाब

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर पारसनाथ उधान नसियां जैन मंदिर पर विशाल जैन भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भजनामृत संध्या को लेकर प्रांगण को फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया जिसमें भगवान महावीर की विधुत उपकरणों से आकृषक झांकी सजाई गई। कार्यक्रम के संयोजक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि भजन संध्या का शुभारंभ जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महावीर के चित्र का अनावरण करके दीप प्रज्वलित कर किया। भजन संध्या से पूर्व राजेन्द्र बगड़ी, नेमीचंद गंगवाल, महावीरप्रसाद पराणा, विष्णु बोहरा, शंभु कठमाणा, सुनील भाणजा, विमल पाटनी, अमित कटारिया, हितेश छाबड़ा, महेन्द्र चंवरिया, दिलीप भाणजा, सन्मति चंवरिया, हुकमचंद जैन, महावीर छाबड़ा, शिखर काला, मनोज पाटनी एवं पवन बोहरा सहित कई श्रद्धालुओं ने गायिका दिशी जैन एवं गायक अक्षय पाण्डया का राजस्थानी परम्परा अनुसार सम्मानित किया। भजन संध्या की शुरुआत मुख्य गायक कलाकार गायिका दिशी जैन एण्ड पार्टी बांसवाड़ा एवं अन्तर्मना म्यूजिकल ग्रुप ने णमोकार महामंत्र एवं महावीर की वन्दना प्रस्तुति देकर किया। गायिका दिशी जैन ने नमो नमो णमोकार मंत्र है प्यारा, मे तो अपने बाबा के धाम चली रे, मेरे महावीर झूले पलना, ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं, हम क्या करें, मेरे बाबा तेरी नोकरी एवं जब से प्रभु दर्श मिला सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालु झूम उठे एवं जमकर भक्ति नृत्य किया। गायक अक्षय पाण्डया बांसवाड़ा ने सांसो की माला पे एवं राजस्थानी धूमर भक्ति के साथ भगवान महावीर के भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें श्रद्धालु जमकर झूम उठे।

# 'भगवान महावीर जी के प्रवर्चनों का सार करूणा व सचादार में निहित है'

अलवर। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने गुरूवार को श्री महावीर जयन्ती के पावन पर्व पर होप सर्कस पर जैन समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा एवं महाआरती कार्यक्रम में शिरकत की और शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की एवं महाआरती में शामिल होकर भगवान श्री महावीर जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल सहित अनेक शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री संजय शर्मा ने श्री महावीर जयन्ती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा भगवान महावीर जी ने सत्य, अहिंसा, अस्ते, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह एवं क्षमा आदि मूल्यों पर बल दिया। उनके प्रवर्चनों का सार त्याग, संयम, प्रेम, करूणा और सचादार में निहित है।उन्होंने कहा



श्री महावीर जयंती के अवसर महाआरती में शामिल हुए राज्यमंत्री संजय शर्मा व पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल।

भगवान महावीर जी की शिक्षाएं अहिंसा के माध्यम से मुक्ति का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में तनाव व वैमन्स्य फैल रहा है तो भगवान महावीर का यह संदेश हमें अपने भीतर के अंहिसा के भाव को जाग्रत करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के इन गुणों को सभी लोगों को आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता पं. जलेसिंह, राजेश सिंघल, जितेन्द्र शर्मा, अरूण जैन, रवि जैन, अशोक जैन, सागर यादव सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### विवाह सम्मेलन का गणेश जी को दिया निमंत्रण

**शाहपुरा।** सैनी धर्मशाला त्रिवेणी धाम में 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले आदर्श माली (सैनी) सामूहिक विवाह सम्मेलन चतुर्थ का गुरुवार को गणेश जी को निमंत्रण पत्र भेंट किया। इस दौरान गणेश जी को निमंत्रण व पीला चावल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जय फूले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा जयपुर के तत्वावधान में 30 अप्रैल 2025 को माली (सैनी) सामूहिक सम्मेलन चतुर्थ का आयोजन किया जाएगा जिसके उपलक्ष्य में सैनी धर्मशाला त्रिवेणी धाम में मुख्य संरक्षक बद्री प्रसाद सैनी के मुख्य अतिथि में विवाह समिति अध्यक्ष साधुराम सैनी, सचिव मुकेश कुमार सैनी एडवोकेट, तहसील अध्यक्ष रामनारायण सैनी, मुख्य संयोजक बिरदी चंद सैनी, छाजूलाल सैनी अमरसर, बाबूलाल सैनी बाड़ीजोड़ी, जगदीश प्रसाद माली के द्वारा विधि विधान से गणेश जी की पूजा अर्चना कर पीला चावल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव 12 से सांसद संपर्क संवाद यात्रा शुरू करेंगे : कलेक्टर

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के 12 से 14 अप्रैल तक अलवर लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा अलवर ग्रामीण, रामगढ़, किशनगढ़ बास, तिजारा, मुंडावर की अलग-अलग गांवों की ग्राम पंचायतों पर होने वाले सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया है कि यात्रा के माध्यम से केंद्रीय मंत्री बजट घोषणाओं, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना तथा अन्य मुद्दों के संबंध में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

जिला कलेक्टर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रमनुसार 12 अप्रैल को अलवर ग्रामीण विधानसभा के कलस्टर में सम्मलित ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा व सारंगपुरा, परसा का बास के लिए ग्राम पंचायत पृथ्वीपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रातः 11:45 बजे, ग्राम पंचायत दादर, महुआ खुर्द, बंदीपुरा व मोहब्बतपुर के लिए ग्राम पंचायत महुआ खुर्द में दोपहर 1:35 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद रामगढ विधानसभा के कलस्टर में सम्मलित ग्राम पंचायत जातपुर, बाम्बोली, खूटेटा कलां व नांगल टप्पा के लिए ग्राम पंचायत बाम्बोली में दोपहर 3:45 बजे एवं कलस्टर में सम्मलित ग्राम पंचायत बूंटोली, दीनार व गंडूरा के लिए ग्राम पंचायत बूंटोली में पानी की टंकी के पास सांय 5:30 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा।

13 अप्रैल को किशनगढबास विधानसभा की ग्राम पंचायत दोंगडा, मूसाखेडा, चोरबसई, बाघोडा व बृसंगपुर

> 12 से 14 अप्रैल तक संसदीय क्षेत्र अलवर की विधानसभा अलवर ग्रामीण, रामगढ़, किशनगढ़ बास, तिजारा व मुंडावर की विभिन्न ग्राम पंचायतों पर पहुंचेगी यात्रा

के लिए ग्राम पंचायत दोंगडा में प्रातः 9 बजे कार्यक्रम होगा। इसके बाद ग्राम पंचायत तिगांवा, नांगल सालिया, बघेरीखुर्द व झडका के लिए ग्राम पंचायत नांगल सालिया के बाबा कुंदनदास मंदिर पर प्रातः 11:10 बजे कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद यात्रा तिजारा विधानसभा की ग्राम पंचायत बिछाला, ईशरोदा, लुहादेरा व मुण्डाना के लिए ग्राम पंचायत ईशरोदा के सामुदायिक भवन में दोपहर 1:20 बजे पहुंचेगी। ग्राम पंचायत मसीत, कमालपुर, मीठियावास व नाखनौल के लिए ग्राम पंचायत कमालपुर के पुराना शिव मंदिर के पास दोपहर 3:30 बजे कार्यक्रम होगा।

14 अप्रैल को सांसद संपर्क संवाद यात्रा मुण्डावर विधानसभा पहुंचेगी। कलस्टर में सम्मलित ग्राम पंचायत जोनायचा खुर्द, गुगलकोटा, शाहजहांपुर, फौलादपुर व कोलिला जोगा के लिए ग्राम पंचायत जोनायचा खुर्द की गांव चौपाल पर दोपहर 2:30 बजे एवं कलस्टर में सम्मलित ग्राम पंचायत बावद, मानका, पलावा व हुलमानाकलन के लिए मानका के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांय 4:30 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा।

## सार-समाचार

### फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फुलेरा ।** जयपुर ग्रामीण पुलिस उप महानिरीक्षक, सह पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि परिवादी दयालराम निठारवाल निवासी रोजड़ी ने 27 फरवरी 2025 को फुलेरा थाने पर मामला दर्ज करवाया कि मेरा भतीजा राजेन्द्र निठारवाल अपनी फोर व्हीलर गाडी में सवार होकर घर से रोजड़ी स्टेण्ड जा रहा था, कि रास्ते में बाबूलाल, बनवारी निठारवाल निवासी रोजड़ी व अन्य द्वारा अपनी स्कोर्पियो गाड़ी से भतीजे राजेन्द्र की गाड़ी के टक्कर मार दी तथा राजेन्द्र के साथ लाठी सरियों से जानलेवा मारपीट की। पुलिस ने उक्त मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसके साथ ही मामले में त्वरित अनुसंधान कर आरोपीयों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन तथा फुलेरा थानाधिकारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी बाबूलाल चौधरी पुत्र हरिनारायण जाति जाट उम्र 25 वर्ष निवासी नाडारामपुरा तन रोजड़ी, बनवारी निठारवाल पुत्र रामनाथ जाति जाट उम्र 45 वर्ष निवासी नाडारामपुरा तन रोजड़ी व बाबूलाल निठारवाल पुत्र श्रवण लाल जाति जाट उम्र 34 वर्ष निवासी सारण की ढाणी, गजाधरपुरा, कालवाड़ को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त की गई स्कोर्पियो गाड़ी को भी जप्त किया गया। इसके अलावा अन्य आरोपियों की तलाश एवं अनुसंधान जारी है।

### तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद पार्क में आगामी 14 अप्रैल सोमवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई जायेगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरूवार को डॉ. अम्बेडकर विचार मंच (समिति) ने मेघवाल विकास समिति के सहयोग से निर्णय लिया है कि इस मौके पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। जिन्होंने सत्र 2023-2024 में 10 वीं व 12 वीं कक्षा में 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक, स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किये हैं एवं 15 अप्रैल 2024 से 14 अप्रैल 2025 के मध्य सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले तथा नीट, क्लैट, आईआईटी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को प्रशस्ती पत्र एवं बाबा साहब का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। वहीं मेघवाल महिला छात्रावास में कमरों का निर्माण कराने वाले भामाशाहों को भी सम्मानित किया जायेगा। इस हेतु आवेदक डालचंद शीट मेकर, संत रविदास मार्केट में दुलीचंद आर्य, रामसिंह पूर्व मैनेजर बड़ाबास, भारत ट्रैक्टर वर्कशॉप पुरानी सब्जी मंडी आदि के पास अपने प्रमाण पत्र आदि की सत्य प्रति मय नाम, पता, मोबाईल नंबर की जानकारी सहित 12 अप्रैल तक जमा करा देवें।

### महावीर जयंती मनाई

**फुलेरा ।** कस्बे में श्री दिगम्बर जैन समाज फुलेरा के तत्वाधान में गुरुवार को श्री महावीर जयंती का कार्यक्रम धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के कमोद जैन ने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्र में प्रातः जिनेन्द्र भगवान की गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान कई स्थानों पर जिनेन्द्र भगवान की आरती की गई। इसके साथ ही शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण करते हुए श्री आदिनाथ जिनालय पहुंची। तत्पश्चात श्री आदिनाथ जिनालय में महाआरती आयोजन हुआ। महाआरती के पश्चात धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसमें भगवान महावीर स्वामी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात मन्दिर में भगवान के कलशाभिषेक एवं पूजन की गई और माला की बोली लगाई गई। माला की बोली पारस कुमार, प्रवीण कुमार बड़जात्या के द्वारा ली गई। इसके बाद दोपहर में जोबनेर रोड़ स्थित श्री पार्श्वनाथ नसियां जी में भगवान का कलशाभिषेक हुआ।

### बैठक आयोजित

**फुलेरा ।** कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा भवन सभागार में सायं 5 बजे राजस्थान पैंशनर्स समाज उपशाखा फुलेरा की एक आवश्यक बैठक शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा 8 वें वेतन आयोग का पैंशनर्स को कोई लाभ नहीं देने के विरोध में तथा पैंशनर्स को दो भागों में बांटने का पैंशनर्स समाज द्वारा घोर निन्दा की गयी। साथ ही राजस्थान पैंशनर्स समाज की प्रान्तीय कार्यकारिणी के आवाह्न पर लिए गये आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक उपशाखा द्वारा 9 अप्रेल को रैली निकाल कर उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए फुलेरा सहित आसपास के क्षेत्रों के समस्त पैंशनर्स से अपील करते हुए कहा कि 9 अप्रेल को प्रातः 9 बजे गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा पर एकत्रित होकर रैली रवाना होकर अम्बेडकर सर्किल पर सभा में परिवर्तित होगी। जहां विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये होकर अम्बेडकर सर्किल पर सभा में परिवर्तित होगी। जहां विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे जायेंगे।

### डिजिटल क्रिकेट कोचिंग प्रोग्राम लॉन्च

**अलवर।** श्राची स्पोर्ट्स की सहायक कंपनी ई-एथलीड ने 'महागुरु का मास्टरक्लास' नामक एक नवाचारी डिजिटल क्रिकेट कोचिंग श्रृंखला की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य उभरते क्रिकेटरों और कोचों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह विशेषज्ञ-निर्देशित ट्यूटोरियल सीरीज़ विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप विकसित की गई है। इस कार्यक्रम का अलवर के आपणो मैरिज होम में आज दोपहर आधिकारिक शुभारंभ हुआ, जो पहले कोलकाता और जयपुर में लॉन्च हो चुका है। इस पहल का उद्देश्य एनसीए-आधारित कोचिंग कंटेंट को अधिक से अधिक कोचों तक पहुँचाना है, साथ ही युवाओं को उच्च-स्तरीय क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और कोच जैसे संदीप पाटिल और दिनेश नानावटी की गरिमामयी उपस्थिति रही।


**नाम परिवर्तन**

मैं आर्मी नम्बर 15217557Y हवलदार राजेन्द्र कुमार युनिट 199 मिडियम रेजिमेंट मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता का जन्मतिथि गलत दर्ज है। उनका सही जन्म तिथि 04/03/1964 है। शपथ पत्र संख्या IN-RJ00534006279594X

मैं आर्मी नम्बर 15217557Y हवलदार राजेन्द्र कुमार युनिट 199 मिडियम रेजिमेंट मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता का जन्मतिथि गलत दर्ज है। उनका सही जन्म तिथि 10/09/1964 है। शपथ पत्र संख्या IN-RJ00533756587289X

मैं आर्मी नं 15686006M रैक- हवलदार जितेन्द्र चौहान पुत्र शिवचंद निवासी-ओन्हाईच, पोस्ट- बगली, पिजरा, तह.-सदर, मऊ ने अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपनी माताजी का नाम देवन्ती दावी (Deventi Davi) से बदलकर देवन्ती देवी (Dewanti Devi) कर लिया है।

I have changed my name from Harjeet Singh to Harjeet Singh Talwar S/o Labh Singh for all purpose. Resi.: House No.210, Gurunanakpura, Rajapark, Jaipur

I have changed my name from Asha to Asha Talwar W/o Harjeet Singh Talwar for all purpose. Resi.: House No.210, Gurunanakpura, Rajapark, Jaipur

I Army no 14643952F Ex NK chain singh Rathore S/O bhagirath singh Residents of plot no 101 hanuman nagar vistar B -II nr kanakpura railway station bad pathawas panchawala Jaipur that have changed my son name from PRITAM SINGH is wrong entered in my service record To PRITAM SINGH RATHORE vide affidavit dated 7 apr 2025 before sub district majistraty Jaipur city

**नगर निगम जयपुर, हैरिटेज**
(पुराना पुलिस मुख्यालय, हवामहल के पास)
क्रमांकः एफ-13 () उपा.लैण्ड/ननिज./2025/2424 दिनांक 27/03/2025
-: सार्वजनिक सूचना :-
मूल भूखण्ड सं. 413, आदर्श नगर, जयपुर का पट्टा श्री पेशुमल अगनानी पुत्र श्री टहलराम अगनानी को दिनांक 05.10.1968 को 650 व.ग. का पट्टा जारी किया गया था। श्री संकल्प अगनानी पुत्र श्री कन्हैया लाल अगनानी द्वारा उपहार पत्र के आधार पर व शपथ पत्र प्रस्तुत कर एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर आवेदन प्रस्तुत कर 275.78 व.ग. नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त लैण्ड शाखा) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक: जविप्रा/उपा/जोन-12/2025/डी-3303 **आम सूचना:** दिनांक: 01.04.25
जोन-12 में निम्न आवेदक द्वारा लीजडीड से फ्री होल्ड लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल वर्गगज | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी, जविप्रा का नाम | योजना का नाम | सेवा जिस के लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह चौहान | श्री अशोक रामचन्दानी पुत्र श्री गेंदी रामचन्दानी | 229 | 100 वर्गगज | श्री गणपति गृह निर्माण सहकारी समिति लि. | गणेश विहार | लीज डीड से फ्री होल्ड लीज डीड | आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्रों के आधार पर। |

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार दस्तावेजों के अनुसार लीजडीड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में जोन-12 कार्यालय में आपत्ति दर्ज करवायें अन्यथा नियमानुसार उक्त भूखण्ड की लीजडीड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-12, जविप्रा, जयपुर।

## संक्षिप्त

### भण्डारा कल

**नारायणपुर ।** ग्राम पंचायत मुण्डावरा के मुख्य बाजार स्थित पंचमुखी हनुमानजी महाराज का मेला और भण्डारा 12 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीण बजरंग सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 11 अप्रैल को प्रात: 7.15 बजे रामायण पाठ के साथ होगी, मेले के दिन 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से गायक सतीश टोडरपुरिया एंड पार्टी द्वारा रागनी कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस रंगारंग कार्यक्रम में डांसर तनु चौधरी, रीना यादव और सिंगर मुस्कान अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगी। इसके तुरंत बाद सुबह 11.15 बजे से भण्डारे की शुरुआत की जाएगी, जिसमें आसपास के गांवों से आए श्रद्धालु पंगत प्रसादी का लाभ उठाएंगे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस पुण्य अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

### महायज्ञ को लेकर किया भूमि पूजन

**कोटपूतली।** समीपवर्ती ग्राम खरकड़ी की ढ़ाणी खेमावाली स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में 28 अप्रैल से शुरू होने वाले 09 कुंडीय दुर्गा चण्डी चतुर्थ महायज्ञ को लेकर लालाराम भगत के सानिध्य में ध्वज पूजन किया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य भारत भारद्वाज, यज्ञब्रह्मा पं. रामावतार शर्मा व पं. सतीश शर्मा ने गणेश पूजन के साथ मंत्रोच्चारण कर ध्वज व भूमि पूजन करवाया। इस दौरान योगी रामावतार नाथ, सूबेदार सुबेसिंह, हंसराज, जयराम, सरजीत, कालूराम, उपसरपंच राजू सैनी, चरणसिंह रावत, सरदाराराम, धोलाराम, सोनू, दीनाराम रावत, जगदीश, मोहरसिंह, बाबूलाल, सुभाष जाखड़, धर्मेंद्र शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह आज

**श्रीमाधोपुर ।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज एवं सर्व समाज के तत्वावधान में गौशाला रोड श्रीमाधोपुर पर स्थित लक्ष्मी मैरिज गार्डन में 11 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 2:15 बजे से महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वी जयंती समारोह बड़े ही उल्लास के साथ मनाई जाएगी। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज , सर्व समाज कार्यकारिणी सदस्य व समस्त कोर कमेटी के कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफलतम बनाने में जुटे हुए हैं।

### ज्ञापन सौंपा

**निवाई।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में गांव भुरटिया के ग्रामीणों ने उपखंड अधकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ग्राम पचायत लुहारा में ही यथावत रखने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों में रामदयाल चौधरी, हरिराम जाट, शिवराज जाट, सूरज बैरवा, सूरज चौधरी, मुकेश चौधरी, मदन चौधरी, रामेश्वर प्रजापति, अतुल जांगिड, सरदार चौधरी व रामप्रसाद चौधरी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। इसी प्रकार गांव रायदामोदरपुरा के ग्रामीणों ने रायदामोदरपुरा को ग्राम पंचायत हिंगोनिया में यथावत रखने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों में मांगीलाल गुर्जर, बजरंग गुर्जर, कजोड गुर्जर, लालराम गुर्जर, शंकरलाल गुर्जर, देवालाल गुर्जर, देवकरण गुर्जर व झुथालाल गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### आज निकलेगी शोभा यात्रा

**श्रीमाधोपुर।** छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने हाथों से तैयार किए बालाजी के चेहरो से शुक्रवार 11 अप्रैल को सालासर मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी । सालासर मंदिर में छोटे बच्चों ने बालाजी के मुखौटे तैयार किए । कृष्ण मुरारी वर्मा ने बताया कि शुक्रवार 11 अप्रैल को सायं 3 बजे सालासर मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुई पुन: मंदिर में पहुंचेगी , जिसमें जीवंत झाकियां और नासिक के ढोल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मंदिर में युवराज , जतिन, गौरव, शिल्पा वर्मा,पीयूष ,नितेश आदि उपस्थित रहे।

### नाटिका का मंचन

**निवाई।** बगड़ी के श्री महावीर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। जितेश ने बताया कि शोभायात्रा में समाज के लोगों ने अपने घरों के बाहर आरती की। महिलाओं ने रंगोलिया बनाई। इससे पूर्व बुधवार रात्रि को महिला मंडल द्वारा महावीर स्वामी जनमकल्याण नाटिका का मंचन किया गया।

# भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

**दौसा।** आज जैन समाज दौसा द्वारा जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624 वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव बडे ही धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता प्रतीक जैन ने बताया कि इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा पुराने शहर स्थित श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्गे से होती हुई आदिनाथ मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में आगे ही आगे एक जैन युवक घोडे पर सवार होकर जैन ध्वजा फहराता हुआ चल रहा था। वहीं पीछे पुरूष वर्ग सफेद वस्त्रों में व महिलाएं केसरिया वस्त्रों में मंगल गीत गाते हुये व जैन धर्म के जयकारे लगाते हुये चल रही थी। बच्चे हाथ में जैन धर्म की ध्वजा व हाथों में भगवान महावीर के संदेश की पट्टिका लेते हुये चल रहे थे। वहीं पीछे ही पीछे


महिलाओं ने केसरिया वस्त्रों में मंगल गीत गाते हुये व जैन धर्म के जयकारे लगाये।

एक सजीधजी बग्गी पर भगवान महावीर की विशाल प्रतिमा की झांकी सजायी गयी। जिसमें समाज के छोटे छोटे बच्चों ने भाग लिया। भगवान महावीर के बाल रूप की झांकी सजायी गयी व पालना भी लगाया गया। शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक समूहों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

जैन समाज के लोगों द्वारा अपने अपने घर व प्रतिष्ठानों के आगे आरती उतार कर व जलपान के साथ स्वागत

■ शोभायात्रा श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्गे से होती हुई आदिनाथ मंदिर पहुंची

किया। शोभायात्रा में महिला, पुरूष व युवतियाँ नाचते गाते हुये चल रही थी। अपने आराध्य भगवान महावीर के जन्मोत्सव की खुशी उनकी आंखों में साक्षात् झलक रही थी।

जैन समाज के अध्यक्ष आलोक जैन ने बताया कि आदिनाथ मंदिर में कार्यक्रम की शुरूआत कलशाभिषेक के साथ हुई। भगवान महावीर की पाषाण की बडी प्रतिमा का कलशाभिषेक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुरूशरण राव थे। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि जैन धर्म की परिपाटी, संस्कृति सदैव मुझे आकर्षित करती है।

धर्मसभा को जैन समाज के अध्यक्ष आलोक जैन, पंडित आध्यात्म प्रकाश जैन, सुधीर जैन एडवोकेट व त्रिशला महिला मंडल अध्यक्षा अनिता जैन छाबडा ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन प्रतीक जैन ने किया। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष बाबूलाल जैन, राजेन्द्र जैन एडवोकेट, विमल जैन, विपिन जैन, संजय जैन, प्रवीण जैन, अजीत, मनीष, अरविन्द, पारस टहटडा, निश्चल, विनीत, राकेश नीमला, डा0 अभिषेक जैन सहित जैन समाज के महिला, पुरूष व बच्चे बडी संख्या में मौजूद थे।

## शिलान्यास समारोह 14 को

**निवाई।** माली समाज विकास सस्था के तत्वावधान में 11 अप्रेल को राष्ट्रिपता महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 198वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई जाएगी। छोटूलाल दीया ने बताया कि 11 अप्रेल को राष्ट्रिपता महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 198वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई जाएगी एवं 14 अप्रेल को माली समाज की बगीची में छात्रावास भवन का समारोह पूर्वक शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 अप्रेल को राष्ट्रिपता महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयन्ती मनाने के बाद बैठक आयोजित होगी। जिसमें 14 अप्रेल को आयोजित छात्रावास भवन के शिलान्यास समारोह की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम के मुहूर्त में बैठने वाले जोडे का चयन बोली के माध्यम से किया जाएगा। जिसकी सर्वाधिक बोली होगी। वह मुहूर्त में प्रमुखरूप से शिलान्यास करेगा और उनका नाम छात्रावास के शिलालेख पर बडे अक्षरों में लिखा जाएगा।

# जय जिनेन्द्र के जयघोष के साथ निकाली शोभायात्रा

**मालपुरा ।** जैन समाज के तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंति पर गुरूवार को मालपुरा मे जैन समाज द्वारा शाही लवाजमे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा। चन्द्र प्र भु दिगम्बर जैन मंदिर चोधरियान से श्वेत अश्वो की बग्गी बैण्ड-बाजो के लवाजमे के साथ शुरू हुई शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुये आदर्श नगर पाण्डुक शिला पहुंची। भारत विकास परिषद,अखिल भारतीय वैश्य महासभा संगठन,सेवा भारती समिति सहित अनेक सामाजिक संगठनो ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर सात दिवसीय महावीर जयंति समारोह आयोजन समिति पदाधिकारियो को पिताम्बरी पगडी व दुपट्टा पहना पुष्पवर्षा से किया स्वागत अभिनन्दन।

शोभायात्रा मे शामिल जैन महिला बैण्ड ने शानदार प्रस्तुतियां दी। भगवान महावीर स्वामी के जीओं और जीने दो


मालपुरा मे महावीर जंयति पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा ।

के संदेश को आमजन तक पहुंचाते हुये जय जिनेन्द्र के जयकारे लगाते शोभायात्रा पाण्डुक शिला पहुंची जहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। सांयकाल विशाल वाहन रैली के साथ आदर्श नगर से श्रीजी की रथ यात्रा निकाली गई। जो मंदिर चोधरियान पहुंच महाआरती का आयोजन किया गया। महावीर जयंति के अवसर पर लावा मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 42 यूनिट किया रक्त संग्रह।

## पक्षियों के लिए लगाएं परिंडे

**श्रीमाधोपुर।** जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति के अध्यक्ष डॉक्टर माधव सिंह के निर्देशन में व सचिव प्रदीप धायल की देखरेख में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में समिति द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। सचिव प्रदीप धायल जल बचाओ, पेड़ लगाओ ,जीवन बचाओ समिति श्रीमाधोपुर ने बताया कि समिति द्वारा पूर्व में लगाए गए श्रीमाधोपुर शहर में डिवाइडरों पर पौधों को इस तापमान से बचाने के लिए जलापूर्ति करके भगवान महावीर का जन्म दिवस पक्षियों और पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष तारा चंद चीता, सरंक्षक सीताराम सैनी, पर्यावरण प्रेमी राजू बागवान, सागरमल प्रिंसिपल, लालचंद सैनी ,बोदु, यश सतीजा, दीपक वर्मा,बंटी शर्मा, राजकुमार बिजारनिया, प्रदीप शर्मा,एस,बी,एन संस्थान स्टाफ सहित समिति के जागरूक सदस्य उपस्थित रहे।

# तम्बाकू उपभोगियों को तम्बाकू छाड़ने के लिए किया प्रेरित

**कोटपूतली।** जिले में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्धेश्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाईडलाईन के अनुरूप तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों की पहचान कर उन्हें तम्बाकू छोडने के लिये तकनीकी सहायता एवं परामर्श प्रदान करना है। प्रशिक्षण में स्टेट से अति स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर नरेन्द्र सिंह ने सीएचओ को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि जिले में तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार सेवाओं के विस्तार के लिये समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों को तम्बाकू छोडने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है। जिला चिकित्सालय कोटपूतली में प्रदान की जा रही तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार सेवाओं की समीक्षा भी की गई तथा सेवाओं मे आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित करते हुये सभी प्रतिभागियों के समन्वित प्रयासों

■ तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये प्रशिक्षण का आयोजन किया

से तम्बाकू मुक्ति उपचार परामर्श केन्द्र पर अधिक से अधिक तम्बाकू उपभोगी मरीजों को रैफर करने हेतु निर्देशित किया गया। तम्बाकू मुक्ति उपचार केन्द्र को निर्देशित किया गया कि अस्पताल में ओपीडी में आने वाले तम्बाकू उपभोगी मरीजों की अधिक से अधिक काउंसिल करें। ताकि मरीजों को निकोटीन रिप्लेसमेंट थैरेपी माध्यम से प्रभावी चिकित्सकीय उपचार दिया जा सकें। डीएनओ रविकांत जॉगिड़ ने तम्बाकू मुक्ति उपचार परामर्श केन्द्र के तकनीकी बिन्दुओं को फोकस करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की एम-पॉवर रणनीति की चर्चा की एवं प्रतिभागियों को तम्बाकू उपभोगी मरीजों की शारीरिक मानसिक व्याधियों को व्यावहारिक रूप से समाधान बताया।

तम्बाकू उपभोगी मरीजों को वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय विधि से काउंसलिंग करते हुये तम्बाकू उत्पाद छोडने हेतु प्रेरित करें एवं नियमित रूप से मरीजों का फॉलोअप करें। भारत सरकार के ग्लोबल एडल्ट सर्वे 1 एवं ग्लोबल एडल्ट सर्वे 2 सर्वे के तहत तम्बाकू उपभोगी मरीजों को यथास्थिति डेटा के तुलनात्मक प्रदर्शन के माध्यम से बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से लोगों की मनोवृति में परिवर्तन आया है।

साईकोलॉजिस्ट डॉ. संगीता जोधा ने प्रतिभागियों को विस्तार से तम्बाकू छोडने के लिए रोगियों का क्विट प्लान बनाये जाने तथा एनआरटी दवाईयों के उपयोग के विषय में जानकारी प्रदान की। एमआईएस अधिकारी सिमरन ने भारत एवं राज्य सरकार के तम्बाकू नियंत्रण कानूनों के बारे में बताया। डीएनओ रविकांत जॉगिड़ द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से जिले में टोबेको फ्री युथ केम्पेन के तहत आयोजित की गई गतिविधियों व उपलब्धियों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया गया कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतों द्वारा तम्बाकू निषेध के नियमों की पालना के सबंध में प्रस्ताव प्रारित किये गये है तथा विधालयों को तम्बाकू मुक्त बनाया जा रहा है।

## पावटा कस्बे में बाइक रैली के साथ आज निकलेगी शोभायात्रा

**पावटा।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा व माली/ सैनी महासभा पंचायत संस्था तहसील पावटा के तत्वावधान एवं पेंशनर समाज पावटा के मार्गदर्शन व सब्जी मंडी पावटा समस्त आढतिया एवं दुकानदारों के सौजन्य से आज महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पावटा स्थित सब्जी मंडी प्रांगण में मनाई जायेगी। जिसको लेकर श्री श्री 108 मंगलदास महाराज टोरडा धाम के सान्निध्य में माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी सामाजिक कार्यकर्ता एवं माली/ सैनी महासभा पंचायत संस्था तहसील पावटा के अध्यक्ष पटेल रामसिंह सैनी, संस्था सचिव भीमराज सैनी, संस्था उपाध्यक्ष गणेश सैनी एवं संस्था के सदस्यों के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह पर बाइक रैली के साथ शोभायात्रा व विभिन्न कार्यक्रमों सहित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता मोहनलाल माली व माली/ सैनी महासभा पंचायत संस्था तहसील पावटा अध्यक्ष पटेल

■ विभिन्न कार्यक्रमों सहित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन

रामसिंह सैनी, सचिव भीमराज सैनी, कोषाध्यक्ष बंशीधर सैनी ने बताया कि इस दौरान सबसे पहले महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती उत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। उसके बाद बाइक वाहन रैली के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी ज्यों कि पावटा कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई सब्जी मंडी प्रांगण पहुंचेगी।

वही पावटा सब्जी मंडी स्थित डीपी हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व सब्जी मंडी प्रांगण मे नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर पावटा तहसील, कोटपूतली तहसील, विराटनगर तहसील के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# एसपी ने पेंडिग प्रकरणों का निस्तारण करने के दिये निर्देश

**कोटपूतली।** कस्बे के पूतली रोड़ श्री दुर्गा माता मंदिर के सामने स्थित जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरूवार को एसपी राजन दुष्यंत की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसपी राजन दुष्यंत ने पेंडिग प्रकरणों का अधिक से अधिक निस्तारण कर पेंडेंसी कम करने, दुपहिया व चौपहिया वाहन चोरी के संबंध में नाबालिग बच्चों के अपहरण/व्यपहरण के पेंडिग प्रकरणों के निस्तारण, पेंडिग एमपीआर के निस्तारण, एम.वी.एक्ट के तहत संचालित अभियान, रेंज स्तरीय अभियान ष्आपरेशन क्लीन स्वीप, विशेष अभियान खुशी-इक्स के संबंध में प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने, आपराधिक प्रवृति के अपराधियों को चिन्हित कर गुण्डा एक्ट व राजपासा के तहत प्रभावी कार्यवाही करने तथा विभिन्न प्रकरणों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें गिरफ्तार करने के


पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित।

निर्देश दिये।

एनडीपीएस एक्ट एवं 1930 पोर्टल के पेंडिग परिवादों के निस्तारण, साईबर अपराध की तुलनात्मक स्थिति की समीक्षा करते हुये उक्त अपराधों में कमी लाने के निर्देश दिये। सोशियल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ पोस्ट करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिले के समस्त थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त, नाकाबंदी व चौकिंग को बढ़ाया जाकर सम्पति संबधी अपराध के प्रकरणों में सफलता हांसिल करने के निर्देश प्रदान किये।

वहीं एसपी ने कानुन व्यवस्था के संबध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में कोटपूतली एएसपी वैभव शर्मा, नीमराणा एएसपी शालनी राज, कोटपूतली डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, नीमराणा डीएसपी सचिन शर्मा, बहरोड़ डीएसपी कृतिका, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत एवं जिले के समस्त थानाधिकारी मौजूद रहे।

## रथयात्रा निकाली

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में महावीर जयंती एवं जन्म कल्याणक महोत्सव के दो दिवसीय मेले को लेकर भगवान महावीर एवं पारसनाथ की रथयात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मीडिया प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि महोत्सव को लेकर रथयात्रा से पूर्व सर्व प्रथम आचार्य विद्वानों द्वारा भगवान महावीर को गाजे बाजे के साथ भगवान महावीर एवं पारसनाथ जी को रथ में विराजमान किया गया।रथयात्रा में महिला मंडल की महिलाएं व बालिका मंडल की बालिकाए भक्ति नृत्य करते हुए भगवान महावीर की जयकारा लगाते हुए चल रही थी। जैन समाज के युवा भक्ति नृत्य के साथ भगवान महावीर के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रथयात्रा में पीली काठ के रथ में विराजमान भगवान महावीर व पारसनाथ भगवान को राजेशकुमार व नरेश कुमार जौंला को सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रथ में खजान्ची बनने का सौभाग्य गोपाल लाल, शंभु कुमार जैन कठमाणा को मिला। भगवान के चंवर ढुराने का सौभाग्य विमल झिलाय एवं नितिन गोधा को मिला व भगवान की माला पहनने का सौभाग्य ललितकुमार सर्राफ को मिला।

## सार-समाचार

### महावीर जयन्ती पर किया रक्तदान



**टोंक।** जिलेभर में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई, इस दौरान विशाल शोभायात्रा निकाल कर दिया अहिंसा परमो धर्म का दिया संदेश। इस दौरान मित्तल प्रोप्टी के बाहर समाज द्वारा भगवान महावीर की शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में राजस्थान जैन सभा के आह्वान पर दिगम्बर जैन समाज अमीर गंज व सकल दिगंबर जैन समाज टोंक के तत्वाधान तथा भारत विकास परिषद व पार्थ ब्लड सेंटर के सहयोग से गुरुवार को आदिनाथ दिगम्बर जैन नसियां अमीर गंज टोंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर मे 111का रक्त दान हेतु पजीयन किया गया जिनमें जांच के बाद 80 को रक्त दान के योग्य पाया गया। राजस्थान जैन सभा व भारत विकास परिषद टोंक के अध्यक्ष रमेश काला ने बताया कि प्रारंभ में दिगम्बर जैन समाज अमीर गंज के अध्यक्ष भाग चन्द फुलेतावाले व मंत्री राजेश सर्राफ ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलन कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया । महामंत्री धर्म चन्द ने बताया कि भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ ओर जीने दो की पालना में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रत्येक रक्तदाता को प्रमाणपत्र व जीवन रक्षक उपयोगी उपहार दिया गया ।

### बैठक आयोजित

**टोंक।** माली (सैनी) समाज की जिला कार्यकारिणी, पदाधिकारी, सदस्यों व तहसील अध्यक्षों की बैठक जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी की अध्यक्षता में झिराना के केदारनाथ मंदिर धर्मशाला परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें समाज के नए जिलाध्यक्ष का चुनाव के लिए एक कमेटी का गठन कर आगामी 15 मई को चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। जिला महामंत्री सीताराम अजमेरा ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष मोरी ने अपना कार्यकाल पूर्ण होने पर इस्तीफा बैठक में पेश किया, इसके बाद बैठक में मौजूद समाज के लोगों ने आगामी 15 मई को केदारनाथ मंदिर धर्मशाला झिराना में समाज के नये जिलाध्यक्ष के चुनाव करवाने के लिए एक चुनाव कमेटी का गठन किया। इसके लिए रामावतार टाँक, सत्यनारायण दग्धी, जौरूलाल सैनी, नारायण सांखला, हरिनारायण सैनी, रामअवतार सैनी, मदनलाल घाड़ को नियुक्त किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, कैलाश आर्यवीर, निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष राहुल सैनी, कैलाश कच्छावा, रामलाल दग्धी, रामस्वरूप जीनवाल, देवकरण सैनी, अशोक अजमेरा, बाबूलाल मावर , रमेश अजमेरा, शंकर कच्छावा, रामअवतार अजमेरा, शंकर लाल मावर, बन्नालाल लावा सहित जिले भर के सभी तहसीलों से समाज के लोग मौजूद रहे।

### कलश यात्रा 12 से शुरू

**कोटपूतली।** 100 वर्ष पूर्व गठित यादव समाज के विशाल वटवृक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा अहीर रेजिमेंट गठन को लेकर देशव्यापी रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा 12 अप्रैल शनिवार से शुरू होकर 18 नवंबर को जंतर-मंतर दिल्ली पहुंचकर विशाल सभा में तब्दील होगी। महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा दिल्ली में आयोजित बैठक में यह यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया गया। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि देशव्यापी जागरूकता का संदेश देने वाली रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा के संयोजक एवं महासचिव दिनेश यादव कोटा के नेतृत्व में अहीर रेजिमेंट गठन को लेकर बिहार के छपरा से शुरू होने वाली पवित्र रज कलश यात्रा देश के विभिन्न राज्यों पश्चिमी बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा से गुजरते हुये 18 नवंबर को जंतर-मंतर दिल्ली में पहुंचकर विशाल सभा में तब्दील होगी। अक्टूबर माह में राजस्थान में प्रवेश करने वाली पवित्र रज कलश यात्रा के संयोजक यादव महासभा युवा प्रदेशाध्यक्ष मदन यादव एवं कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पचेरिया के नेतृत्व में राजस्थान में यात्रा कर समाज को संगठित करते हुये पवित्र रज कलश यात्रा उत्तरप्रदेश में प्रवेश करेगी।

### पशु पालको को बांटे पशु पालन किट

**मालपुरा।** केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर मे पशु पोषण विभाग मे चल रहै प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अनुसुचित जाति उपयोजना मे मालपुरा तहसील के देशमी,सुरजपुरा,सोडा,धोली,चान्दसेन व घाटी गांव के दो दर्जन पशु पालको को पशु पालन के किट बांटे गये। संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर की अध्यक्षता मे आयोजित किट वितरण मे पशु पोषण विभाग के अध्यक्ष डॉ. रणजीत सिंह भट्ट के द्वारा भेड,बकरी के साथ अन्य पशुओं को संतुलित आहार एवं वर्तमान समय के हिसाब से स्टॉल फिड के बारे मे किसाने से संवाद किया गया। निदेशक डॉ. तोमर द्वारा अधिक लाभ एवं निरन्तर उत्पादन के लिये पशुओं को सुखा व हरा एवं दाना संतुलित मात्रा मे देने पर जोर दिया। डॉ. तोमर ने गर्मी मे सुबह-शाम पशुओं को चरवाई करवाने के लिये सुझाव दिया गया व दोपहर मे अधिक गर्मी से पशुओं को बचाने की नसीयत दी। साथ ही अविकानगर की उन्नत तकनिको को अपनाकर उत्पादन बढा कर उपभोक्ता को सीधे बेचकर अधिक आमदनी के सुझाव दिये गये।

### समर्पणनामा सौंपा

**कोटपूतली।** समीपवर्ती ग्राम अजीतपुरा खुर्द (फामड़ा की ढ़ाणी) निवासी भामाशाह राजाराम बोहरा ने अनुकरणीय पहल करते हुये अपने हिस्से की आधा बीघा खातेदारी भूमि श्मशान भूमि के लिये दान कर पुण्य का कार्य किया। उल्लेखनीय है कि गाँव में वर्षो से श्मशान भूमि की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। जिससे अंतिम संस्कार जैसे महत्वपूर्ण कार्य में ग्रामीणों को बार-बार कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। हालांकि पूर्व में भी इस भूमि का उपयोग अनौपचारिक रुप से श्मशान के रूप में होता रहा है, लेकिन अब राजाराम बोहरा ने इस भूमि को विधिवत और आधिकारिक रुप से राज्य सरकार को समर्पित कर दिया है, ताकि इसे सभी जातियों के लिये स्थायी रुप से श्मशान भूमि घोषित किया जा सके। राजाराम बोहरा का यह योगदान ना केवल ग्रामीणों की वर्षो पुरानी समस्या का समाधान करेगा, बल्कि यह समाज सेवा की भावना को भी एक नई दिशा देगा। उन्होंने तहसीलदार रामधन गुर्जर को समर्पणनामा सौंपा।

### डॉ. रतनमोहिनी को दी पुष्पांजलि

**टोंक।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासिका 101 वर्षीय दादी राजयोगिनी डॉ. रतनमोहिनी पंचतत्व में विलीन होने पर ब्रह्माकुमारीज टोंक के राजयोग भवन में सेवा केंद्र से जुड़े सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि दी गई है। वही ब्रह्माकुमारीज के पुरानी टोंक,निवाई, देवली, टोडारायसिंह, बनेठा, रानोली सहित सभी सेवा केंद्रों पर दादी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा दादीजी का संस्मरण सुनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सुनीता ने कहा परमात्मा यज्ञ का आदि रतन दादी रतनमोहिनी संस्थान की स्थापना सदस्यों का अंतिम सदस्य थी, दादी परमात्म के ज्ञान, गुणों की खान थी, जो भी उनसे मिलते वह खुशियों से भरपूर हो जाते थे उनकी त्याग तपस्या सेवा के साथ उनकी प्रेरणा हम सबको सदा प्रेरित करती रहेगी। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी गुंजन, बीके पांचू, खेमचंद आहूजा, प्रकाश, रामलाल, अमृत सहित संस्थान से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

### अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत का स्वागत किया

**दौसा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत का जयपुर से चलकर बांदीकुई जाते समय जिला कलेक्ट्रेट चौराहे पर समाजसेवी योगेश तिवारी भोजवाड़ा पवन तिवारी नगर परिषद पार्षद पूरण सैनी सर्वसमाज के गणमान्यजनों ने माल्यार्पण कर भावभीना स्वागत - सम्मान किया। इस मौके पर पार्षद भूपेन्द्र सिंह, समाजसेवी , बलराम योगी, बंटी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। मंत्री अविनाश गहलोत ने दौसा जिला स्थापना दिवस के अलावा महात्मा ज्योतिबा फुले व महावीर जयंती के उपलक्ष्य में बधाई व शुभकामनाएं देते हुए महापुरुषों के बताए मार्ग पर जीवन प्रशस्त करने की बात पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यों की प्रशंसा भी की।



मैं चाहता हूं कि वो खुश और स्वस्थ रहे। मैं उसे अब भी हर तीन या चार दिन में मैसेज करता हूं। उसने मुझे ब्लॉक कर रखा है फिर भी। मुझे उम्मीद नहीं है कि वो उन मैसेज को पढ़ेगा। - शिखर धवन

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, एक इंटरव्यू के दौरान अपने बेटे के बारे में बात करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **लवलीना बोरगोहेन**



**टोक्यो** ओलंपिक की पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 70 किग्रा वर्ग में जा सकती हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की। नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** मुहम्मद शालेल ने 30 सेकंड में 10 नटमेग करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

## ओलंपिक क्रिकेट में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें लेंगी हिस्सा

दुबई, 10 अप्रैल। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में शामिल की गई क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की छह -छह टीमें हिस्सा लेंगी । बुधवार को जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में होने वाले क्रिकेट मुकाबलों के लिए प्रत्येक श्रेणी के लिए कुल 90 एथलीट का कोटा निर्धारित किया गया है। प्रत्येक टीम में 15 सदस्यी होंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुझाव दिया था कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में शामिल होने वाली छह टीमों का चयन टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की एक कट-ऑफ तारीख के आधार पर किया जाए। हालांकि अभी तक इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन इस वर्ष इसके तय होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर अमेरिका मेजबान देश होने के नाते सीधे क्वालीफाई करता है, तो क्वालिफाई के लिए उपलब्ध स्लॉट की संख्या कम हो जाएगी। इसके अलावा यह सवाल भी बना हुआ है कि वेस्टइंडीज की ओर से कौन प्रतिनिधित्व करेगा, क्योंकि कैरेबियाई द्वीप ओलंपिक खेलों (और राष्ट्रमंडल खेलों में भी) अलग-अलग देशों के रूप में भाग लेते हैं। उल्लेखनीय है कि क्रिकेट की ओलंपिक खेलों में वापसी को अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों द्वारा स्वीकृति दी गई थी। इससे पहले वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था।

## विनेश फोगाट ने सरकारी नौकरी को छोड़ 4 करोड़ के कैश प्राइज को चुना, हरियाणा सरकार ने दिया था ऑप्शन

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। पेरिस ओलंपिक 2024 में सुर्खियों में रहीं भारतीय पहलवान विनेश फोगाट पर बड़ा खुलासा हुआ है। ओलंपिक्स से डिसक्वालीफिकेशन विवाद के बाद विनेश ने कुश्ती से संन्यास का निर्णय लेकर सभी को चौंका दिया। उसके बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा और 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से दावेदारी पेश कर जुलाना से सीट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की। हाल ही में हरियाणा सरकार ने उनके सामने तीन ऑप्शन रखे थे, अब अपडेट आया है कि विनेश ने एक विकल्प का चयन कर लिया है।विनेश फोगाट ने 4 करोड़ रुपये कैश अवॉर्ड के विकल्प का चयन किया है। इस सबंध में हरियाणा सरकार में खेल विभाग को पत्र भेज दिया गया है, जिसके बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी। दैनिक भास्कर में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, जुलाना सीट से विधायक विनेश फोगाट ने पिछले महीने बजट सत्र में इस मुद्दे को उठाया था। विनेश का कहना था कि, सरकार ने उन्हें ओलंपिक्स में सिल्वर मेडल के बराबर सम्मान की घोषणा तो कर दी, लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें सम्मानित नहीं किया गया है। वहीं विनेश की मांग पर हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने जवाब में कहा था कि विनेश अब कांग्रेस की विधायक हैं, फिर भी उन्हें सरकार नौकरी, एक प्लॉट या फिर 4 करोड़ रुपये के कैश प्राइज का विकल्प दिया जाएगा। दैनिक भास्कर के मुताबिक, इसके जवाब में विनेश ने 4 करोड़ का कैश प्राइज पर सहमति जताई है।

## अंक और आत्मविश्वास के लिए केकेआर और सीएसके में होगी जंग

चेन्नई, 10 अप्रैल। लगातार चार हार से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स, चेपक में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2025 अभियान को पुनर्जीवित करने की प्रयास करेगी, वहीं केकेआर को पिछली हार को भूलाकर अंक और आत्मविश्वास के लिए करनी होगी जंग। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सत्र में पांच मैचों में से केवल एक जीत के साथ केकेआर अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं। एमए चिदंबरम स्टेडियम में उनके प्रसिद्ध किले को इस सीजन में पहले ही दो बार तोड़ा जा चुका है और एक और हार सीएसके को गहरे संकट में डाल सकती है। गेंदबाजी में खलील अहमद और नूर अहमद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमश: 10 और 11 विकेट चटकाए हैं, लेकिन रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी गेंदबाजों ने धीमी और टर्निंग पिचों पर अपना दबदबा कायम नहीं रखा है। इस बीच, कोलकाता की टीम भी कुछ खास नहीं कर पाई है, लेकिन राजस्थान से चार रन से मिली हार के बावजूद उसने जोश से भरा प्रदर्शन किया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे की 61 रनों की पारी, रिंकू सिंह की आखिरी ओवरों की आतिशी पारी और सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी ने चेपक जैसी सतह पर उन्हें मजबूत स्थिति में रखा है।

## राजस्थान राज्य सीनियर व जूनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर, 10 अप्रैल। राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक्स संघ द्वारा दिनांक 10 से 13 अप्रैल 2025 को जोधपुर में चैनपुरा इंडोर स्टेडियम जोधपुर में आयोजित राजस्थान राज्य सीनियर व जूनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता का आज शुभारम्भ किया गया इस अवसर पर आयोजन के मुख्य अतिथि पुष्पा कँवर सिसोदिया (वरिष्ट आर ए एस) उपायुक्त नगर निगम जोधपुर (दक्षिण), विशिष्ट अतिथि तारा चौधरी, जिला खेल अधिकारी चैनपुरा इंडोर स्टेडियम जोधपुर व अलका कविया,उप प्रधानाचार्या, महात्मागांधी विद्यालय चैनपुरा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. शक्ति सिंह रावलोत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 17 जिलों के 218 महिला व पुरुष जिमनास्ट भाग ले रहे है, इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय योग्यता प्राप्त निर्णायक, अधिकारीगण आदि अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे है। परमेश्वर प्रजापत सचिव राज्य संघ के अनुसार आज खेल के प्रथम दिन पुरुष व महिला आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स के सीनियर व जूनियर वर्ग की टीम प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी,जिसमें फ्लोर, वॉल्ट एवं पोमेल होर्स की प्रतिस्पर्धाएँ हुई।

## आईपीएल 2025 के घरेलू चरण की शुरुआत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स जयपुर पहुंचे



राजस्थान रॉयल्स की टीम आज आईपीएल 2025 के अपने घरेलू चरण से पहले जयपुर पहुंची, जहां एयरपोर्ट पर प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। शहर में उत्साह चरम पर था क्योंकि समर्थक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। रॉयल्स इस सीजन में सवाई मानसिंह स्टेडियम में पांच घरेलू मैच खेलने के लिए तैयार हैं, जिसकी शुरुआत 13 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से होगी।

## धीमी ओवर गति के लिए संजू पर लगा 24 लाख का जुर्माना



अहमदाबाद, 10 अप्रैल। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को खेले गये मैच में धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है। आरआर पर आईपीएल के इस सत्र में यह दूसरी बार धीमी ओवर गति के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत किसी कप्तान पर दूसरी बार ओवर-रेट का नियम तोड़ने पर 24 लाख का जुर्माना लगाया जाता है। इस सत्र से तीसरी गलती पर कप्तान को निलंबित नहीं किया जाएगा, केवल आर्थिक दंड तक ही सीमित रखा गया है। इस नियम के अनुसार मैच में खेलने वाले सभी ग्यारह खिलाड़ियों के अलावा इंपैक्ट प्लेयर भी शामिल है। इन को या तो छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना अदा करना होगा। उल्लेखनीय है कि आरआर की पहली ओवर-रेट गलती चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) के खिलाफ पिछले महीने हुई थी, जब संजू सैमसन अपनी उंगली की चोट के कारण बतौर इंपैक्ट प्लेयर खेले थे और रियान पराग टीम की कप्तानी कर रहे थे। उस मैच के बाद रियान पर 24 लाख का जुर्माना लगा था।

## दिल्ली कैपिटल्स ने लगाया जीत का चौका

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हराया



बेंगलुरु, 10 अप्रैल। गेंदबाजों के किफायती प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (नाबाद 93) की बेहतरीन विस्फोटक पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 24वें मुकाबले में 13 गेंदे शेष रहते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स की आईपीएल के इस सत्र में यह लगातार चौथी जीत है।

164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। फाफ डुप्लेसी (दो), जेक फ्रेजर-मक्गर्क (सात) और अभिषेक पोरेल (सात) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये केएल राहुल ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बनाये। कप्तान अक्षर पटेल (15) चौथे विकेट के रूप में आउट हुये।

केएल राहुल ने 49 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद 93) रनों की मैच विजयी पारी खेली। ट्रिस्टन स्टब्स ने 23 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 38) रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स ने 17.5 ओवर में चार विकेट पर 169 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने छक्का जड़ अपनी टीम को जीत दिलाई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार दो विकेट लिये।

यश दयाल और सुयश शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए फिल सॉल्ट और विराट कोहली की सलामी जोडी ने तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 61 रन जोडे। चौथे ओवर में विप्रज निगम और विकेटकीपर केएल राहुल ने फिल सॉल्ट को रनआउट कर दिया। फिल सॉल्ट ने 17 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (37)रनों की पारी खेली। छठे ओवर में मुकेश कुमार ने देवदत्त पड्डिक्कल (एक) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। सातवें ओवर में निगम ने विराट कोहली को आउटकर दिल्ली को तीसरी सफलता दिलाई।

## जयपुर के वुशू खिलाड़ी मुकेश ने वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीत रचा इतिहास



*जयपुर, 10 अप्रैल। अंतर्राष्ट्रीय वुशू महासंघ के तत्वावधान में दिनांक 06 से 10 अप्रेल 2025 तक जियांगियन, चीन में आयोजित हुई, 10वी वर्ल्ड कप वुशू प्रतियोगिता में जयपुर के मुकेश चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुये, स्वर्ण पदक जीत रचा इतिहास। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि 10वी वर्ल्ड कप वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस में इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत व महाराणा प्रताप अवार्डी मुकेश चौधरी ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में सेमी फ़ाइनल में फ्रांस के खिलाड़ी को ओर फाइनल में वर्ल्ड चैंपियन इटली के खिलाड़ी को हरा कर स्वर्ण पदक जीत इतिहास रचा। मुकेश चौधरी के कोच राजेश कुमार टेलर ने बताया की राजस्थान प्रदेश व देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, मुकेश चौधरी 2010 से राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् के वुशू कोच राजेश कुमार टेलर से चौगान स्टेडियम में कोचिंग ले रहे है। मुकेश ने अपनी इस उपलब्धि के श्रेय अपने माता पिता व अपने कोच राजेश कुमार टेलर को दिया। मुकेश चौधरी के स्वर्ण पदक जीतने पर भूपेन्द्र सिंह बाजवा, चेयरमैन, भारतीय वुशू संघ, जीतेन्द्र सिंह बाजवा, अध्यक्ष, भारतीय वुशू संघ, सुहेल अहमद, सीईओ, भारतीय वुशू संघ, विनोद सिंह शेखावत, मुख्यसंरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजाराम मील, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, भगवान सहाय जाटवा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, के. सी. घुमरिया, चेयरमैन, राजस्थान वुशू संघ, हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ, ममता वर्मा, महासचिव, राजस्थान वुशू संघ व सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।*

## अरावली क्लब व जहीरुल हसन क्लब जीते



जयपुर, 10 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए पूल ए के मैच में जहीरुल हसन क्रिकेट क्लब ने एस जे पब्लिक स्कूल को 58 रनों से हराया। तथा अरावली क्लब ने कौशिक क्रिकेट एकेडमी को 146 रनों से हराय। जी आर ग्राउंड पर पूल ए के मैच में ज़हीरुल हसन क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सियाराम चौधरी के 10 रन, रियांश भाटिया के 20 रन, आलोक गुर्जर के 24 रन, चंदन चौधरी के 38 रन व सूर्यांश बुढ़ानिया का 25 रन रनों से 42.5 ओवर में 161 रन बनाए। एस जे पब्लिक स्कूल के लिए निशांत शर्मा ने 34 पर 2, शुभम खंडेलवाल ने 32 पर 5, रिषभ ने 23 पर 2 विकेट, कुशल अग्रवाल ने 42 पर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में एस जे पब्लिक स्कूल की टीम आशीष शर्मा के 16 रन, निखिल शर्मा के 15 रन, शुभम खंडेलवाल के 17 रनों से 28.5 ओवर में 108 रन बनाकर आउट हो गई। जहीरुल हसन क्लब के लिए रुद्राक्ष परवाल ने 46 पर 4, कौश्तुब कटारिया ने 6 पर 3, प्रतीक चौधरी व चंदन चौधरी ने 1-1 विकेट लिए। दूसरे मैच में अरावली क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन भारद्वाज के 25 रन, जितेंद्र यादव के 25 रन, ओमांश शर्मा के 42 रन, देवेन्द्र शर्मा के 60 रन व हंसराज रोलानिया के 52 रनों से 50 ओवर में 9 विकेट पर 254 रन बनाए।

## धोनी बने सीएसके कप्तान, चोटिल ऋतुराज आईपीएल से हुए बाहर



चेन्नई, 10 अप्रैल। ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शेष मैचों से बाहर होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीकेएस) को रिकॉर्ड पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले महेन्द्र सिंह धोनी को गुरुवार शाम को टीम का फिर से कप्तान बनाया गया। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच से पहले मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी को टीम का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की। धोनी दो साल के अंतराल के बाद सीएसके टीम की कमान संभालेंगे। मौजूदा कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को पिछले मैच में चोट लगने के कारण वे आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। धोनी एक महत्वपूर्ण चरण में कप्तान के रूप में वापसी कर रहे हैं, क्योंकि मौजूदा आईपीएल के सत्र में सीएसके अपने पांच में से चार मैच हार चुकी हैं और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को बनाए रखने के लिए उन्हें आने वाले मैचों में सुधार की जरूरत है। धोनी कल घरेलू मैच में गत चैंपियन केकेआर के खिलाफ टीम की अगुआई करेंगे।

## लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में होगी 351 पदक स्पर्धाएं

जिनेवा, 10 अप्रैल। लॉस एंजिलस ओलंपिक 2028 में 351 पदक स्पर्धाएं आयोजित की जायेगी। जोकि पिछले पेरिस ओलंपिक की तुलना में 22 अधिक हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने बुधवार को लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए कार्यक्रम और एथलीट कोटा को मंजूरी दे दी है।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट के अलावा चार अन्य खेलों स्क्वैश, फ्लैग फुटबॉल, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल और लैक्रोस भी शामिल हैं। आईओसी ने कहा कि सभी टीम खेलों में महिला और पुरुषों की टीमों के बराबर होंगी, जो कि ओलंपिक इतिहास में पहली बार है। आईओसी ने कहा कि एथलीट कोटा और स्पर्धाओं की संख्या तय करते समय लैंगिक समानता को ध्यान में रखा गया। प्रारंभिक खेल कार्यक्रम में, महिला एथलीटों की संख्या 5,333 और पुरुष एथलीटों की संख्या 5,167 है। इस ओलंपिक में तीरंदाजी, एथलेटिक्स (4 गुणा100 मीटर मिश्रित रिले), गोल्फ, जिम्नास्टिक, नौकायन तटीय समुद्र तट स्प्रिंट और टेबल टेनिस में मिश्रित स्पर्धाओं का भी किया गया है। तैराकी में, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, बटरफ्लाई और ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धाओं में पुरुष और महिला दोनों ही स्पर्धाएँ होंगी।

नौकायन में महिला एकल (सीडब्ल्यू1एक्स), पुरुष एकल (सीएम1एक्स) और मिश्रित युगल स्कल्स (सीएक्स2एक्स) तटीय समुद्र तट स्प्रिंट में अपनी शुरुआत करेंगे। बास्केटबॉल 3गुणा 3 में, भाग लेने वाली टीमों को प्रत्येक वर्ग में आठ से बढ़ाकर 12 टीमें कर दिया गया है।

## राजस्थान की हैप्पी कुमारी बीसीसीआई महिला अंडर-19 प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित



जयपुर, 10 अप्रैल। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान की युवा अंडर 19 महिला खिलाडी हैप्पी कुमारी का चयन बीसीसीआई महिला चयन कमेटी ने आगामी 21 अप्रैल से 15 मई 2025 के दौरान बेंगलोर शिविर सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के विशेष हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण के लिए किया है।

बीसीसीआई द्वारा आगामी घरेलुक्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों की प्रतिभा को ओरअधिक सुदृढ़ करने हेतु सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों पर सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

राष्ट्रिय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा खिलाडियोंको राजस्थान क्रिकेट संघ ने हैप्पी कुमारी को दिनांक 25 मार्च 2025 को महिला अंडर 19 आयु वर्ग में आरसीए एप्रिशियेशन अवार्ड देकर सम्मानित किया था। राजस्थान की हैप्पी कुमारी को बेंगलोर के स्थित नए स्थापित सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस सेंटर में विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। चयनित खिलाडी को दिनांक 20 अप्रैल को अपने प्रशिक्षण केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा।

## बांग्लादेश की महिला टीम ने थाईलैंड को 178 रन से हराया




लाहौर, 10 अप्रैल। कप्तान निगार सुल्ताना (101) और शर्मिन अख्तर (नाबाद 94) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून ( पांच-पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश की महिला टीम ने गुरुवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्लीफायर मुकाबले में थाईलैंड को 178 रनों से हरा दिया हैं। 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड के बल्लेबाज बंगलादेश जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून के गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर सके और उनकी पूरी टीम 28.5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर ढ़ेर हो गई।

थाईलैंड के लिए चानिदा सुथिरुआंग ने सर्वाधिक 22 रनों की पारी खेली। नट्टया बूचथम (17) और नारुएमोल चाइवाई (15) रन बनाकर आउट हुई। थाईलैंड के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश की ओर से जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून ने पांच-पांच विकेट लिये। इससे पहले आज यहां थाईलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 के स्कोर पर इश्मा तंजीम (आठ) का विकेट गवां दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी शर्मिन अख्तर ने फरगाना हॉक के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। 28वें ओवर में ओनिचा कामचोम्फु ने फरगाना हॉक (53) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान निगार सुल्ताना ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने शर्मिन अख्तर के साथ तीसरे विकेट के लिए 152 रन जोड़े।

## वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अगले दौर में



जयपुर, 10 अप्रैल। ओ एन दिक्षित मेमोरियल सोसायटी द्वारा आयोजित एम टी 400 वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टूर चैंपियनशिप के डायरेक्टर पंकज दीक्षित ने बताया कि आज देर रात तक सभी प्रीक्वार्टर फाइनल के मैच खेल जाएंगे तथा क्वार्टर फाइनल के मैच कल होंगे सुबह प्रतियोगिता शुरू होते ही पंकज दीक्षित ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका स्वागत किया सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपने अगले दौर में पहुंच गए हैं उन्होंने बताया इस प्रतियोगिता के मुख्य स्पॉन्सर मोती संस ज्वैलर्स है। आज खेले गए एक प्रमुख मैच में जयपुर केजाने-माने टेनिस प्लेयर दिलीप शिवपुरी ने जगत सिंह राठौड़ को 6-3, 6-1 से परास्त किया तथा शेष मैचो के रिजल्ट निम्न है।

**75 आयु वर्ग :** गोविंद कृष्ण कुमार ने कर्नल राकेश भंडारी को 6-2, 6-2 से, शैलेंद्र खंडेलवाल को 6-3, 4-6, 10-2 से, धवल पटेल ने दर्शन लाल मारिया को 6-2, 6-2 से, सुरेश कुमार बाजोरिया ने कर्नल भीम सिंह को 6-1, 6-2 से हराया।

**70 आयु वर्ग :** दिलीप शिवपुरी ने जगत सिंह राठौड़ को 6-3, 6-1 से ए जे एस चटवाल ने थुलसी रामू को से हराया।

**65 आयु वर्ग :** अजय तलवार ने भाग नंद नेगी को 6-3, 6-2 से, योगेश शाह ने कर्नल सुनील पांडे को 6-0, 7-6(3) से, अनिल निगम ने प्रमोद दीक्षित को 6-3, 6-3 से,

**60 आयु वर्ग:** दीपांकर चक्रवर्ती ने दिनेश कुमार फुलवारिया को 6-3, 6-0 से परेश पटेल ने गौरी शंकर सैनी को 6-2, 7-5 से, चंद्र भूषण ने शशि भूषण को 6-3, 7-6(4) से, अनिल निगम ने प्रमोद दीक्षित को 6-2, 6-4 से, शिरीष नंदुरीकर ने शरद तक को 6-2, 6-4 से, अनिल कुमार ने सुभाष चंद्र शर्मा को 6-3, 6-1 से यसपाल अरोड़ा ने देव शंकर मिश्रा 6-4, 6-3 से हराया।

## ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब ने सनराइज फुटबाल क्लब को 1-0 से हराया




जयपुर, 10 अप्रैल। ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड गाड़ोता, रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड और जेरथी सीकर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 4 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया। सभी 110 मैचों को होम अवे के सिद्धांत से खेले जाएंगे। अभी तक 13 मैच खेले जा चुके है।

**प्रथम मैच :** में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और सनराइज फुटबाल क्लब के बीच खेले गए रोमान्च मैच में करण को मिली फ्री कीक से ब्रदर्स यूनाइटेड ने मैच में 1-0 से जीता।

**दूसरा मैच** राजस्थान राइजिंग फुटबाल क्लब और ए एस ल फुटबाल क्लब के बीच खेला गया राजस्थान राइजिंग क्लब ने मैच 2-1से जीता। आज रॉयल फुटबाल क्लब के मैदान में खेले गए मैच

**तीसरा मैच :** रॉयल फुटबॉल क्लब और रीयल जयपुर फुटबाल क्लब जयपुर के बीच खेला गया रॉयल क्लब ने मैच 3-1 से जीता। आज जेरथी सीकर के मैदान खेले गए मैच

**चौथे मैच :** जयपुर एलिट फुटबाल क्लब ने जयपुर राइजिंग फुटबाल क्लब को 5-1 से पराजीत किया। आगामी फुटबाल लीग के मैच 12 अप्रैल को खेले जाएंगे।

# 'जनता पानी के लिये परेशान हुई तो जिम्मेदार अफसरों की खैर नहीं'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने बढ़ती गर्मी में पेयजल सप्लाई की मैराथन बैठक ली

जयपुर, 10 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने, तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी के बाद, पेयजल की मांग और उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरुवार दोपहर मुख्यमंत्री निवास पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी में जनता को अगर पानी के लिए परेशान होना पड़ा, तो जिम्मेदार अफसरों की खैर नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ी है, ऐसे में आमजन को बढ़ी हुई मांग के अनुसार पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलैक्टर कन्टिन्जैंसी प्लान के अनुसार पेयजल प्रबंधन स्वयं की देखरेख में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहरी के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की किसी तरह की किल्लत नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अंतिम छोर के उपभोक्ताओं को भी पेयजल की कोई दिक्कत नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पीएचईडी के फील्ड अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहें और बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ें।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी में पेयजल की मांग और उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि गर्मी में जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ा, तो जिम्मेदारों की खैर नहीं।*

- **सभी कलैक्टरों को कन्टिन्जैंसी प्लान के अनुसार, पेयजल प्रबंधन स्वयं की देखरेख में सुनिश्चित करने व शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की किल्लत नहीं होने देने के निर्देश दिये।**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए नए हैण्डपम्प, नलकूप लगाने, पुराने हैण्डपम्प, नलकूपों की मरम्मत, पाइपलाइनों को दुरस्त करने सहित, पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के सभी कार्य 15 मई से पहले हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए जिला कलैक्टरों को एक-एक करोड़ रुपए का अनटाइड फंड उपलब्ध करवाया गया है।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (पीएचईडी) भास्कर ए. सावंत ने बताया कि विभाग की वृहद् परियोजनाओं में कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध तरीके से इनके कार्य करवाए जा रहे हैं।

## 'बाल आयोग ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में कहा गया कि आयोग अध्यक्ष का कार्यभार किसी आईएएस अधिकारी को देने का कोई प्रावधान ही नहीं है। विभाग की साल 2010 की अधिसूचना के तहत यदि अध्यक्ष का पद खाली होता है तो उसका कार्यभार आयोग के वरिष्ठ सदस्य को दिया जाता है। याचिकाकर्ता की ओर से इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई, लेकिन उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं आईएएस कुलदीप रांका को बिना किसी प्रावधान अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता आयोग की वरिष्ठ सदस्य हैं।

## 'मोदी सरकार बेवजह झूठी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चार्जशीट राणा सहित 9 आरोपियों के खिलाफ दायर की गई थी। स्पेशल एनआइए कोर्ट ने दिल्ली में गैर जमानती वॉरंट जारी किए और इंटरपोल से फरार अपराधियों की गिरफ्तारी में मदद मांगी गई।

पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि यह सारी कवायद शांति से हो रही कानूनी कूटनीति थी न कि मीडिया स्टंट। वर्ष 2012 में विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और विदेश सचिव रंजन मथाई ने अमेरिका की तत्कालीन विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन व अंडर सैक्रेटरी वैंडी शरमन के समक्ष तहव्वुर राणा और हेडली का मुद्दा उठाया। जनवरी 2013 में हेडली को 35 साल की जेल हो गई और राणा को पहले ही जेल हो चुकी थी। भारत ने जोरदार तरीके से हेडली के प्रत्यर्पण की मांग उठाई। यूपीए सरकार ने उसकी सजा पर निराशा जताई।

अमेरिका में भारत की राजदूत निरुपमा राव लगातार यह मुद्दा उठाती रहीं। वर्ष 2015 में हेडली 26/11 केस में गवाह बन गया। वर्ष 2016 में मुम्बई कोर्ट ने उसे पूर्ण सहयोग की शर्त पर माफी दे दी, जिससे जैबुद्दीन अंसारी (अबु जुंडाल) के खिलाफ केस तैयार करने में मदद मिली।

दिसम्बर 2018 में, कानूनी बाधाओं के समाधान के लिये, एक टीम अमेरिका गई थी तथा जनवरी 2019 में एक बार फिर कहा गया था कि राणाको अपनी पूरी सजा अमेरिका में ही काटनी होगी। सजा में गुजरे समय को ध्यान में रखते हुये, उसकी रिहाई 2023 में तय हुई थी। ये "स्ट्राँग लीडर" क्षण नहीं, बल्कि न्याय के मंद गति से चलने वाले पहिये हैं, जो सालों की मेहनत से आगे बढ़ते हैं। चिदम्बरम को यह बात समझाने में काफी कष्ट उठाना पड़ा।

उन्होंने कहा, जून 2020 में, स्वास्थ्य कारणों से हुई राणा की रिहाई के बाद, भारत सरकार ने उसकी गिरफ्तारी का आग्रह किया। बाइडन सरकार ने उसके प्रत्यर्पण का समर्थन किया। मई, 2023 में, अमेरिकन अदालत ने "अमेरिका-भारत प्रत्यर्पण समझौते" के तहत, उसका प्रत्यर्पण प्रमाणित कर दिया। राणा ने अपील की और कई याचिकाएं दायर कीं, जिनमें बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका भी शामिल थी, और अंत में, दोहरी जोखिम का हवाला देते हुये, एक रिट याचिका अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट में लगाई। उसकी सारी याचिकाएँ खारिज कर दी गईं। अंतिम इनकार, डॉनल्ड ट्रम्प के शपथ-ग्रहण समारोह के एक दिन बाद, 21 जनवरी, 2025 को किया गया।

फरवरी 2005 में, प्रधानमंत्री मोदी तथा राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में एक साथ खड़े होकर, उस चीज का श्रेय लेने की कोशिश की, जो मूलतः यूपीए काल के कई सालों के ग्राउन्ड वर्क का परिणाम था। भारतीय अधिकारियों ने 17 फरवरी तक 26/11 के षडयंत्र में राणा की भूमिका की पुष्टि कर दी थी। यह पुष्टि काफी पहले, 2005 में ही कर दी गई थी। जब वह एलईटी तथा आईएसआई के सदस्यों के बीच समन्वय का कार्य कर रहा था। अन्त में, 8 अप्रैल 2025 को, अमेरिकन अधिकारियों ने राणा को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया। वह 10 अप्रैल को नई दिल्ली आ गया।

तथ्य स्पष्ट होने ही चाहिये- मोदी सरकार ने इस प्रक्रिया की पहल नहीं की, न ही इसने कोई नया ब्रेक थ्रू ही किया। इसने तो केवल यूपीए-काल में शुरु की गई परिपक्व, सतत एवं रणनैतिक कूटनीति का लाभ लिया। यह प्रत्यर्पण किसी "ग्रान्ड स्टैन्डिंग" का परिणाम नहीं है। यह तो एक ऐसा विधान है, जिसे भारत सरकार प्राप्त कर सकती है, जब कूटनीति, विधि-प्रवर्तन (लॉ एनफोर्समैंट) तथा अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की दिशा में पूरी नेकनीयती से आगे बढ़ा जाता है तथा इसमें अपनी पीठ थपथपाने जैसे कोई चीज नहीं होती। तथ्यों को आम जनता तक पहुँचाते हुये, यह बयान समाप्त हुआ।

## क्या टैरिफ वॉर के कारण भारत को...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके, जो कि "मेक इन इण्डिया" पहल के अनुरुप होगा।

वैश्विक व्यापार में हो रहे बदलाव कृषि और श्रम कानूनों में भी सुधार को गति दे सकते हैं, जिन्हें भारत में अक्सर द्वितीय पीढ़ी के सुधारों के रुप में देखा जाता है। इन क्षेत्रों में नए दबावों से निपटने के लिए, भारत लचीले श्रम कानूनों और कृषि आपूर्ति शृंखलाओं में सुधार ला सकता है, जिससे किसानों को वैश्विक बाज़ारों से बेहतर तरीके से जुड़ने का अवसर मिले और अक्षम व्यवस्थाओं को कम किया जा सके।

ट्रेड का बदलता परिदृश्य भारत को डिजिटाइज़ेशन और टैक्नोलॉजिकल इनोवेशन (नवाचार) पर भी ध्यान केन्द्रित करने को प्रेरित कर सकता है।

इस क्षेत्र में द्वितीय पीढ़ी के सुधारों में, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाना, ई-कॉमर्स रैगुलेशन्स को सरल करना और आर्टिफिशल इन्टैलिजैंस (ए.आई.) तथा ऑटोमेशन में निवेश आदि शामिल हो सकते हैं। इससे भारत को ग्लोबल टैक्नोलॉजिकल सैंटर के रुप में स्थापित होने में मदद मिलेगी, विशेषकर, यदि पारंपरिक निर्माण उद्योग अमेरिका में अधिक टैरिफ का सामना करते हैं।

इसके अलावा, भारत शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों में सुधार करके मानव संसाधन को भी मजबूत बना सकता है। द्वितीय पीढ़ी के सुधारों में व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्टैम (साइन्स, टैक्नॉलजी, इंजीनियरिंग एण्ड मैथमैटिक्स) शिक्षा में निवेश, और वैश्विक प्रतिभा को आकर्षित करने वाली नीतियाँ शामिल हो सकती हैं। ये सुधार टैक्नॉलजी और हरित ऊर्जा जैसे उभरते उद्योगों में भारत को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिला सकते हैं।

नई टैरिफ नीति भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संतुलन को भी प्रभावित कर सकती है, और इसके जवाब में भारत विदेशी निवेश और टैक्नॉलजी ट्रांसफर को आकर्षित करने वाले सुधार लागू कर सकता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में बाधाओं को दूर करके और निवेश-अनुकूल वातावरण बनाकर, भारत वैश्विक व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी बना रह सकता है।

तथापि, भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में बदलाव के साथ तालमेल बिठाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अगर भारत अपने उद्योगों को सशक्त बनाना चाहता है, उसे एक ऐसे वैश्विक परिदृश्य में प्रतिस्पर्धी बने रहना होगा, जहाँ "ट्रेडिशनल ट्रेड पैटर्न" बदल रहे हैं। इसके अलावा, द्वितीय पीढ़ी के सुधारों की गति को राजनीतिक और नौकरशाही शक्तियों से भी विरोध झेलना पड़ सकता है, विशेषकर कृषि, श्रम और भूमि सुधारों जैसे क्षेत्रों में। अमेरिका की शुल्क नीति से उत्पन्न व्यापक वैश्विक आर्थिक अस्थिरता भी भारत के लिए जोखिम पैदा कर सकती है, जिससे सावधानी से निपटना होगा।

इस प्रकार, अमेरिका की नई शुल्क नीति भारत को द्वितीय पीढ़ी के सुधारों को तेज करने के लिए प्रेरित कर सकती है, विशेषकर उन क्षेत्रों में, जो घरेलू प्रतिस्पर्धा को बढ़ाते हैं। इसके साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार, और व्यापारिक साझेदारियों में विविधता लाने में सहायक हो सकती है। भारत की प्रतिक्रिया रणनीतिक सुधारों का एक मिश्रण हो सकती है, जैसे निर्माण, कृषि, श्रम कानून और व्यापार नीतियां, जो वैश्विक व्यापार परिवर्तनों के प्रति अर्थव्यवस्था को अधिक लचीला बना देंगी। ये सुधार भारत के, 21 वीं सदी में वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के, दीर्घकालिक लक्ष्य के अनुरुप होंगे।

## गृह मंत्री ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

यह थी कि अन्नामलाई के साथ काम करना उसके लिये मुश्किल होगा तथा वह राज्य भाजपा के अध्यक्ष के रुप में अन्नामलाई के अलावा, किसी अन्य नेता के साथ डील करना पसंद करेगी।

चूँकि अब अन्नामलाई अध्यक्ष पद छोड़ रहे हैं, इस महत्वपूर्ण पद के लिये अन्य नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। इस पद की दौड़ में विधायक नैनार नागेन्द्रन काफी आगे हैं, लेकिन अभी उन्हें पार्टी में आये 10 वर्ष नहीं हुये हैं, जबकि पार्टी नियमों के अनुसार, इस पद के लिये यह भी एक शर्त है। जयललिता तथा पन्नीर सेल्वम सरकारों में मंत्री रह चुके नागेन्द्रन, इस समय विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता हैं।

इस दौड़ में कोयम्बटूर दक्षिण की विधायक वनन्ती श्रीनिवासन, जो एक प्रतिष्ठित वकील भी हैं, भी शामिल हैं। वे इस समय भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं तथा 2022 से पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की सदस्य भी हैं। उनका नाम उस समय विशेष रुप से उभरकर सामने आया था, जब उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनावों में जाने -माने अभिनेता कमल हासन को हराया था।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के पूर्व अध्यक्ष तमिलिसाई सौंदरराजन तथा केन्द्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी इस दौड़ में शामिल हैं। मुरुगन भी पहले राज्य भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं।

## विश्व सदमे में है, पहले अमेरिका...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नहीं था, यानी, अमेरिकी सरकार वित्तीय बाज़ार से ऋण जुटाने में असफल हो रही थी।

जैसा कि सर्वविदित है, दुनिया भर की सरकारें अपने बकाया ऋणों का भुगतान वास्तव में कभी नहीं करतीं, वे केवल नया ऋण लेकर पुराने ऋण का भुगतान करती हैं। इस फंड की इस गतिविधि के बिना सरकारें ठप पड़ जाएँगी।

टैरिफ के कारण वित्तीय बाज़ारों में मची खलबली ने इस संभावना को जन्म दिया कि ट्रेज़री मार्केट पूरी तरह से ठप्प हो सकता है। इस संभावना को देखकर ट्रंप को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने तुरंत अपनी टैरिफ योजना को स्थगित करने का आदेश दिया। अमेरिकी बॉन्ड मार्केट की स्थिति ही कारण वह बनी, जिसने ट्रंप को पूरी तरह से अपने निर्णय को पलटने के लिए मजबूर किया।

दूसरी ओर, एक और बड़ा कारण यह था कि फोन की घंटियों की बाढ़ आ गई थी- यानी व्यापारिक अधिकारियों और उद्योगपतियों के फोन कॉल्स की भरमार थी, जो इस नीति को लेकर अपनी चिंता व्यक्त कर रहे थे।

इन कॉल्स के जरिए अमेरिकी उद्योग और व्यापार जगत के नेता ट्रंप को इस नीति को आगे न बढ़ाने की सलाह दे रहे थे।

इनमें प्रमुख आवाज़ थी जेपी मॉर्गन इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रमुख जैमी डिमोन की, जिन्होंने अपने वार्षिक पत्र में बैंक के शेयरधारकों को बहुत संयमित रुप में आगाह किया कि अमेरिका "नींद में चलते हुए मंदी की ओर बढ़ रहा है।"

ऐसे और भी कई लोगों ने इस संभावना की ओर इशारा किया था, जिनमें प्रमुख अर्थशास्त्री और पूर्व ट्रेजरी सचिव लैरी समर्स भी शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप के आर्थिक पैकेज के बाद मंदी आने की भविष्यवाणी की थी।

"मंदी" शब्द अमेरिका के लिए डरावना है। इसका मतलब होता है- रोजगार और आय की हानि, बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी और वित्तीय बाज़ारों में उथल-पुथल। ये वही भयावह आर्थिक स्थितियाँ हैं, जो 1930 के दशक की महामंदी से जानी जाती हैं।

यहाँ तक कि ट्रंप के कुछ करीबी सहयोगी और समर्थक भी यह मानने लगे थे कि अमेरिका मंदी की ओर बढ़ रहा है, और एक बार यह शुरु हो गई तो कोई नहीं जानता कि यह कब और कहाँ जाकर रुकेगी।

इसके अलावा, कुछ शुरुआती परिणाम भी दिखने लगे थे। तेल की कीमतें गिर गई थीं और अमेरिका तेल का प्रमुख निर्यातक है। तेल और गैस उद्योग अमेरिकी अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। चीन को अमेरिका से तेल का निर्यात लगभग रुक चुका था, जिससे बाज़ार में अधिशेष (ग्लट) की स्थिति बन सकती थी।

कुल मिलाकर, डॉनल्ड ट्रंप की छवि को सीधा नुकसान हुआ है और वे अब अपनी हार के ज़ख्म सहला रहे हैं, हालांकि वे यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि सब कुछ उनकी योजना का हिस्सा था। घमंड का बुरा अंजाम।




**राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा ।** आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालयः-**पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालयः-**कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालयः-**आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 **अजमेर कार्यालयः-**घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालयः** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908